संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 05 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 93 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

लालू के जंगलराज से निकला बिहार: मोदी

= नौकरी के नाम पर गरीबों की जमीन ले लेते थे, रोड नहीं बनने देते थे: पीएम मोदी

साधा निशाना

8 यह घमंडिया गठबंधन की सरकार होती तो क्या आपके खाते में सीधे पैसे भेजने की योजना बनती क्या?

टीम एक्शन इंडिया

पटना: "**आज** बिहार के 85 लाख से ज्यादा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जमुई में ही किसानों को इस योजना के तहत 850 करोड़ रुपये से अधिक उनके बैंक खाते में पहुंचे हैं। यह घमंडिया गठबंधन की सरकार होती तो क्या आपके खाते में सीधे पैसे भेजने की योजना बनती क्या? यह लोग आपके पैसे लूट लेते और आपसे हस्ताक्षर करवा लेते कि पैसा मिल गया है। एक-दूसरे को जेल में बंद करने की मांग करने वाले आपको डरा रहे हैं कि मोदी आया....! भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें, यह मोदी नहीं आया। 140 करोड़ देशवासियों का गुस्सा निकल कर आया है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन शब्दों के साथ राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव को सीधा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनके समय गरीबों को नौकरी देने के नाम पर जमीन लिखवा ली जाती थी। नीतीश जी भी रेल मंत्री थे, उनपर तो कभी ऐसा दाग नहीं लगा। जिनकी पहचान अपहरण उद्योग की रही, वह सड़क नहीं बनने देते थे। वह बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं, जबकि हम नीतीश कुमार के साथ रहकर बिहार में सड़क और हाइवे बना रहे हैं।

जंगलराज से राम मंदिर तक की बात की: प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में जंगलराज से लेकर राम मंदिर तक की बात की। उन्होंने कहा कि जंगलराज में बेटियां बाहर नहीं निकल पाती थीं। उठा ली जाती थीं। कुछ भी अच्छा नहीं होने दिया जाता था। अपहरण ही उद्योग था।

संदेशखाली को लेकर ममता पर बरसे पीएम

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाता: बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर आज पीएम मोदी ने ममता सरकार पर हमला बोला है। बंगाल के कूच बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में बीजेपी ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है।

टीएमसी सरकार संदेशखाली के गुनहगारों के साथ: पीएम ने आगे कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। उन्होंने कहा कि संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचार की पराकाष्ठा है।

दुनिया बोल रही... मोदी कड़े और बड़े फैसले लेने वाला नेता: रैली में पीएम ने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश में सात दशक तक लोगों ने केंद्र सरकार में सिर्फ कांग्रेस का मॉडल देखा। अब पहली बार देश ने बीते 10 साल में पूर्ण बहुमत वाली बीजेपी सरकार का विकास मॉडल देखा है। आज दुनिया कहती है कि मोदी मजबूत नेता है, मोदी कड़े और बड़े फैसले लेने वाला नेता है।

ममता को इस कारण दिया धन्यवाद: पीएम ने इस बीच ममता बनर्जी पर कटाक्ष भी किया। पीएम ने कहा, मैं ममता दीदी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि 2019 में जब मैं यहां आया तो उन्होंने मेरी रैली में बाधा उत्पन्न की। मैंने उनसे कहा था कि जनता मेरा बदला लेगी, लेकिन आज उन्होंने ऐसा कुछ करने की कोशिश नहीं की और मुझे आप लोगों से मिलने दिया।

10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर: मोदी

उत्तर बंगाल के कूचबिहार के रासमेलार मैदान में सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बांग्ला में कहा कि आमी बोली भ्रष्टाचार हाटाओ, ओरा बोले भ्रष्टाचारी बाचाओ (मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ)। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर है। अभी तो मुझे बहुत काम करना है। हिंदुस्तान के हर इलाके में विकास हुआ। हर परिवार तक उसका लाभ पहुंचा। पीएम ने कहा कि बंगाल के लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा, क्योंकि मोदी ने इसकी गारंटी दी थी। यहां के 40 लाख लोगों को पक्का मकान मिला, क्योंकि यह मोदी की गारंटी थी। दस साल में जो विकास हुआ, उसकी लंबी लिस्ट है। मेरे विरोधी कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। अरे, मोदी के लिए तो मेरा भारत मेरा परिवार है। आप मुझे बताइए कि आप मेरा परिवार हैं कि नहीं। मोदी ने बांग्ला में कहा कि आमार भारत आमार परिवार।

'अब बिहार में दंगे नहीं होते, इसलिए भटकना नहीं: सीएम

टीम एक्शन इंडिया

पटना: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज करने जमुई पहुंचे। इस मौके पर वहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चिराग पासवान के साथ साथ कई बड़े बड़े चेहरे भी वहां मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल पर जमकर हमला किये। उन्होंने राजद सरकार के जमाने को भी याद कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उस समय कितने दंगे होते थे, याद कीजिए। उन्होंने 2005 के पहले के बिहार की याद दिलाई और आह्वान किया कि 2024 के चुनाव में एनडीए को हर सीट पर जिताएं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर को आपने भारत रत्न दे दिया। इसके लिए हमलोग लगातार मांग कर रहे थे। मैं आपका स्वागत करता हूं। 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकल पाता था। आज वह लोग बहुत बातें कर रहे हैं। 15 साल तक उनलोगों को मौका मिला लेकिन क्या किया। 2005 के बाद हमलोग आए तो शाम और रात में लड़का और लड़की घर से बाहर निकालते हैं। तेजस्वी पर निशाना साधते हुए कहा कि हमलोगों के काम को अपना काम बता रहा है। हम कुछ दिन के लिए साथ क्या गए सारे काम को अपना बताने लगा। अब हम हमेशा के लिए इधर (एनडीए) आ गए हैं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने कितना काम किया। 2005 से पहले हिन्दू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। मुस्लिम समुदाय से अपील है कि भूलियेगा मत। हमलोग झगड़ा नहीं होने देंगे। फिर उनलोगों को वोट दीजिएगा तो झगड़ा शुरू करवा देगा।

'चिराग पासवान रामविलास के विचारों को पूरी गंभीरता से आगे बढ़ा रहे'

टीम एक्शन इंडिया

जमुई/पटना: जमुई के खैरा प्रखंड स्थित बल्लोपुर की धरा से गुरुवार को बिहार में चुनावी शंखनाद करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान चिराग पासवान को छोटा भाई कहा। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री को याद किया और कहा कि पहला चुनाव है कि बिहार के बेटे गरीबों व दलितों के मसीहा रामविलास पासवान हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन संतोष है कि पुत्र और मेरे छोटे भाई चिराग पासवान रामविलास जी के विचारों को पूरी

गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं। सभा में पहुंची भीड़ से मोदी ने कहा कि आपका एक-एक वोट रामविलास जी के संकल्प को मजबूती देगा। चिराग पासवान ने भी एक्स अकाउंट पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, जमुई की पावन और ऐतिहासिक धरा पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाल जनसभा को संबोधित किया और ढऊ्र प्रत्याशी अरुण भारती को जिताने की अपील की। उन्होंने आगे लिखा- मैंने भी प्रधानमंत्री जी के साथ मंच साझा किया। ये हमारे लिए भावनात्मक पल था, क्योंकि पिछली बार साल 2019 में जब प्रधानमंत्री जी जमुई आए थे तो मेरे नेता और पिता श्रद्धेय रामविलास पासवान जी भी मौजूद थे।

आदर्श विचार

"जो होने वाला हैं वो होकर ही रहता है, और जो नहीं होने वाला वह कभी नहीं होता।"
-भागवद गीता

मन की बात

"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है।"
-स्वामी विवेकानंद

तीसरी आंख

चंद्रशेखर को मिली गोली मारने की धमकी

टीम एक्शन इंडिया

सहारनपुर: उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भीम आर्मी प्रमुख एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर को गोली मारने की धमकी दी गई है। मामले की शिकायत लेकर आसपा जिला अध्यक्ष करणवीर सिंहशाहिद के दर्शन कार्यकर्ता एसपी से मिलने पुलिस लाइन पहुंचे।

सीएम केजरीवाल का आप विधायकों को संदेश

पत्र से संदेश

8 मैं जेल में हूं इस वजह से मेरे किसी दिल्लीवासी को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए: सुनीता

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने उनका जेल से भेजा हुआ संदेश पढ़कर सुनाया। सुनीता ने जेल से भेजा गया पत्र पढ़ते हुए कहा कि आपके केजरीवाल ने जेल से सभी विधायकों के लिए संदेश भेजा। सुनीता ने बताया कि सीएम केजरीवाल ने कहा, मैं जेल

में हूं इस वजह से मेरे किसी दिल्लीवासी को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए। सभी विधायक हर दिन अपनी विधानसभा में जाएं और इलाकों का दौरा करें। लोगों की समस्याओं का हल करें। मैं केवल सरकारी विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की बात नहीं कर रहा, हमें लोगों की बाकी समस्याएं भी दूर करनी हैं। दिल्ली की दो करोड़ जनता मेरा परिवार है। उन्होंने कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।'उधर, जेल से बाहर आने के बाद आप सांसद संजय सिंह अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुख्यमंत्री आवास पर मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने मुलाकात की। आप सांसद की रिहाई पर खुशी जताते हुए सुनीता ने कहा है कि जल्द ही सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को भी न्याय मिलेगा। राज्यसभा सांसद संजय सिंह तिहाड़ जेल से 181 दिन बाद बाहर आ गए। उन्हें बुधवार रात साढ़े आठ बजे रिहा किया गया। शाम को अदालत का आदेश जेल प्रशासन को प्राप्त हुआ और करीब एक घंटे की कागजी कार्रवाई के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

राष्ट्रपति ने लॉन्च की पहली स्वदेशी कारटीसेल थेरेपी

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: कैंसर वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, जिसका जोखिम साल-दर साल बढ़ता देखा जा रहा है। पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कैंसर के इलाज के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सीएआर टी-सेल थेरेपी की शुरूआत की। आईआईटी बॉम्बे और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन-आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के कैंसर को ठीक करने में मदद करेगी।

गुलाम कश्मीर पर भारत का रुख किसी एक पक्ष का नहीं: एस. जयशंकर

टीम एक्शन इंडिया

तिरुवनंतपुरम: विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत के रुख की पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला 'गुलाम कश्मीर' भारत का अभिन्न अंग है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि 'गुलाम कश्मीर' पर भारत का यह रुख किसी एक पक्ष का नहीं बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को लेकर मुख्य चिंता आतंकवाद को लेकर है, और अगर कुछ भी अनियंत्रित हुआ तो उसका कड़ा जवाब दिया

जाएगा। जयशंकर ने गुरुवार को तिरुवनंतपुरम में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "गुलाम कश्मीर के मुद्दे पर एक राष्ट्रीय स्थिति है न कि पार्टी की स्थिति। भारत की संसद ने एकजुट रुख अपनाया है और देश के हर राजनीतिक दल ने उस रुख का समर्थन किया है। हम यह कभी स्वीकार नहीं करेंगे कि गुलाम कश्मीर इसका हिस्सा नहीं है। भारत का यह एकजुट रुख है, यह हमारा रुख है।" उन्होंने कहा, "पाकिस्तान के लिए केंद्रीय मुद्दा आतंकवाद है और आतंकवाद के मुद्दे पर हम एक पार्टी और सरकार के रूप में बहुत स्पष्ट हैं कि हम आतंकवाद को नजरअंदाज नहीं करेंगे और जब आतंकवाद होगा तो नजरें नहीं फेरेंगे।

नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का हुआ सफल परीक्षण

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: सामरिक बल कमान ने डीआरडीओ के साथ मिलकर कल (बुधवार) शाम लगभग 7:00 बजे ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया।

रक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षण की पुष्टि की। इस लॉन्च के मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटजिक फोर्सेज कमांड के प्रमुख और डीआरडीओ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, एसएफसी और सशस्त्र बलों को बधाई दी है।

कांग्रेस में इस्तीफों की लगी झड़ी, संजय निरुपम का इस्तीफा

टीम एक्शन इंडिया

मुंबई: पूर्व सांसद संजय निरुपम ने गुरुवार को पार्टी से निकाले जाने को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर कटाक्ष किया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी ने ऐसा उनकी ओर से अपना इस्तीफा भेजने के बाद किया गया। पार्टी को कार्रवाई के लिए ए-4 साइज का पेपर बर्बाद करने की जरूरत नहीं थी। इससे पहले अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों की शिकायतों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार देर शाम निरुपम को तत्काल प्रभाव से छह साल के

लिए पार्टी से निष्कासित करने का फैसला किया था। इसके बाद गुरुवार सुबह मुंबई कांग्रेस के पूर्व प्रमुख निरुपम ने एक्स पर कहा, 'ऐसा लगता है कि कल रात मेरा इस्तीफा पत्र मिलने के तुरंत बाद

पार्टी पर तंज

8 कांग्रेस से इस्तीफे के बाद निष्कासन, बेवजह ए-4 साइज पेपर बर्बाद किया: संजय निरूपम

उन्होंने मेरा निष्कासन जारी करने का फैसला किया। ऐसी तत्परता देखकर अच्छा लगा। इससे पहले खरगे को लिखे पत्र में निरुपम ने कहा था कि मैंने आखिरकार आपकी बहुप्रतीक्षित इच्छा को पूरा करने का फैसला किया है। मैं एलान करता हूं कि मैं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

संजय निरुपम ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर कांग्रेस को घेरा: संजय निरुपम ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर कांग्रेस आलाकमान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैंने कल एक घोषणा की और लगभग 10:40 बजे मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेज दिया। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बिखरी हुई पार्टी है।

'अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा'

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: अरुणाचल प्रदेश में 30 स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास को भारत सरकार सिरे से खारिज कर चुकी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमने इस मुद्दे पर बार-बार बात की है। हमने पिछले कुछ हफ्तों में कुछ बयान दिए हैं। हमने अपना बयान दोहराया है... कुछ नाम लेकर आप वास्तविकता को मत बदलो। वास्तविकता यही है, अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न, अविभाज्य हिस्सा है और यह वैसा ही रहेगा।"बता दें कि अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करने के साथ चीन ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की थी। जिसके बाद भारत ने कहा कि यह राज्य देश का अभिन्न अंग है और काल्पनिक नाम रख देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा। 23 मार्च को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के बार-बार के दावों को हास्यास्पद बताते हुए खारिज कर दिया था। विदेश मंत्री ने कहा था कि यह सीमावर्ती राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। इसके अलावा

चीन को जवाब

8 विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता

चीन इस मुद्दे पर अमेरिका से भी उलझ चुका है। इसके बाद 2 अप्रैल को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों को चीन द्वारा नया नाम देने पर करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारतीय राज्य था, है और भविष्य में भी रहेगा। जयशंकर ने कहा कि नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होगा। अगर मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा?
उन्होंने आगे कहा था,"अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तब क्या वह मेरा हो जाएगा क्या? अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य था, है और रहेगा।

चुनावी बिसात

हमारे पास पैसे का नहीं, जनता, ईमानदारी, नैतिकता और हौंसले का बल

बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे, अपने विधायकों को बिकने से बचाएं जयराम: मुख्यमंत्री

राजन पुरी

कुटलैहड़। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना के कुटलैहड़ से चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के छह बागियों पर सीधा हमला बोला। समूर कलां में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे। 25 विधायकों वाले जयराम ठाकुर सरकार बनाने की बात कर रहे हैं, वह अपने विधायकों को बिकने से बचाएं। वह किसी भी मंडी में बिक सकते हैं, उन्हें बचाकर रखना। कांग्रेस की पूर्ण बहुमत वाली सरकार पूरे 5 साल चलेगी। हमारे पास पैसे का

नहीं, ईमानदारी, नैतिकता और जनता के हौसले का बल है। कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय 15-15 करोड़ रुपये में बिके हैं, इसका हमारे पास सुबूत है। पुलिस जांच में इसकी परतें खुलना शुरू हो गई हैं। होटलों का बिल किसना दिया, किसके पैसे से हेलीकॉप्टरों में घूमे, यह सब अब सामने आ रहा है। यह सब जेल की

हला बोला

8 15-15 करोड़ रुपये में बिका एक-एक बागी विधायक, देवेंद्र भुट्टो सिर्फ टेंडर के लिए कराते थे फोन

सलाखों के पीछे जाएंगे।ठाकुर सुखविंदर सिंह ने जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि ये दलाल राजनीति में नहीं चाहिए। इन्हें वोट की चोट कर सबक सिखाएं, इनकी जमानत जब्त करा दें। कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो उनके पास सिर्फ प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के टेंडर के लिए अधीक्षण अभियंता और अधिशाषी अभियंता को फोन कराने के लिए आते थे, उन्होंने जनता की समस्याओं को कभी नहीं उठाया। वह जनता से जुड़े कामों को उन्हें पीए के पास दे जाते थे, मुझसे कभी इन्हीं कहा कि लोगों के काम कर दो, मैं खुद उनके दिए कागज पडकर जनता के काम करता रहा। अब लड़ाई सत्य और झूठ की है। झूठ बार-बार सत्य से टकराएगा, भुट्टो बार-बार आकर झूठ बोलेगा। उसे सबक सिखाना है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने कुटलैहड़ से चुनावी शंखनाद किया है, हर पंचायत-हर व्यक्ति तक जाकर अपनी आवाज पहुंचाऊंगा।

वायुसेना के हेलीकॉप्टर की लद्दाख में आपात लैंडिंग, पायलट सुरक्षित

टीम एक्शन इंडिया

जम्मू कश्मीर: भारतीय वायु सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को लद्दाख में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायुसेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को हुई। वायु सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। आईएएफ ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'आईएएफ के अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को लद्दाख में एक परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एहतियाती लैंडिंग की।

अनुराग ठाकुर हिमाचल ही नहीं देश के सांसदों के लिए मिसाल है: उषा बिरला

विवेकानंद वशिष्ठ

हमीरपुर:भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के उपाध्यक्ष उषा बिरला प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बड़ा हास्यास्पद होता है जब कोई हारा नकारा नेता चार बार के सांसद हमीरपुर के बेटा और हिमाचल की शान अनुराग ठाकुर पर उनके कामों को लेकर टिप्पणी करते हैं।कांग्रेस के कुछ नेता केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर बिना तथ्यों के कर रहे आधारहीन बयानबाजी उन्होंने कहा कि छुट भैया नेता अनुराग ठाकुर के कामों का हिसाब मांग रहे हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ही उनके द्वारा करवाए कामों को बताने के लिए सक्षम है ऊषा बिरला ने कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता अपनी सरकार की नाकामियों को छुपाने के लिए आधारहीन बयानबाजी कर मीडिया में बने रहने के लिए बिना तथ्यों के ही राजनीति चमकाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर जिन्होंने हमीरपुर ही नहीं बल्कि पूरे संसदीय क्षेत्र में एक नहीं, अनगिनत विकास कार्य एक समान करवाए हैं। इसमें बिलासपुर में एम्स हो, इंजीनियरिंग हाइड्रो कॉलेज हो, बिलासपुर भानुपली रेलवे लाइन हो, ऊना से ही लगभग 10 ट्रेनों का विस्तारिकरण हो, देश की चौथी बंदे भारत ट्रेन ऊना से दिल्ली तक, पीजीआई सैटलाइट सेंटर हो, ऊना में ड्रग बल्क पार्क हो, हमीरपुर का मेडिकल कॉलेज, धर्मशाला से शिमला फोरलेन से लेकर अन्य

अनगिनत विकास कार्य करवाए हैं। ऊषा बिरला ने कहा कि अनुराग ठाकुर के संसदीय क्षेत्र में 17 विधानसभा वह तीन जिले आते हैं जिसमें उन्होंने पूर्ण रूप से एक समान विकास करवाया है और अपने संसदीय क्षेत्र में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के रहते कई विकासात्मक प्रोजेक्ट्स को अमलीजामा पहनाया है।

इसके अतिरिक्त यह प्रयास निरंतर अपने संसदीय क्षेत्र के लिए किए हैं कि इसको और कैसे बेहतर बनाया जा सके। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने प्रयासों से अभी हाल ही में एक से श्रेष्ठ कार्यक्रम जिसका 500वां केंद्र हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खोला गया जिसकी इनॉग्रेशन खुद भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ जी ने किया। उन्होंने तो यहां तक कहा कि बाकी सांसदों को भी अनुराग मॉडल अपनाना चाहिए। इसके साथ ही सांसद खेल महाकुंभ जिसकी प्रशंसा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है, गांव और पंचायत के प्रतिभाओं को सांसद खेल महाकुंभ ने एक ऐसा प्लेटफॉर्म दिया है कि बच्चे अब खेलों के जरिए भारत और हिमाचल में काफी नाम रोशन कर रहे हैं।

उन बच्चों को खेल के माध्यम से जोडना भी बहुत अच्छी पहल है। इससे बच्चे नशे से भी दूर रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी उनका बना रहेगा।

तीसरा सांसद स्वास्थ्य मोबाइल सेवा जिसे अब तक लाखों लोग इसका लाभ उठा चुके हैं, अनुराग जी ने अपने संसदीय क्षेत्र में फ्री नेत्र जांच और चश्मे देकर उन लोगों को रोशनी दिखाई है जो बेचारे हॉस्पिटल ना पहुंच पाने के कारण अंधेरे में थे।

डी.डी.यू.बी. एड. कॉलेज मैहरे में खेलों का रोमांच

विवेकानंद वशिष्ठ

हमीरपुर: डी.डी.यू.बी. एड. कॉलेज मैहरे में प्रशिक्षु स्पोटर्स मीट का आयोजन किया गया। दूसरे और चौथे सत्र के प्रशिक्षु छात्र-छाताओं ने बढ़-चढकर इस स्पोर्टस मीर में हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं इस अवसर पर विभिन्ना खेलो का आयोजन किया गया। थ्रेड़ नीडल रेस चतुर्थ सत्र की अम्बिका शर्मा। लेमन स्पून रेस में चतुर्थ सत्र की साक्षी और रस्साकशी में चतुर्थ सत्र के प्रशिक्षु छात्र और दूसरे सत्र की प्रशिक्षु छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाटर फीलिंग विद स्पून में दूसरे सत्र के मनीब, थ्री लेग रेस में दूसरे सत्र की। मंगला और प्रियंका की जोडी ने, केंडल बर्निंग में दूसरे सत्र की

अक्षिता ने प्रथम स्थान पाया। क्रिकेट विद् फुटबॉल में चतुर्थ सत्र के प्रशिक्षु छात्रों ने दूसरे सत्र के छात्रों को मात दी। सेक रेस में चौथे सत्र के विक्रम प्रथम रहे। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सीमा शर्मा द्वारा खेलों का महत्व बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। खेलों के सफल आयोजन पर उन्होंने छात्र व छात्रओं को शावासी दी। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक और प्राध्यापक वर्ग भी उपस्थित रहें।

न्यूज फ्लैश

रियलमी ने 10,999 रुपये के शुरूआती मूल्य में एंट्री-लेवल 5 जी किलर, रियलमी 12 5 जी लॉन्च किया

लुधियाना: भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12७ 5जी लॉन्च किया। रियलमी नंबर सीरीज का यह नया स्मार्टफोन कंपनी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है,जो इसके मेक इट रियल के सिद्धांत को जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों के अनुरूप है।एंट्री-लेवल 5 जी किलर के रूप में रियलमी 12 5 जी यूजर्स को अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। यह 45वाट सुपरवूक चार्जिंग और 5000 एम ऐ एच की शक्तिशाली बैटरी के साथ भारत में अपने सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है। इसमें एयर जेस्चर कंट्रोल अपने सेगमेंट में पहली बार दिया गया है।इस स्मार्टफोन में अपने सेगमेंट में 120हर्ट्ज के सर्वाधिक रिफ्रेश रेट और 800 निट्स की ब्राइटनेस के साथ सेगमेंट का सबसे ब्राइट डिस्प्ले है।इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 6100 प्लस 5 जी चिपसेट लगा है और अपने सेगमेंट का पहला वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम भी दिया गया है।यह फैशन से प्रेरित डिजाइन के साथ 7.69 मिमी पतली सुपर स्लिम बॉडी के साथ आता है। इसमें 50एम पी के ऐ आई कैमरा,2 एम पी के सेकंडरी कैमरा और 8 एम पी के सेल्फी कैमरा के साथ एक शानदार कैमरा सेटअप है।इसके अलावा इसमें आई पी 54 डस्ट एवं वॉटर रज़िस्टेंस,ड्युअल स्टीरियो स्पीकर और 128 जी बी की विशाल स्टोरेज क्षमता के साथ 8 जी बी प्लस 8 जी बी की डायनामिक रैम जैसी अन्य फ्लैगशिप विशेषताएं भी शामिल हैं।

ऑक्स फोर्ड ईएलएलटी ने विद्यार्थियों के लिए अपना ब्राण्ड कैम्पेन ऑल अबाउट यू शुरू किया

चंडीगढ़: ऑक्स फोर्ड इंग्लिश लैंग्वेज लेवल टेस्ट (ऑक्सेफोर्ड ईएलएलटी) ने आज विद्यार्थियों के लिए अपने नये और एकीकृत ब्राण्ड कैम्पेन ऑल अबाउट यू की शुरूआत की है। गौरतलब है कि ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी एक अग्रणी अंग्रेजी भाषा परीक्षा प्रदाता और ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल एज्युकेशन ग्रुप का हिस्सा है।यह कैम्पेन अपने नाम ही के अनुरूप है क्योंकि इसका मकसद विद्यार्थियों का भविष्य उन्हीं के हाथों में सौंप देना है।और इसके लिये वे भाषा की परीक्षा के समाधानों के सही प्रदाता को चुनेंगे।यह एकीकृत कैम्पेन 1 अप्रैल 2024 से लाइव है और इसमें डिजिटल तथा आउटडोर को शामिल किया जाएगा।

उपायुक्त ने किया निर्माणाधीन जेल परिसर का निरीक्षण

श्याम कुल्वी

कुल्लू : उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कोठी-सारी ग्राम पंचायत के रामाबाई में निमार्णाधीन जेल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल परिसर के निर्माण कार्य कर रही एजेंसियों को वर्ष 2026 तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।उन्होंने हिमुडा के अधिकारियों को जेल परिसर व रामाबाई गावं के लिए सडक निर्माण का प्राकलन तैयार करने को कहा।

इस अवसर सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, पुलिस व हिमुडा के अधिकारी उपस्थित थे।

रिज मैदान पर मनाया जाएगा राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह

चमन शर्मा

शिमला: हिमाचल दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 15 अप्रैल, 2024 को ऐतिहासिक रिज मैदान पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें मुख्यातिथि राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल होंगे। यह जानकारी उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज यहां समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करने हुए दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आकर्षक परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिमला पुलिस, यातायात पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड, एसडीआरएफए भारतीय पुलिस रिजर्व वाहिनी आदि शामिल रहेंगे, जिनका पूर्वाभ्यास 10 अप्रैल, 2024 से आरम्भ होगा। इसी प्रकार, समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें हमीरपुर, सिरमौर, मण्डी और कांगड़ा जिला के उत्कृष्ट सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुति देंगे। बैठक में बताया गया कि समारोह में हिमाचल प्रदेश पुलिस और हिमाचल होमगार्ड बैंड आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी निमंत्रण पत्र समय रहते भिजवा दिए जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों के लिए बेहतर प्रबंध करने के निर्देश दिए।अनुपम कश्यप ने समारोह स्थल पर साफ.सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा बेहतर सजावट सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।उपायुक्त ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां तय समय सीमा तक पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

बी एड कॉलेज शाढाबाई के छात्रों को मतदान के प्रति किया प्रेरित

श्याम कुल्वी

कुल्लू :शाढाबाई स्थित रामेश्वरी बीएड कॉलेज में आज स्वीप अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र व स्वीप के नोडल अधिकारी डा लाल सिंह ने संस्थान के छात्रों को मतदान के महत्व के बारे जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बिना किसी भय व प्रलोभन से मतदान करने को कहा।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक एक मत का बहुत महत्व है तथा हमे अपनी पसंद की सरकार चुनने अवसर प्रदान करता है।उन्होंने युवाओं से मतदान करने का आव्हान किया वहीं अन्य को भी मतदान के लिये प्रेरित करने को कहा। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई और संस्थान के विद्यार्थियों से संवाद किया। इस मौके पर विद्यालय संस्थान के एम डी शिवानी शर्मा ने जिला स्वीप टीम का स्वागत किया।

लाहुल पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर का होगा भव्य स्वागत

रवि के पक्ष में एकजुट होने लगा है लाहुल स्पीति भाजपा का कुनबा

नरेंद्र अंगारिया

केलांग: विधानसभा उपचुनाव को लेकर लाहुल स्पीति भाजपा का कुनबा अब धीरे-धीरे रवि ठाकुर के पक्ष में एकजुट होता नजर आ रहा है। चुनाव के लिहाज से यह रवि ठाकुर के लिए बड़ी राहत की बात है। कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक को भाजपा का टिकट मिलने पर पहले लाहुल स्पीति भाजपा में हडकंप मच गया था। पूर्व मंत्री डॉ मारकंडा की अगुवाई में टिकट आवंटन के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी से सामूहिक त्यागपत्र देने का ऐलान किया था। लेकिन अब लाहुल स्पीति भाजपा का कुनबा धीरे.धीरे एकजुट होकर रवि ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतरने की तैयारी में है। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र बौद्ध ने भी टिकट आवंटन को लेकर भाजपा हाई कमान के निर्णय का स्वागत किया है। अब केलांग भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरज ठाकुर भी रवि ठाकुर के पक्ष में उतर आए हैं। मीडिया को जारी बयान में सूरज ठाकुर ने कहा कि 6 तारीख को भाजपा स्थापना दिवस के दिन रवि ठाकुर का

लाहुल स्पीति में भव्य स्वागत किया जाएगा और इसके साथ ही चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया जाएगा। रवि ठाकुर के पक्ष में भाजपा का कुनबा एकजुट होने से मारकंडे की परेशानी बढ़ सकती है। हालांकि भाजपा उदयपुर मंडल ने अभी तक रवि ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है। इससे पहले लाहुल स्पीति भाजपा के पुराने कार्यकर्ता रवि ठाकुर के पक्ष में मैदान में उतर चुके हैं। यह नेता और कार्यकर्ता मारकंडे के समय हाशिए पर चले गए थे। चुनाव के समय भाजपाइयों का इस तरह खुले आम रवि ठाकुर के पक्ष में उतरना भारतीय जनता पार्टी के साथ रवि ठाकुर के लिए भी राहत की बात है। लाहुल स्पीति भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र बौद्ध का कहना है कि पूर्व मंत्री डॉ मारकंडा भाजपा छोडने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। राजेंद्र बौद्ध ने कहा कि लाहुल स्पीति भाजपा पार्टी हाई कमान के आदेश पर भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर के लिए चुनाव प्रचार में एकजुट होकर काम करेगी। हालांकि रवि ठाकुर को लेकर लाहुल स्पीति में कुछ एक हिस्सों में लोगों के भीतर नाराजगी जरूर है।

कांग्रेस नेताओं को किया इंकार : वीरेंद्र कश्यप



एसपी जैरथ

नाहन:दो बार शिमला थेसंसदीय क्षेत्र से रहे सांसद वीरेंद्र कश्यप से आज मोबाइल पर हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि उन के पास कुछ कांग्रेस के नेता आए थे और उन्होंने कांग्रेस पार्टी से शिमला संसदीय क्षेत्र से चुनाव लडने की खबर थी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के नेता यह भी चाहते थे कि कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करूं मगर उन्होंने इन्कार कर दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ उनके संबंध बहुत पुराने हैं और उन्हें भाजपा में रहते हुए काफी इज्जत मिली है जिस कारण उन की जमीर रह इजाजत नहीं देती कि ऐसे समय पार्टी से बेवफाई करूं। कश्यप ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं को साफ इंकार कर दिया कि वह कांग्रेस पार्टी में जाने से असमर्थ हैं जिससे कांग्रेस पार्टी को काफी निराशा हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता जो भी प्रचार उनके बारे में कर रहे हैं वह आधारहीन है और उन पर कभी भी विश्वास नहीं किया जाए।

दिव्या आदर्श विद्या पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल घोषित

विवेकानंद वशिष्ठ

हमीरपुर: इस अवसर पर स्कूल की सीएमडी कंचन भारद्वाज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप उड़ नहीं सकते तो दौड़े यदि आप दौड़ नहीं सकते तो चले और यदि आप चल नहीं सकती तो रेंगे आप जो भी करें लेकिन आपको बस आगे चलते रहना है। इस वर्ष बच्चों में खूब कड़ी मेहनत की है और आशा करती हूं कि आगे भी और कड़ी मेहनत करेंगे इस वर्ष नर्सरी कक्षा में दक्षिता पठानिया, अनैशा संधु, लक्ष्मी चौधरी, रचित डोगरा, प्रियांशी ठाकुर, ऋषिका गुलेरिया, निश्चित श्रोयाल, दिशा ठाकुर, विक्रांत एवम अयांश मोहम्मद में प्रथम स्थान हासिल किया।लोअर किंडर गार्डन में अंशिका राणा हेजल हर्षित काव्यांश समायरा एवं शिवांश प्रथम स्थान पर रहे।अप्पर किंडर गार्डन में आरूषी शर्मा, अनन्या शर्मा, जानवी रजल, आदेश ठाकुर, ध्रुव डोगरा, एवं ईशान ठाकुर प्रथम स्थान पर रहे।कक्षा प्रथम में तन्वी, मौलिका राजपूत, शायना,आरव विशिष्ट प्रथम स्थान पर रहे दूसरे स्थान पर आकृति कतना, अनन्या सोनी, अयान पठानिया और मोहित कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया इसके अलावा लक्षिता पाटयाल, सुनिधि शर्मा,अयान राणा तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी में आयना दुग्गल, अर्श ठाकुर चैतन्य दुग्गल एवं दीपांशु प्रथम स्थान पर रहे तथा पूर्विका पटियाल,

रौनक वर्धन, सहर्ष बंसल ने दूसरा स्थान हासिल किया इसके अलावा काव्य चौधरी वंशिका और श्याम कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।कक्षा तृतीय में अक्षिता ठाकुर, हषार्ली ईशानी ठाकुर और शौर्य गुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा अनिकेत शर्मा वंशिका शर्मा और रिधिका दूसरे स्थान पर रही। इसके अलावा अथर्व, तानिया, ऋषिता तथा अनवी चड्ढा ने तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा चार में सना सृष्टि और कार्तिक शुक्ल ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा कृति चढ़ा एवं रियांशिका ने का तृतीय स्थान हासिल किया इसके अलावा पल्लवी, रिद्धिमा शर्मा एवं भास्वत पॉल तीसरे स्थान पर रहे।

कक्षा पांचवी की बात करें तो प्रथम स्थान सिया और स्वास्तिक ने हासिल किया तथा रिद्धिमा ठाकुर, अनुज ठाकुर एवं हर्षित शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे इसके अलावा मन्नत राणा एवम श्रैया वसीस्था ने तृतीय स्थान हासिल किया कक्षा छठी में अभिनव प्रथम स्थान पर रहे एवम सोनाक्षी डोगरा एवं सोनाक्षी ने दूसरा एवम तीसरा स्थान हासिल किया।कक्षा सातवी में अनन्या राणा एवम सुपर्व ने प्रथम स्थान हासिल किया दूसरे स्थान आर्यन एवम वंशिका ठाकुर ने कब्जा किया अन्वी ठाकुर एवं मनन जसवाल तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा आठवीं की बात करें तो सानवी प्रथम स्थान पर रही दूसरे स्थान पर एंजल एवम साक्षी ठाकुर ने कब्जा किया जबकि एंगल ठाकुर और रश्मिका बंसल तीसरे स्थान पर रहीं।नवमी कक्षा में आयुष एवम मिस्ठी प्रथम स्थान पर रहीं सौम्या और संचिता तीसरे स्थान पर रहीं जबकि वैष्णवी ने तीसरा स्थान हासिल किया।कक्षा 11वी में अभिनव प्रथम तथा शगुन और रिया सोनी ने दूसरा एवम तीसरा स्थान प्राप्त किया।अंत में सीएमडी कंचन भारद्वाज ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

विधायकों की अनदेखी के चलते कांग्रेस की हुई यह हालत: मेलाराम शर्मा

एसपी जैरथ

नाहन: सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं के उन बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें कांग्रेसी नेता बार-बार कह रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कमजोर करने और सत्ता से बाहर करने का षड्यंत्र रचा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आज तक के इतिहास में जितने भी मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश मे सत्तासीन हुए, उन्होंने कभी भी अपनी पार्टी के विधायकों की अनदेखी नहीं की और ना ही पार्टी के चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ इस तरह का भेदभाव किया जैसा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने पिछले लगभग 14 महीनो के कार्यकाल में किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के तानाशाहा

रवैये के कारण उनके विधायक उनकी पार्टी छोडकर भाग गए और अपने क्षेत्र के विकास और लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए भाजपा का दामन थाम लिया। यह बात समाज के किसी भी वर्ग को हजम नहीं हो रही है कि भारतीय जनता पार्टी ने सुक्खू सरकार को कमजोर करने की साजिश रची। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पूरा हिमाचल

जानता है कि पहली बार मुख्यमंत्री बने सुखविंदर सिंह सुक्खू सत्ता संभालने का बिल्कुल भी अनुभव न होने के कारण भारी बहुमत के बावजूद भी अपने वरिष्ठ विधायकों को नहीं संभाल पाए और अपने चुने हुए विधायकों की वरिष्ठता को दरकिनार करके ऐसी मित्र मंडली की ताजपोशी करने में लगे रहे जिन्होंने कभी पंचायत सदस्य का चुनाव भी ना लड़ा हो। ऐसे में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वयं ही अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है और सारा दोश भाजपा के सिर मड़ा जा रहा है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भारी बहुमत के साथ 5 वर्षों के लिए सत्ता प्रदेश को विकसित करने की अपेक्षाओं के साथ सुखविंदर सिंह सुक्खू को सोपी थी परंतु उन्होंने सत्ता में आते ही अपने ही वरिष्ठ विधायकों की अनदेखी करते हुए चमड़े के सिक्के चलाने शुरू कर दिए जिसके कारण आज सरकार अल्पमत के कगार पर खड़ी हो गई है। अब यह सरकार अल्पमत के कारण अधिक देर चलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता के नशे में चूर होकर प्रदेश की जनता के साथ विश्वासघात किया है और इसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को आने वाले चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिल्कुल नया अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया

टीम एक्शन इंडिया

शिमला/सोलन

2024, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ऑल न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया जो भारत में इसकी मजबूत और बहुमुखी एसयूवी श्रृंखला में नया शामिल हुआ गतिशील और मजबूत वाहन है।ए-एसयूवी सेगमेंट में कंपनी के पुन.प्रवेश को चिह्नित करते हुए ऑल न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर आधुनिक स्टाइलिंग,अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों से प्राप्त प्रतिष्ठा की भावना प्रदान करने के लिए तैयार है।

यह इसे भारतीय ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प भी बनाता है। नया उत्पाद एसयूवी श्रेणी में कंपनी की मजबूत उपस्थिति को और मजबूत करता है।ऑल न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध है।

1.0 लीटर टर्बो 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध है इस प्रकार यह उन ग्राहकों के लिए एक बहुमुखी विकल्प प्रदान करता है जो पावर और प्रदर्शन दोनों को प्राथमिकता देते हैं। यह 1.2 लीटर पेट्रोल 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर शिफ्ट (आईजीएस) में आता है और 1.2 लीटर ई-सीएनजी 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में भी उपलब्ध है।

09 व 10 को नारग में मनाया जाएगा मां नगरकोटी मेला: एसडीएम सराहां

पारंपरिक मेला

8 मुख्य अतिथि द्वारा 09 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे मां नगरकोटी की पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा

एसपी जैरथ

नाहन : जिला सिरमौर का प्रसिद्ध एवं पारंपरिक जिला स्तरीय मां नगरकोटी मेले का नारग में शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा 09 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे मां नगरकोटी की पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष मां नगरकोटी मेला कमेटी एवं एसडीएम सराहां डॉ. संजीव कुमार धीमान ने आज ग्राम पंचायत हॉल नारग में मेले के आयोजन को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।उन्होंने बताया कि मां नगरकोटी देवी की पालकी की शोभायात्रा मंदिर से मेला मैदान तक पारंपरिक वाद्य यंत्रो के साथ निकाली जाएगी, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मेले के दोनों दिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। मेले के प्रथम दिन स्थानीय व हिमाचल के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।मेले के दौरान विभिन्न स्थानीय स्कूलों के बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे तथा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं जिसमें चुनाव का पर्व देश का गर्व पर आधारित रंगोली प्रतियोगिताएं, कबड्डीए वॉलीबॉल, मैराथन, स्कूली बच्चों का कार्यक्रम इत्यादि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। मेले के अंतिम दिन 10 अप्रैल को विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश व देश के अन्य राज्यों के पुरुष पहलवान भाग लेंगे।इसके अलावा महिलाओं द्वारा रस्साकस्सी, मटका फोड़, म्यूजिकल चेयर, आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं के कार्यक्रम जिसमें स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में मैराथन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी जिसमें 18 से 45 वर्ष व 45 से अधिक आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं।उन्होंने बताया कि मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली कलाकारों के साथ-साथ स्टार कलाकारों द्वारा लोगों का भरपूर मनोरंजन किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पधार कर मेले की शोभा बढ़ाने की अपील की है। एसडीएम ने मेला समिति के सभी सदस्यों से मेले के आयोजन में अपना रचनात्मक सहयोग देने का आग्रह किया।

जो संस्कृत हितैषी नहीं उसको न वोट न सपोर्ट: आचार्य मदन शांडिल्य

आहत

8 अपनी पैठ बनाए हुए हैं और यह संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ न केवल शास्त्रियों का ही है

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ के अध्यक्ष आचार्य मदन शांडिल्य ने ऋ षि मारकंडे में पूरे हिमाचल से आए शास्त्रियों के साथ एक बैठक की। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जो सरकार संस्कृत एवं शास्त्रियों की हितैषी नहीं है, उनको ना वोट देंगे और न ही उनकी स्पोर्ट करेंगे। शास्त्री वर्ग पूरे हिमाचल में अपनी पैठ बनाए हुए हैं और यह संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ न केवल शास्त्रियों का ही है। बल्कि जो भी संस्कृत प्रेमी है। वह इसके साथ जुड़े हुए हैं। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि जो सरकार शास्त्री विरोधी है। उनको सता आसीन होने नहीं देंगे। क्योंकि जो संस्कृति एवं शास्त्री वर्ग का नहीं हुआ वह बेरोजगारों के बारे में क्या सोचेगा। कांग्रेस ने पहले ही शास्त्री वर्ग पर अन चाहे नियम थोप कर शास्त्रियों को आहत किया है और वही अब यह सरकार संस्कृत को प्राइमरी कक्षा में बंद करने जा रही है। तो इससे इनकी मनसा स्पष्ट होती है। कि यह संस्कृत के विरोधी है। जिस भाषा को हमारे देश में ही नहींए बल्कि अन्य विदेशों में भी माना जाता है। उस संस्कृत भाषा को यह सरकार बंद करना चाहती है। अतः पूरे संघ ने यह निर्णय लिया कि इन आने वाले लोकसभा और दूसरे चुनाव में शास्त्री वर्ग ही नहीं बल्कि शास्त्री वर्ग से जुड़ा हुआ प्रत्येक व्यक्ति उस सरकार का विरोध करेगा।

संक्षिप्त खबरें

टीचर होम सरवरी के स्थान पर अब होगा आशा क्लब सरवरी में मतदान केंद्र

श्याम कुल्वी

कुल्लू :जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में 3 व आनी विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र के स्थान व भवन को बदला गया है। उन्होंने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र 44-सरवरी स्थित टीचर होम सरवरी मतदान केंद्र अब आशा क्लब सरवरी में, 101 भुंतर-111 को वन परिक्षेत्रीय अधिकारी कार्यालय भुंतर से बदल कर नायब तहसीलदार कार्यलय भुंतर तथा 140 -धारा राजकीय उच्च पाठशाला ड़ीके चोंग स्थित धारा मतदान केंद्र को बदल कर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ड़ीके चोंग स्थित धारा किया गया है।उन्होंने कहा कि आनी विधानसभा क्षेत्र के डुहाड़-3 मतदान केंद्र को बदल कर राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनाला स्थित डुहाड़ किया गया।

पेयजल का प्रयोग सिंचाई व भवन निर्माण के लिए न करें

खेमचंद शास्त्री

मंडी: सहायक अभियंता, जल शक्ति उपमंडल-एक रोहित गुप्ता ने गर्मी के मौसम में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने के लिए पेयजल का प्रयोग सिंचाई व भवन निर्माण के कार्य में न करने की हिदायत देते हुए कहा कि जो भी उपभोक्ता पेयजल का उपयोग सिंचाई व भवन निर्माण के लिए प्रयोग करते हुए पाया जाता है या उनकी पेयजल टंकी ओवरफ्लो होती है तो ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस देकर उनके पेयजल कनेक्शन काट दिए जायेंगे। उन्होंने सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों, होटलों, ढाबों व टी स्टॉल मालिकों से भी गर्मी के मौसम में पेयजल का दुरुपयोग न करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ता अपनी पेयजल टंकियों को ओवर फ लो न होने दें तथा उनकी नियमित तौर पर सफाई करते रहें ताकि किसी भी जल जनित बीमारी को फैलने से रोका जा सके। सहायक अभियंता ने कहा कि जिन पेयजल उपभोक्ताओं के बिल भुगतान हेतु लंबित हैए वह अपना पेयजल बिल शीघ्र जमा करवायें और जिन के पेयजल मीटर तथा टंकियां खराब है, उन्हें बदलना सुनिश्चित करें।

7 अप्रैल 2024 को होगा बेबी शो और वरिष्ठ नागरिक प्रतियोगिता

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: घुमारवी राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बेबी शो तथा वरिष्ठ नागरिक प्रतियोगिता करवाई जा रही है। वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आशुतोष शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष 7 अप्रैल रविवार को मेला ग्राउंड घुमारवीं मे बेबी.शो जिसमें तीन श्रेणियां होगी प्रथम 1 से 2 वर्ष, द्वितीय 2 से 3 वर्ष और तृतीय 3 से 4 वर्ष के बच्चे इस शो में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण रविवार को ही सुबह 9 से 11 बजे तक मेला ग्राउंड में ही होगा। उसके बाद बच्चों का चेकअप तथा एक्टिविटी देखी जाएगी। 1 बजे तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे, बच्चों के अभिभावक टीकाकरण का कार्ड साथ लेकर आए, बच्चों को इनाम प्रिंसिपल मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवी के सौजन्य से दिए जाएंगे। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिक प्रतियोगिता में 60 से 80 वर्ष तक के लिए कुर्सी दौड़ तथा 80 वर्ष से ऊपर वालों के लिए आर्म रैसलिंग पंजा लड़वाया जाएगा। विजेता प्रतिभागियों को एसडीएम घुमारवीं के सौजन्य से इनाम दिए जाएंगे। इसका पंजीकरण भी 7 तारीख को सुबह 9 से 11 तक होगा उसके बाद में प्रतियोगिता होगी।

सदर व शहरी इकाई के पैंशनर्ज की बैठक 7 को डियारा सेक्टर में: देवेश्वर गौतम

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: पेंशनर्स वेल्फेयर एशोसिएशन सदर एवं शहरी इकाई की संयुक्त मासिक बैठक सदर ब्लॉक अध्यक्ष दौलतराम चैहान की अध्यक्षता में 07 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे बाबा विश्वकर्मा मंदिर डियारा सेक्टर बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सचिव देवेश्वर गौतम ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सभी इकाइयों के प्रधान एवं सचिव विशेष रूप से बैठक में आमंत्रित हैं सभी पेंशनर्स से अनुरोध है कि बैठक में पधार कर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

कबड्डी में बंदला ने भगेड़ को हराकर जीता खिताब

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: उपमंडल झंडूता के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुन्हाणी में जिला स्तरीय नलवाड़ मेले में कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में महंत गौरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने मेला कमेटी को 21000 रुपये की धन राशि भेंट की। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला बंदला की टीम व भगेड़ की टीम के बीच हुआ। जिसमें बंदला की टीम को विजय घोषित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला साई हॉस्टल बिलासपुर की टीम व खेलो इंडिया बिलासपुर की टीम के बीच हुआ। जिसमें साई हॉस्टल बिलासपुर की टीम को विजय घोषित किया

गया।

मेला कमेटी की प्रधान गायत्री देवी ने बताया आज होने वाले दंगल में प्रदेश के अलावा बाहरी राज्यों के पहलवान भाग लेंगे। मेलों के समापन समारोह में एसडीएम झंडूता योग राज धीमान शिरकत करेंगे। इस मौके पर नलवाड़ मेला कमेटी महासचिव निर्मल शर्मा, व्यापार मंडल के प्रधान प्रकाश चंद वर्मा, विक्रम परमार, हंसराज वर्मा, सुरेंद्र कौशल, रामेश्वर कौशल, सहित आदि मौजूद रहे।

ब्रजवासियों को भय से मुक्त करने के लिए भगवान ने स्वयं पर झेले तमाम दुख और कष्ट: भास्करानंद शर्मा

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: शहर के डियारा सेक्टर में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए पंडित भास्करानंद शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विवेचन कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। आयोजक महिला संकीर्तण मंडली की प्रभारी इंद्रा खोसला ने बताया कि 6 अप्रैल को कथा के समापन के बाद अटूट भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। वहीं प्रवचन करते हुए पंडित जी ने कहा कि भगवान ने आम जन को भय मुक्त करने के लिए तमाम दुखों और कष्टों को अपने उपर झेला है। उन्होंने कहा कि जो अपने बच्चों को यश देती है वह यशोद्वा है और जो आनंद देते हैं वे नंद यानि नंद बाबा है। उन्होंने कहा कि जब कंस

को यह पता चल गया कि उसकी मृत्यु का कारण देवकी के गर्भ से पैदा हो चुका है तथा सुरक्षित निकल भी गया है तो वह अत्यंत क्रोधित हुआ तथा बाल कृष्ण की हत्या करने की योजनाएं तैयार करने लगा। इतने में उसने अपनी सहोदरा पुतना को भेजा। पूतना अपने स्तनों पर विष लगाकर योजनाबद्ध तरीके से नंद बाबा के घर तक पहुंच गई। जहां पर उसने माता यशोद्धा से कान्हा से मिलने की इच्छा व्यक्त की। सरल स्वभाव की यशोद्धा ने भी ज्यादा प्रश्न न करते हुए कान्हा को उसे सौंप दिया। भगवान श्रीकृष्ण को ज्ञात था कि यह स्त्री कौन है। पंडित जी ने बताया कि जैसे ही पूतना ने कान्हा को गोद में लिया तो उन्होंने अपनी आंखे बंद कर ली। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की आंखे बंद करने के पीछे रहस्य यह था कि यदि उनके नयन पूतना के नयनों से मिलते तो कही प्रेम न हो जाताए जिससे उसका वध करने में यही प्रेम आड़े आता। धोखे से पूतना ने कान्हा को अपने स्तनो से दूध पिलाना शुरू किया। कान्हा ने पहले दूध पिया फिर विष पान किया। विष पान करने से पूर्व कान्हा ने नीलकंठ महादेव को स्मरण किया।

भाजपा ने देश को अंधेरे में रखाए जनता मांगे दस सालों का हिसाब: संदीप सांख्यान

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने प्रैस को जारी बयान में जनता से अपील की है कि करीब दस सालों से ठगी जा रही देश की जनता को अब जागना ही होगा, क्योंकि चेहरा देखकर वोट देने की संस्कृति से लोग उब गए हैं तथा अब लोगों को अपने स्थानीय प्रतिनिधियों के रिपोर्ट कार्ड पर गौर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी तथा सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को लेकर इन प्रतिनिधियों से सवाल करना चाहिए ताकि पता चल सके कि बीते दस सालों में केंद्र से यह नुमांइदे अपने.अपने संसदीय क्षेत्र के विकास में कितना योगदान दे पाए हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सेलीब्रीटी सांसद एवं केंद्र में मंत्री

अनुराग ठाकुर यदि सभी विधानसभा क्षेत्रों में करवाए गए विकास का ब्योरा देने लगें तो निश्चित तौर पर फ्लॉप साबित होंगे। विधानसभा क्षेत्र तो फिर भी महीन बात हो गईए तीनों प्रमुख और दो आंशिक जिलों की ही बात करें तो विकास के नाम पर भी इनकी सांसे फूलना शुरू हो जाएंगी। क्योंकि इन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में कोई भी ऐसी विकास की ईबारत नहीं लिखी जिससे वे गर्व कर सकें। केवल राष्ट्रीय मसलों को अपना बनाने तथा बाहरी राज्यों के विकास का श्रेय लेने वाले इन प्रतिनिधियों के हाथ आज भी खाली हैं। संदीप सांख्यान ने कहा कि बात यदि बिलासपुर की करें तो यहां पर माननीय सांसद महोदय एक भी भवन ऐसा नहीं बना पाए जिससे जनता को कोई सुविधा मिली हो। स्पोटर्स मिनिस्टर होते हुए भी यहां कुछ नया नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता को मंथन करना चाहिए कि केंद्र सरकार के जुमलों से क्या उनके बच्चों को किसी प्रकार का रोजगार मिल पाया हैए शिक्षित प्रशिक्षित होने के बावजूद क्या बच्चे सही दिशा में जाने के लिए कामयाब हुए हैं। उन्होंने कहा कि युवा यहां से पलायन करने के लिए मजबूर है, क्योंकि बिलासपुर या हिमाचल प्रदेश में कोई ऐसे संस्थान नहीं खुल

सरस्वती पैराडाइज में अभिभावक-दिशा-निर्देश की दूसरी बैठक का आयोजन

माता-पिता के लिए दिशानिर्देश सत्र की मेजबानी की

चमन शर्मा

शिमला : राजधानी स्थित सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने कक्षा तीसरी से छठी तक के छात्रों के माता-पिता के लिए दिशानिर्देश सत्र की मेजबानी की, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक दृष्टिकोण की गहरी समझ को बढ़ावा देना और मजबूत अभिभावक-स्कूल साझेदारी को बढ़ावा देना रहा। सत्र में स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ-साथ संबंधित कक्षाओं के समन्वयक अंजना और ज्योति के साथ कुमारी भानुप्रिया उपस्थित थी।कार्यक्रमों की शुरूआत समन्वयकों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिन्होंने अपने संबंधित ग्रेड के अनुरूप पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धतियों और मूल्यांकन रणनीतियों में अंतर्दृष्टि भी प्रदान की। उन्होंने अभिभावकों को सहपाठ्यचर्या गतिविधियों, समान प्रतिरूप, स्कूल व्यवहार नीति आदि के बारे में भी जानकारी दी। परस्पर संवाद का एक मुख्य आकर्षण विद्यालय प्रधानाचार्य मंदीप राणा के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र था, जिसमें अभिभावकों को अपनी चिंताओं, सुझावों और फीडबैक को सीधे प्रिंसिपल को व्यक्त करने, पारदर्शिता और संचार को बढ़ावा देने का अवसर मिला। स्कूल के प्रधानाचार्य मनदीप राणा ने कहा कि माता-पिता और स्कूल के बीच सहयोगात्मक प्रयास बच्चों की

समन्वय

8 बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए अपनी व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों को अवश्य दें

शिक्षा के लिए एक पोषण और सहायक वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि

बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए अपनी व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों को अवश्य दें।

अध्यक्ष हिमांक मित्तल ने यह भी बताया कि भविष्य की पहल हमारे छात्रों की बेहतरी के लिए माता-पिता और स्कूल के बीच साझेदारी को और मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।

कांगड़ा भूकंप त्रासदी की बरसी के उपलक्ष्य पर आपदा जागरूकता दिवस का आयोजन

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: जिला आपदा प्रबंधन अथॉरिटी एवं उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर के निदेर्शानुसार शिवा बीएड कॉलेज घुमारवीं में गृहरक्षा कंपनी कमांडर मदनलाल व लीडिंग फायरमैन अमृतलाल की अगुवाई में कांगड़ा में 4 अप्रैल 1905 को आए भयंकर भूकंप की बरसी को स्मरण करते हुए आपदा जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉण सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि गृह रक्षा

व अग्निशमन विभाग बिलासपुर के सहयोग से यह मॉक ड्रिल सत्र आयोजित किया गया। फायरमैन विनय कुमार ने आग लगने की स्थिति में बचाव के विभिन्न तरीके प्रशिक्षओं को डेमोंसट्रेशन देकर समझाए उसके बाद कंपनी कमांडर मदनलाल ने अपनी टीम के साथ भूकंप आने की स्थिति में बिल्डिंग के अंदर व बाहर कैसे बचाव करना चाहिए

विषय को बड़े विस्तार से प्रशिक्षुओं को समझाया। आपदा की स्थिति में पुलिस, गृह रक्षा, अग्निशमन विभाग व चिकित्सा विभाग की सेवाएं लेने को कहा। शिवा ग्रुप के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने इस आयोजन व जानकारी को महत्वपूर्ण व समय की जरुरत बताया तथा इस तरह के जागरूकता सत्र ज्यादा से ज्यादा आयोजन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्टाफ के सदस्य प्रो. इंदुबाला, प्रो. ममता टंडन, डीपीई विपन चंदेल, प्रो. संदीप शर्मा, प्रो. विपन कमार व गृहरक्षा व अग्निशमन विभाग से हवलदार प्रदीप कुमार होमगार्ड राकेश विजय व सुशील आदि भी मौजूद थे।

कला मंच संगोष्ठी 06 को दनोह में

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: कल्याण कला मंच की नियमित मासिक संगोष्ठी 06 अप्रैल 2024 को नगर के पूर्वी छोर पर ओयल पंचायत के लोअर दनोह गांव के वरिष्ठ सदस्य रविंद्र शर्मा के निवास स्थान पर होनी तय हुई है। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुरेन्द्र मिन्हास करेंगे तथा मंच की महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर मंच संचालन करेंगी। बैठक के प्रथम सत्र में बाल कविता लेखन पर चन्द्र शेखर पंत और शीला सिंह लेखकों को टिप्स देंगे। मंच के पंजीकरण बारे भी चर्चा की जायेगी। प्रैस सचिव रेखा चंदेल ने बताया कि द्वितीय सत्र में बहुभाषी कवि वा कला संगोष्ठी होगी जिसमें उपस्थित कलाकार अपनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाएगी हमीरपुर भाजपा: देशराज शर्मा

विवेकानंद वशिष्ठ

हमीरपुर: भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा जी ने की। इस बैठक में पूर्व में हुए पार्टी कार्यों व आगामी पार्टी कार्यक्रमों की रूपरेखा के मध्यनजर समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा सचिव एवं जिला हमीरपुर भाजपा समन्वय समिति के

संयोजक नरेंद्र अत्री जी उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर की समीक्षा बैठक संपन्न

इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव और जिला के दो विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए 2 महीने से भी कम समय रह गया है। भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता आगामी चुनाव तक सभी पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेने व बूथ स्तर पर जुट जाने के लिए तत्पर रहें।उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भारतीय जनता पार्टी हर भाजपा मंडल व जिला स्तर पर कई बड़े कार्यक्रम होने जा रहे हैं। इसके लिए भी पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रयासरत रहें। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 6 अप्रैल 2024 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी हर मंडल स्तर पर रैली निकलेगी।

बाड़ी गांव में सड़क के किनारे मृत अवस्था में मिला तेंदुआ

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाली पंचायत पड?लग के अंतर्गत आने वाले गांव बाड़ी में आज सुबह सडक के किनारे तेंदुआ मृत पाया गया। यह जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया की उन्होंने सुबह सडक में मृत तेंदुआ देखा तथ सभी की सहायता से उसे सडक से किनारे किया गया। उन्होंने बताया कि इस बारे विभाग को भी सूचित कर दिया गया है ग्रामीणों के अनुसार शायद यह तेंदुआ किसी गाड़ी के नीचे आकर मर गया होगा। वहीं पंचायत

प्रतिनिधियों ने वन विभाग को इस बारे में सूचित कर दिया है।

युवाओं की चुनाव में भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण : अभिषेक वर्मा

चमन शर्मा

शिमला: देश मे होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आज अटल बिहारी वाजपेयी अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान गुम्मा कोटखाई में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। संस्थान के सभागार में हुए एक भव्य समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और साथ ही अतिथि विशेष निदेशक कार्मिक विभाग शिवम् प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। अभिषेक वर्मा ने अपने सम्बोधन में मतदान की महत्ता पर बल देते हुए बताया कि

लोकतंत्र मे यदि हम चुनाव प्रक्रिया मे भाग नहीं लेते तो देश मे कल्याणकारी कार्य एवं कानून व्यवस्था पर विपरीत असर होता है। साथ ही लोकतंत्र मे हमारी आवाज भी बुलंद नहीं रहती। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम सभी चुनाव मे बढ़.चढकर भाग लें। पहली बार मतदाता बने युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने बताया कि युवा देश का भविष्य हैं और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेना उनके लिए अति महत्वपूर्ण है। मुख्यतिथि ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। उसके बाद सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा एक लघु नाटक का मंचन कर मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात विदुषी जस्टा ने एकल गायन मैं भारत हूँ की प्रस्तुति दी। अटल बिहारी वाजपेयी अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान गुम्मा की अंकिताए प्रेरणा एवं अंकिता ठाकुर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुम्मा की छात्रा वंशिका ने मतदान एवं मतदाता जागरूकता से सम्बंधित भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये। इस दौरान स्थानीय नागरिकों विशेषकर महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस सिलसिले में महिला मण्डल सीएलएफ सृष्टि विकासखंड कोटखाई द्वारा एक लघु नाटिका का मंचन किया गया, जिसके माध्यम से उन्होंने लोगों को मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया। इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी सर्कल द्वारा भी अपनी प्रस्तुति दी गयी।

6560 फुट ऊंचा शिंकुला दर्रा वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल

हरी झंडी

8 योजक परियोजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधिवत पूजा अर्चना के बाद वाहनों को हरी झंडी दिखाई

नरेंद्र अंगारिया

केलांग : सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दारचा पदुम नीमू सडक के बीच पडने वाले 16560 फुट ऊंचे और कई फुट बर्फ की मोटी परत चढ़े शिंकुला दर्रा आज वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गया। बीआरओ की योजक परियोजना के मुख्य अभियंता आर के साहा ने हरी झंडी दिखाकर दर्रा से वाहनों को जांस्कर घाटी की ओर रवाना किया। 13 बीआरटीएफ ए 126 आरसीसी और योजक परियोजना द्वारा

आयोजित कार्यक्रम में विधिवत पूजा अर्चना के बाद वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर योजक परियोजना के मुख्य अभियंता ने कहा कि बीआरओ के जवानों की कठिन मेहनत के चलते आज शिंकुला दर्रा बहाल हुआ है जवानों ने 20 से 25 फ.ुट बर्फ की मोटी परत को माइनस तापमान में लगातार काम करते दारचा पदुम निमू सडक को वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल किया है। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस सडक के खुल जाने से पर्यटन भी इसका सकारात्मक प्रभाव रहेगा। उन्होंने कहा कि लेह के लिए यह सबसे सुगम रोड है। आर के साहा ने कहा कि शिंकुला दर्रा पर बनने वाली टनल जब पूरी तरह तैयार होगी तो लेह के लिए ऑल वेदर कनेक्टिविटी हो जायेगी

ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

राजन पुरी

ऊना: थाना अंब के मुबारिकपुर में एक ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान गुरमीत सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी नुरपुर बेदी पंजाब के रूप में हुई है। अंब पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरमीत सिंह निवासी नूरपुर बुधवार शाम ट्रक लेकर मुबारिकपुर पहुंचा, तो एक अन्य ट्रक के साथ टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों पार्टियों के बीच समझौता हो गया। इसके बाद गुरमीत सिंह ट्रक लेकर नालागढ़ की निकल गया। कुछ ही दूरी पर तबीयत बिगड़ गई, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां पर

मतदाता जागरूकता के लिए सदर मंडी विधानसभा का व्हाट्सएप चैनल शुरू

शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण व स्वीप गतिविधियों की समीक्षा बैठक में एसडीएम ने दी जानकारी

सुझाव

8 गतिविधियों के बारे में आये हुये बीएलओ और पंचायत सचिवों से भी सुझाव मांगे

खेमचंद शास्त्री

मंडी: सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम मंडी सदर ओम कांत ठाकुर ने बताया कि नए मतदाताओं का पंजीकरण और मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सदर विधानसभा मंडी का व्हाट्सएप चैनल शुरू किया गया

है। यह जानकारी उन्होंने शत प्रतिशत मतदाता पंजीकरण व मतदान के लिए चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक में बीडीओ मंडी, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम मंडी, इलेक्शन कानूनगो सदर मंडी, नोडल ऑफि सर स्वीप और बीएलओ 33 मंडी और पंचायत सचिवों ने भाग लिया। एसडीएम मंडी ने बूथ लेवल अधिकारियों व पंचायत सचिवों को निर्धारित समय तक मतदाता नामांकन के कार्यो को पुरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल, 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं के मतदाता सूची में नाम जोड़े जा रहे हैं।उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिये गये कि वे अपने बूथ के दिव्यांग व 85 से अधिक आयु वाले मतदाताओं की सूची तैयार रखें। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा इन्हें घर बैठे मतदान की सुविधा दी जाएगी।समीक्षा बैठक में स्वीप के नोडल अधिकारी सुभाष चंद ने वर्तमान मे चल रही विभिन्न गतिविधियों के बारे मे बैठक मे आये हुए सभी पदाधिकारियों को अवगत करवाया व आगे की गतिविधियों के बारे में आये हुये बीएलओ और पंचायत सचिवों से भी सुझाव मांगे ताकि मतदाता जागरूकता की गतिविधियों से अधिक से अधिक लोगो को जोड़ा जा सके।

संक्षिप्त खबरें

अटल बिहारी बाजपेई राजकीय उच्च विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल नहीं थे एडी परियोजना अधिकारी :पंकज कपूर

राज अग्रवाल

मनाली : गत दिवस अटल बिहारी बाजपेई राजकीय उच्च विद्यालय के भवन शुभारंभ कार्यक्रम में एडी परियोजना का कोई भी अधिकारी शामिल नहीं हुआ था। प्रेस को जारी बयान में परियोजना प्रभारी पंकज कपूर ने कहा कि हालांकि स्कूल के भवन का निर्माण एडी परियोजना द्वारा करवाया गया है लेकिन परियोजना ने यह भवन जनवरी माह में ही स्कूल प्रबंधन को सौंप दिया था। उन्होंने कहा कि इलाके में सामाजिक कार्यों के लिए एडी परियोजना हमेशा से ही अपना योगदान देती आई है और आगे भी देती रहेगी परंतु उक्त कार्यक्रम में किसी भी परियोजना अधिकारी ने शिरकत नहीं की थी।

समाज सेविका धनवंती नहीं रही

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: बामटा पंचायत के बध्यात गावं की 94 वर्षीय धनवंती का गत दिन निधन हो गया। धनवंती को मुखाग्नि उनके दत्तक पुत्र राजू राम राणा ने दी। धनवंती के अपने कोई औलाद नहीं थी इसलिये उन्होने अपने देवर के बेटे को गोद लिया है। 95 वर्षीय धनवंती क्षेत्र में निशुल्क दाई का कार्य और पेट उतरने पर ठीक करने का कार्य करती थी। ये समाज सेविका महीने भर से अस्वस्थ थी तथा इसका ईलाज एम्स बिलासपुर में चल रहा था कि अचानक इनका निधन हो गया।

अमराली व रायपुर में सट्टा लगाते दो काबू

राजन पुरी

ऊना: जिला के अमराली व रायपुर सहोड़ा में पुलिस ने सट्टा लगाते दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों के पास से 2180 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सट्टा लगाने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला टाहलीवाल के अमराली का है, जहां पर पुलिस ने विजय कुमार निवासी जखेड़ा को सट्टा लगाते हुए काबू किया। जिससे पुलिस ने 1020 रुपये की नगदी बरामद की है। वहीं दूसरा मामला मैतहपुर के रायपुर सहोड़ा का है, जहां पर अजय वर्मा निवासी नंगल, पंजाब को पर्ची दड़ा सट्टा व 1160 रुपये की नगदी बरामद की है। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

24 बोतल अवैध शराब सहित तीन काबू

राजन पुरी

ऊना: जिला ऊना के तहत बाबा डेरा, सलोह व देहलां में पुलिस ने अवैध शराब सहित तीन व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला बाबा डेरा बाजार का है, जहां पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रूमित कुमार निवासी वार्ड नंबर 6 अप्पर बसाल के पास से एक पेटी देसी अवैध शराब बरामद की गई। वहीं दूसरा मामला थाना मैहतपुर के तहत देहलां का है, जहां पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रनतेज निवासी यूपी के पास से 7 बोतलें अवैध देसी शराब बरामद की गई। वहीं तीसरा मामला हरोली के सलोह का है, जहां पर पुलिस ने नीरज पुरी निवासी सलोह के पास से 5 बोतल अवैध शराब की बरामद की। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सडक हादसे में बाप-बेटा घायल, एक पीजीआई रेफर

राजन पुरी

ऊना: पुलिस थाना हरोली के तहत भदसाली में स्कूटी स्किट होने से बाप-बेटा जख्मी हुए है। दोनों को हरोली से ऊना अस्पताल लाया गया, जहां से स्कूटी चालक को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मामले के संदर्भ में जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक विवेक कुमार निवासी भदसाली कुछ रोज पहले अपने बेटे के साथ स्कूटी पर भदसाली से गुजर रहा था। इसी दौरान स्कूटी सडक में गिरी टहनियों में फंस कर गिर गयी। यह हादसा अरुण कुमार द्वारा पेड़ को काट कर टहनियां सडक में फैकने के कारण हुआ है। हादसे में घायल

पोलियाबीत में महिला से गालीगलोच, मामला दर्ज

राजन पुरी

ऊना: थाना हरोली के तहत पोलियाबीत की एक महिला से गाली गलीगलोच व जातिसूचक शब्द बोलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर गांव के ही पांच लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वीना कुमारी निवासी पोलियाबीत ने बताया कि गांव के ही हसन सिंह, संतोष कुमारी, शुभलत्ता व अन्य ने इसके साथ गालीगलोच व जातिसूचक शब्द कहे। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने महिला की शिकायत पर पांच के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऊना में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव 23 को

राजन पुरी

ऊना: हरे कृष्ण सेवा समिति ऊना द्वारा शहर में 23 अप्रैल को तीसरा वार्षिक भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश शर्मा व कोषाध्यक्ष कमल किशोर ने दी। उन्होंने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा सुबह 11 बजे किला बाबा बेदी साहिब से प्रारंभ होकर मेन बाजार, रोटरी चौंक, बस स्टैंड से होते हुए अरविंद मार्ग होते हुए रामलीला मैदान ऊना में विश्राम होगा, जहां पर भोग आरती छप्पन भोग उपरांत विशाल भंडारा लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा में भक्तों के नृत्य, संकीर्तन तथा बैंड पार्टी के साथ भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा, भाई बलराम के साथ रथ पर विराजमान होंगे।

रॉकफोर्ड स्कूल में नए सत्र की हुई शुरूआत

राजन पुरी

ऊना: रॉकफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना में वीरवार को नए सत्र की शुरूआत की गई। नर्सरी से लेकर 12वीं क्लास की अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों का उत्साहित होकर स्वागत किया। इस दिन को यादगार बनाते हुए अध्यापिकाओं और विद्यार्थियों ने सेल्फी कॉर्नर पर सेल्फी ली। स्कूल प्रबंधक विनोद आनंद और प्रिंसिपल शगुन सिक्का ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया कि विद्यार्थी दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की करें।

कांगड़ा: मॉकड्रिल में बताए आपदा में बचाव के उपाय, 119 साल पहले भुकंप ने मचाई थी तबाही

धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में चार अप्रैल 1905 में आए भूकंप से भारी जानमाल का नुकसान हुआ था। सैकड़ों लोगों के घर तबाह हुए थे और हजारों लोग दबकर मर गए थे। भविष्य में इस तरह की आपदा और भूकंप से जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए प्रदेशभर में इसे गुरूवार वर्षगांठ के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर डीसी कार्यालय परिसर कांगड़ा में कृत्रिम मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर सभी नागरिकों को जागरूक होना जरूरी है। वर्तमान में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ मानव निर्मित आपदाओं का खतरा बढ़ा है। हेमराज बैरवा ने कहा कि आपदा प्रबंधन पर विशेष फोक्स किया जा रहा है ताकि आपदा से होने वाले नुक्सान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर जिला स्तर से लेकर उपमंडल स्तर तक प्लान तैयार किए गए हैं तथा इस बाबत विभिन्न स्तरों पर नियमित तौर पर प्रशिक्षण कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर भी आपदा मित्र प्रशिक्षित किए गए हैं ताकि आपदा के समय त्वरित प्रभाव के साथ राहत तथा पुनर्वास कार्य आरंभ किए जा सकें। उन्होंने कहा कि भूकंप प्रतिरोधी भवन संरचनाओं के निर्माण के लिए मिस्त्रियों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जोखिम को कम करने के लिए उचित भूमि उपयोग और भवन निर्माण के लिए भी विशेषज्ञों की राय अवश्य लें ताकि आपदा के दौरान किसी भी तरह का नुक्सान नहीं झेलना पड़े।

भूकंप के झटके महसूस होते ही खुले स्थान में लेट जाना चाहिए। अगर घर से नहीं निकल सके तो अपने सिर को ढकें और झुक कर किसी सख्त चीज जैसे टेबल, चैकी को पकड़ लें। साथ ही उस जगह से दूर रहें जहां खिड़की, शीशे, कांच गिरकर टूट सकता हो या जहां किताबों के भारी शेल्फ अथवा भारी फर्नीचर नीचे गिर सकता हो।

चंबा में चरस की खेप बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

चंबा

चंबा जिला में पुलिस ने चरस की तस्करी और खरीद फरोख्त मामले में बड़ी कार्रवाई की है। कुल चार तस्करों को 5 किलो 856 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर नाके के दौरान पुलिस ने जब दो लोगों से 2 लाख 40 हजार 500 रुपये नकद बरामद किया तो उनसे पूछताछ के दौरान कबूला कि उन्होंने यह चरस बेचकर पैसे लिए हैं। बाद में पुलिस ने उन लोगों की मदद से जिला मुख्यालय के साथ लगते माई का बाग मोहल्ले की एक दुकान से तलाशी की तो वहां से उन्हें 5 किलो 856 ग्राम चरस और मौके से 1 लाख 40 हजार नगदी भी बरामद हुई।

रैली, चित्रकला व हस्ताक्षर अभियान से लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

चमन शर्मा

शिमला: आगामी लोकसभा चुनाव में हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला शिमला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आज विकास खण्ड कुपवी में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें नेहरू युवा केन्द्र शिमला द्वारा सघन मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान के तहत महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के सीमा कॉलेज में नेहरू युवा केन्द्र शिमला तथा एनएसएस द्वारा जागरूकता रैली

निकाली गई तथा छात्रों को मतदान संबंधी शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार स्वीप गतिविधियों के तहत सीमा कॉलेज रोहड़ू में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत आज ननखड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझोली टिप्पर में छात्रों ने चित्रकला के माध्यम से मतदान की महत्वत्ता पर प्रकाश डाला और लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

'संसार की सबसे बड़ी पार्टी के पास नहीं अपने प्रत्याशी, मायागनरी से मंगवाया उम्मीदवार'

राजन पुरी

ऊना: कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत समूरकलां में आयोजित हुई चुनावी जनसभा के दौरा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भाजपा पर जमकर हमला किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि संसार की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाले भाजपा के अपने उम्मीदवार तक नहीं है। उपचुनाव में सभी उम्मीदवार कांग्रेस के हैं, तो मंडी लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार मायानगरी से लाना पड़ा।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल में छह सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी जीत का सिक्स लगाएगी। भाजपाईयों को बॉल तक दिखाई नहीं देगी। उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव किस परिस्थितियों में हो रहे है, ये सब जानते हैं। चुनाव के दौरान 2 मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया। दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश में सरकार गिराने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 40 विधायक जीत कर विधानसभा पहुंचे, जिन 9 लोगो ने सरकार गिरने की कोशिश की, उन्हें भाजपा ने टिकट दी, जिससे साफ है कि भाजपा ने सरकार गिराने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में लड़ाई कांग्रेस और बागियों में होगी। भाजपा कही नहीं है।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा के अंदर बडी चिंगारी सुलग रही है, थोड़े ही दिनों में बड़ा विद्रोह होगा, ये पूरे प्रदेश की जनता देखेगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना में दोनों सीटें भाजपा कभी भी नहीं जीत पाएगी। उन्होंने कहा कि हमें न 4 जून का इंतजार और न ही एक जून का। नतीजा आज ही ले लो। दोनों सीटे कांग्रेस की है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर नींद में सपने लेने बंद कर दें। आज भी हम बहुमत में है।

जनता दे देगी गेडा

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि 68 के हाउस में भी हमें एक सीट चाहिए, वो तो कुटलैहड़ से ले जाएगें। उन्होंने कहा कि ऊना की जनता जरा हट के काम करती है। इन चुनावों में जनता गेडा दे देगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना के लोग कहते है कि शुक्र है कि गगरेट व कुटलैहड़ में 14 माह के भीतर ही छुटकारा हो गया। इनसे जनता परेशान थी। सब काम करवा के, सब ठेके ले लिए। हर तरफ लूट मचाई।

उडनदस्तों और स्थैतिक निगरानी टीमों की देखरेख को जिला शिकायत कमेटी गठित

राजन पुरी

ऊना: जिले में लोकसभा चुनावों और दो विधानसभा उप चुनावों की दृष्टि से कार्यरत उडनदस्तों और स्थैतिक निगरानी टीमों की कार्यप्रणाली की देखरेख के लिए जिला शिकायत कमेटी का गठन किया गया है। इसमें अतिरिक्त उपायुक्त ऊना को संयोजक और क्रेडिट योजना अधिकारी व जिला कोषाधिकारी को समिति का सदस्य बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने इसे लेकर आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के मुताबिक यह समिति जिले में तैनात उड? दस्तों और स्थैतिक निगरानी टीमों की कार्यप्रणाली की देखरेख करेगी तथा यह सुनिश्चित बनाएगी कि इन टीमों के अभियानों से आम नागरिकों को बेवजह किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए कमेटी को नियमित तौर पर हर 24 घंटे में एक बार बैठक करने को कहा गया है। इसके अलावा कमेटी चुनावी व्यय निगरानी को लेकर निर्वाचन आयोग के तय मानकों (एसओपी) का पालन नहीं करने वाले उड? दस्तों और स्थैतिक निगरानी टीमों के अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करना भी सुनिश्चित करेगी। बता दें, लोक सभा सामान्य निर्वाचन और जिले में 2 विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए उड? दस्ते और स्थैतिक निगरानी टीमें बनाई गई हैं। यह टीमें चेकिंग और पूछ पड़ताल के साथ साथ नकदी लाने ले जाने, वाहनों की आवाजाही समेत हर गतिविधि पर नजर रख रही हैं। उनकी कार्यप्रणाली से आम जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इस उद्देश्य से इस जिला शिकायत कमेटी का गठन किया गया है।

ऊना कॉलेज में भूकंप के खतरे को लेकर मॉकड्रिल आयोजित

टीम एक्शन इंडिया

ऊना: राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर भूकंप के खतरे से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल कराया गया। यह मॉक ड्रिल साल 1905 में कांगड़ा जिले में आए भूकंप के झटके के बरसीं पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य मीता शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं बिना बताए आतीं हैं। भूकंप भी एक प्राकृतिक आपदा है। हिमाचल प्रदेश भूकंप के लिए अति संवेदनशील खतरें वाले जोन चार और पांच के अन्तर्गत आता है।

इसीलिए हिमाचल प्रदेश में अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन अश्विनी कुमार ने भूकंप से बचाव के तरीके को विस्तार से बताया कि भूकंप या कोई भी प्राकृतिक आपदा बता कर नहीं आती। ऐसे समय में एकदम से समझ नहीं आता कि क्या किया जाए। भूकंप का एहसास होने पर लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो जाता है। ऐसे समय में भूकंप आने पर तुरंत ये उपाय किया जाना चाहिए।

न्यूज फ्लैश

विवाहिता को दो निरंकारियों ने बचाया

राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिले के कस्बा असंध में व्हाट्सऐप स्टेटस पर 29 सेकेंड का वीडियो अपलोड कर संदिग्ध हालातों में लापता हुई राहड़ा गांव की महिला गुरुग्राम के निरंकारी भवन से मिली है। परिजनों के मुताबिक वीडियो अपलोड करने के बाद महिला ने बल्ला के पास नहर में छलांग लगा दी थी, लेकिन उसी वक्त फरिश्ते के रूप में आए दो लोगों ने महिला को नहर में छलांग लगाते हुए देख लिया। वह महिला को बचाने के लिए नहर में कूद पड़े। इसके बाद महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दोनों ही निरंकारी मिशन से जुड़े हुए हैं और महिला का परिवार भी निरंकारी है। महिला से उन्होंने नहर में छलांग लगाने का भी कारण पूछा था, जिसमें उसने अपने पति से परेशान होने की बात बताई थी। वह उस वक्त घर नहीं जाना चाहती थी, लिहाजा दोनों निरंकारियों ने गुरुग्राम के निरंकारी सत्संग भवन में छोड़ दिया था। सत्संग भवन में ही महिला को समझा-बुझाकर घर लौटने के लिए मनाया। महिला ने सिर्फ अपनी मां का नंबर ही याद था, नंबर डायल किया और उसकी मां ने फोन उठाया। उस वक्त उसकी मां महिला के ससुराल राहड़ा में ही थी। मां ने फोन उठाया और बेटी की आवाज सुनकर जान में जान आई। गुरुग्राम निरंकारी सत्संग भवन के लोगों ने घर वालों को आने के लिए कहा। इसके बाद घर वाले मौके पर पहुंचे और उसे रात को वापस ले आए। 2 अप्रैल को विवाहिता ने बल्ला नहर पर खड़े होकर 29 सेकेंड का वीडियो जारी किया था। जिसमें पहले छह सेकेंड तक वह रोती हुई नजर आ रही है और उसके बाद उसने कहा कि अब बर्दाश्त नहीं होता, ज्यादा टेंशन ना लें, बल्कि आपकी टेंशन खत्म होने लग री, हे प्यारी सी नदी अपने आप में समा ले मैंने। स्टेटस अपलोड होने के बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। घर परिवार के लोगों ने स्टेटस देखा तो खलबली मच गई। जब परिवार वाले नदी की तरफ गए तो वहां पर कोई नहीं मिला। अनहोनी के डर से पूरे परिवार की रूह कांप गई थी। परिजनों ने शिकायत में बताया था कि 27 वर्षीय विवाहिता असंध में कम्प्यूटर सेंटर पर जाती थी और आज भी वह घर से यह बोलकर निकली थी कि वह कंप्यूटर सेंटर पर जा रही है, लेकिन वह कंप्यूटर सेंटर पर नहीं पहुंची।

सोमेट एजुकेशन फाउंडेशन ने इंडियन टैलेंट डेवलपमेंट इनीशिएटिव के विकास के लिए एक्कोर के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली: हॉस्पिटैलिटी एजुकेशन में अग्रणी इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी (आईएसएच) और सोमेट एजुकेशन ने इंडियन टैलेंट डेवलपमेंट इनीशिएटिव के अनावरण के लिए हॉस्पिटैलिटी के ग्लोबल लीडर एक्कोर के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस तीन साल की साझेदारी को बेंगलुरु में आयोजित 19वें होटल इन्वेस्टमेंट सम्मेलन एचआईसीएसए 2024 के दौरान आधिकारिक रूप दिया गया। इस पहल के तहत सोमेट एजुकेशन फाउंडेशन और एक्कोर वंचित समुदायों के 16 प्रतिभाशाली युवाओं को आईएसएच के इंटेंसिव क्युलिनरी आर्ट्स प्रोग्राम तथा इंटेंसिव पेस्ट्री एण्ड बेकरी प्रोग्राम में नामांकन के लिए स्पॉन्सर करेंगे। हर इनटेक में 5 से 6 छात्र शामिल होंगे, प्रोग्राम की शुरूआत अगस्त 2024 में होगी, जिसके बाद जनवरी 2025 और जनवरी 2026 में भी इनटेक होंगे। कुनाल वासुदेवा, सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी ने कहा की आईएसएच इन इन प्रतिभाशाली युवाओं को सर्वोच्च प्रशिक्षण एवं उत्कृष्ट लर्निंग प्रदान कर उन्हें हॉस्पिटेलिटी मैनेजर्स के रूप में विकसित करेगा, जो आगे चलकर हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में नए बेंचमार्क स्थापित करते हुए इस सेक्टर के भविष्य को नया आयाम देंगे। आईएसएच ने जाने-माने शिक्षा संस्थानों जैसे विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त क्यूलीनरी स्कूल इकोले ड्यूकास, फ्रांस और लेस रोशेस, स्विट्जरलैण्ड की साझेदारी में हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेन्ट और क्यूलीनरी आर्ट प्रोग्रामों के साथ विशेष प्रतिष्ठा हासिल की है। 10 देशों में सोमेट एडुकेशन के 20 परिसरों के ग्लोबल नेटवर्क के साथ आईएसएच छात्रों को हॉस्पिटेलिटी उद्योग के प्रभावी लीडर्स के रूप में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सोमेट एडुकेशन और एक्कोर स्थायी विकास को बढ़ावा देने, रोजगार की खामियों को दूर करने तथा वंचित समुदायों के युवाओं को सशक्त बनाकर उन्हें हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में करियर बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कोई भी राजनैतिक दल व आमजन आचार संहिता की उल्लंघना न करे: उत्तम सिंह

राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के दृष्टिगत वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली और उन्हें जिला में स्थापित किए गए मतगणना केन्द्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए करनाल विधानसभा क्षेत्र के मतो की गणना डीएवी सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के हॉल नंबर 1, इन्द्री विधानसभा क्षेत्र के मतो की गणना एसडी सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के लाईब्रेरी हॉल, घरौंडा व असंध विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना एसडी मॉडल सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के विवेकानंद ब्लॉक तथा नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतो की गणना एसडी मॉडल सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के लाईब्रेरी हॉल में करवाई जाएगी। इसके अलावा करनाल विधानसभा के उपचुनाव के लिए डीएवी सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के लाईब्रेरी को मत गणना केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी राजनैतिक दल का प्रतिनिधि मतगणना केन्द्रों का निरीक्षण कर सकते हैं। उपायुक्त ने बैठक में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। ट्वीटर, इंस्ट्राग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसी कोई सामग्री पोस्ट न करें, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। इसके साथ-साथ सभी राजनैतिक दल व चुनाव के इच्छुक लोग दा हरियाणा डिफेंसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें। किसी भी प्राईवेट प्रोपर्टी पर बिना मालिक की इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा न करें। यदि कोई बिना इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा करता है तो वह दा प्रिवेंशन ऑफ डिफेंसमेंट एक्ट की उल्लंघना माना जाएगा तथा ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी करने पर सुरजेवाला से मांगा जवाब

मनीष कुमार

अम्बाला: महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने अंबाला पहुची यहा उन्होने पत्रकारों से बातचीत करते हुए। उन्होंनें कहा की रणदीप सुरजेवाला द्वारा फिल्म अभिनेत्री और मथुरा से भाजपा लोकसभा उम्मीदवार हेमा मालिनी को लेकर दिए गए बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा की सुरजेवाला के इस बयान ने उनकी मानसिक को दशार्या है। जल्द भी महिला आयोग उन्हे नोटिस देकर पूछेगा की क्या महिलाओं से इस तरह की भाषा का प्रयोग किया जाता है । कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी पर की गई अभद्र टिप्पणी मामले में हरियाणा के महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने रणदीप सुरजेवाला को समन जारी करते हुए जवाब तलब किया है।

पुलिस में नौकरी के नाम पर ठगे 33.50 लाख

राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिले के सालवन गांव में पुलिस में नौकरी के नाम पर साढ़े 33 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से आरोपी को पेमेंट दी। पेमेंट लेने के बाद आरोपियों ने कॉल उठाना ही बंद कर दिया। पीडित आरोपियों से भी मिला और पैसे मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद उसने असंध पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने जांच करने के चार महीने बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव सालवन निवासी जसबीर सिंह अपने बीटेक बेटे अरुण कुमार के लिए नौकरी की तलाश कर रहा था। उसे गांव के कुलदीप नामक व्यक्ति ने लडके को पुलिस में नौकरी लगवाने की बात कही और गन्नौर निवासी रामपाल और रवि से मिलवाया। रामपाल व रवि ने कुछ राजनीतिक लोगों के साथ फोटो दिखाई और बताया कि मेरी जान पहचान बहुत है। बेटे की नौकरी लगवा सकता हूं, लेकिन इसके लिए मोटी रकम लगेगी। पीड़ित ने बताया कि वह उसकी बातों में आ गया।

13 जुलाई 2021 को आरोपी सालवन गांव में आए और 13 हजार नकद व 1.87 हजार रुपए गूगल पे के माध्यम से ले गए। कभी मुनक पूल के पास आकर पैसे ले जाते तो कभी पैसे यमुनानगर में मंगवाते। 18 सितंबर 2023 तक 33.50 लाख रुपए आरोपी ले चुके थे। पैसे जाने के बावजूद भी जब आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया तो उसे शक हुआ। उसने अपने स्तर पर जांच की तो पाया कि ये लोग भोले भाले लोगों को अपने जाल में फांसते हैं और पैसे हड़पते हैं।

मोदी सरकार के खिलाफ जनता में दिख रहा आक्रोश: ओमवीर

कमाल हुसैन

पानीपत: अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे , जननायक राहुल गांधी एव शीर्ष नेतृत्व के संदेश को जन जन तक पहुचाने के लिये कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखण्ड प्रभारी सभी वर्गों में बहन कुमारी शैलजा के दिशा निदेर्शानुसार अपने जनसम्पर्क के माध्यम से घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उझा गेट के पास स्थित साँई कॉलोनी में जनसभा आयोजित की गई । कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पत्र कमेटी के सदस्य व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार का बतौर मुख्यातिथि पहुचने पर उपस्थित कॉलोनी के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वागत किया गया । कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने उपस्थित कॉलोनिवासीयो को सम्बोधित करते

हुये कहा कि कहा कि भाजपा की मोदी सरकार की तानाशाही ब वकुनीतियों के खिलाफ आम जनता में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जनता अब सब कुछ समझ चुकी है । उन्होंने कहा भाजपा केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं को ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी संस्थाओं के माध्यम विपक्षी नेताओं के खिलाफ हथियार बना लिया है ईडी के निशाने पर केवल मात्र गैर भाजपाई नेताओ व मुख्यमंत्रीयो पर लिया जा रहा है जो ईडी के डर भाजपा में शामिल हो जाता है उसके सभी कांड माफ कर दिये जाते है । कांग्रेस नेता ने कहा बीजेपी के पास ऐसी वाशिंग मशीन है जिसमे कथित भष्ट नेताओ को डालते ही खुद बीजेपी नेताओं में उन्हें पाक साफ बताने की होड़ लग जाती है ओमवीर सिंह पंवार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा सभी कारगुजारी से अब जनता छिपी नही है जहत सब समझ चुकी है इसलिये भाजपा का 200 पास पहुचना बहुत मुश्किल है पवार ने दावे के साथ कहा हरियाणा सभी सीटे जनता कांग्रेस मि झोली में डालेगी । उन्होंने कॉलोनीवासियों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुये स्थानीय आमजन को पार्टी के साथ जोड़ते होते हुये ओमवीर सिंह पंवार ने उपस्थित कॉलोनीवासियों से अपील करते हुये कहा कि वक्त है बदलाव का इसलिये आने चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सभी अपना भरपूर सर्मथन दे क्योकि कांग्रेस पार्टी की जी नीतियां है वह सभी वर्गों के लिये हितकारी है उपस्थित कॉलोनीवासियों आशीर्वाद मांगते हुये कहा कि अगर पार्टी ने विधानसभा चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र से मुझे मौका दिया तो क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा ।

एटीएम मशीनों से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपी काबू

राजकुमार प्रिंस

करनाल। सीआइए वन पुलिस टीम ने माल रोड स्थित एक्सिस बैंक की एटीएम मशीनों से कैश चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एटीएम मशीनों से चुराए गए एक लाख रुपए और वारदात के समय प्रयोग की गई स्विफ्ट कार बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में माल रोड़ करनाल पर स्थित एक्सिस बैंक की एटीएम मशीनों से कैश चोरी होने की एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके संबंध में थाना सिविल लाइन में 18 फरवरी को भादंसं की धारा-457, 380, 473, 411, 427, 201 व 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच की जिम्मेवारी

सीआइए वन को सौंपी गई। इस मामले में पानीपत पुलिस द्वारा चार आरोपियों को गिरफ्तार करने बारे सूचना प्राप्त हुई। सुचना मिलते ही सीआइए वन की टीम ने बिना किसी देरी के आरोपियों की गिरफ्तारी लेने के लिए प्रोडक्शन वारंट लगाया और 30 मार्च को चारों आरोपियों धीरज पुत्र जयपाल, मोहित पुत्र जयपाल वासी ब्रहम नगर राजीव कालोनी, हांसी रोड़ करनाल, रवि पुत्र रोशन लाल वासी नजदीक जोगीदास कोठी

शिकंजा

8 आरोपियों के कब्जे से एटीएम मशीनों से चुराए गए एक लाख रुपए और वारदात के समय प्रयोग की गई स्विफ्ट कार बरामद की

बांसो गेट, करनाल हाल श्रीराम कालोनी शिवपूरी रोड, करनाल और तारीक अनवर पुत्र जुहारूदीन वासी गांव अन्द्रोल थाना हथीन, पलवल को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा सभी आरोपियों को अदालत के समक्ष पेशकर पुलिस रिमांड पर लिया गया।

सीआईए वन के प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से एटीएम मशीनों से चुराए गए एक लाख रुपए और वारदात के समय प्रयोग की गई स्वीफ्ट कार बरामद की गई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी धीरज, मोहित व रवि के खिलाफ पहले भी आपसी विवाद के तहत कई मामले दर्ज हैं और आरोपी तारीक के खिलाफ भी पलवल में एक मामला शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत व 3 मामले चोरी की धाराओं के तहत दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आज रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद चारों आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आतंकवाद के खिलाफ एक मंच पर आएं सभी पार्टियां : मनिंदरजीत सिंह बिट्टा

राजकुमार प्रिंस

करनाल। अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने आतंकवाद के खिलाफ राजनीतिक पार्टियों को एक मंच पर आने का आह्वान किया। साथ ही किसान आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ रची गई साजिश पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर हो, टेंररिज्म हो या फिर खालिस्तान हो, सभी राजनीतिक पार्टियों को एक मंच पर एकत्रित होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान शंभू बॉर्डर पर धरना प्रदर्शन चलता रहा। किसान पूरे देश में हैं, अकेले पंजाब में नहीं। इसके अलावा किसी और प्रदेश के किसानों ने धरना नहीं लगाया। धरना देने का सबको अधिकार है, लेकिन आंदोलन के अंदर (किसान की बात नहीं कर रहा) देश के प्रथम सेवक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में यह कहा जाए कि पहले फिरोजपुर में आए थे, अब बचकर नहीं जाएंगे। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, यह मेरा सवाल है? मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि हमने दो-दो प्रधानमंत्रियों को खोया है। हमने राजीव गांधी को खोया है, हमने इंदिरा गांधी को खोया है, हमने पंजाब के चीफ मिनिस्टर को खोया है, हमने पंजाब में 36 हजार बेकसूरों का कत्लेआम होते देखा है और 19 हजार हिंदू भाइयों का खून पीते हुए देखा है।

बहन की शादी में चले चाकू, घायल

राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिले के पिंगली गांव के पिंटू और उसके दोस्त दीपक पर चाकुओं से हमला कर दिया गया। हमला 2 अप्रैल को उस वक्त हुआ, जब पिंटू की चचेरी बहन की शादी के फेरे चल रहे थे। इसी दौरान को पिंटू को कोई युवक बुलाकर बाहर ले जाता है और वहीं पर उसे पर चाकुओं से हमला कर दिया जाता है। दीपक भी अपने दोस्त पिंटू को छुड़ाने के लिए आता है तो उसको भी चाकुओं से गोद दिया जाता है और आरोपी मौके से फरार हो जाते है। दोनों को करनाल के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर दीपक की हालत देखते हुए

डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है, जबकि पिंटू आईसीयू में भर्ती है। आज पुलिस भी स्टेटमेंट लेने के लिए करनाल अस्पताल में पहुंची, लेकिन पिंटू ने कुछ भी स्टेटमेंट देने से इंकार कर दिया। ऐसे में स्पष्ट नहीं हुआ है कि हमला किस वजह से हुआ। परिजनों की माने तो आरोपी गांव के ही है। पिंटू के चाचा ने बताया कि मेरे भाई की लडकी की शादी थी। पिंटू वहीं पर काम कर रहा था। फेरे चल रहे थे, इसी दौरान पिंटू को एक युवक बाहर ले गया और हमला कर दिया।

योग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है : दिनेश गुलाटी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आज का विशेष सत्र एलआईसी पार्क से संचालित किया गया। आज के शानदार सत्र की शुरूआत योग शिक्षिका राधिका भाटिया और कोमल कंबोज द्वारा की गई। सूक्ष्म व्यायाम के साथ एरोबिक्स का अभ्यास करवाया। एरोबिक्स वजन कम करने और शरीर को लचीला बनाने के लिए बहुत फायदेमंद है। आसन सत्र के साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। दिनेश गुलाटी ने

कहा कि शरीर को आंतरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए प्राणायाम और ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राणायाम करने से आंतरिक अंगों की मालिश होती है, जिससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। नियमित योग करने से आपका पाचन तंत्र सक्रिय हो जाता है और अपच और गैस जैसी पेट संबंधी अन्य बीमारियां खत्म हो जाती हैं। योग दर्द और सहनशीलता के स्तर को बढ़ाता है और पुराने दर्द को कम करने की दिशा में भी काम करता है। उन्होंने कहा कि योग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। जो व्यक्ति नित्यप्रति योग करता है, वह योग करने के बाद ऊजार्वान महसूस करते हैं।

सांस लेना और ध्यान आपको व्यर्थ के विचारों से मुक्ति दिलाने में सक्षम बनाता है। प्रतिदिन के योगाभ्यास से आप देखेंगे कि शांति अब केवल आपके अभ्यास का हिस्सा नहीं रह गई है। यह आपके जीवन जीने का एक तरीका बन गई हैं।

मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री देखना चाहती है देश की जनता: जगमोहन

जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में की मतदान की अपील

राजकुमार प्रिंस

करनाल। कुरूक्षेत्र भाजपा के प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि पूरे देश में केंद्र की मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल को सराहा जा रहा है। लोगों ने मोदी को 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। जगमोहन आनंद वार्ड 4 के कर्ण विहार में पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र नौतना के निवास पर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश में पुनरू तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने और करनाल विधानसभा से प्रत्याशी प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं करनाल लोकसभा से भाजपा

प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि कहा कि जिस तरह से प्रदेश ने मनोहर लाल के नेतृत्व में तरक्की की है, ठीक उसी तरह से अब प्रदेश को मुख्यमंत्री नायब सैनी विकास के नए आयाम देंगे। मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में करनाल के साथ साथ पूरे प्रदेश का समान रूप से विकास किया है और उनके नेतृत्व में कोई भी कोना विकास से अछूता नहीं रहा है। अब मनोहर लाल को करनाल लोकसभा क्षेत्र की जनता रिकॉर्ड मतों से जिताकर लोकसभा में भेजेगी।पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र नौतना एवं वार्डवासियों ने आश्वासन दिया गया कि उनके वार्ड से सबसे ज्यादा लीड लोकसभा और विधानसभा

दावा

8 अब मनोहर लाल को करनाल लोकसभा क्षेत्र की जनता रिकॉर्ड मतों से जिताकर लोकसभा में भेजेगी।

उपचुनाव में दर्ज की जाएगी। इस अवसर पर सुरेश राणा, सतेंद्र नौतना, दिवाकर प्रसाद, योगेश कौशिक, गुरनाम, रामानंद, रामप्रीत प्रसाद, राम प्रताप, गुलशन कुमार, परमाल सिंह, गुरमेज, राजकुमार, जिले सिंह, बलवान सिंह, गुरनाम सिंह, बिशन दास सहित अन्य मौजूद थे।

संडे मार्किट से मोटरसाइकिल चुराने वाला काबू

राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिला पुलिस की एंटी आटो थेफ्ट स्टाफ टीम ने प्रत्येक रविवार को सैक्टर-12 के ग्राउंड में लगने वाली संडे मार्किट से दोपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से चुराई गई पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। एंटी आटो थेफ्ट स्टाफ के इन्चार्ज उपनिरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल की शाम को पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी रितिक पुत्र बिजेन्द्र सिंह वासी दथेडा थाना झींझाना, यूपी, हाल गांव बड़सालू, जिला करनाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ के आधार पर आरोपी से पांच

मोटरसाइकिलें बरामद की गई। आरोपी द्वारा ये सभी मोटरसाईकिल थाना लाईन क्षेत्र में सैक्टर-12, करनाल संडे मार्किट से चोरी की गई थी। इनके संबंध में पहले से ही शिकायतकताओं की शिकायत पर थाना सिविल लाइन में चोरी के तहत मामले दर्ज हैं। उन्होंनें बताया कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के लिए ऐसी मोटरसाईकिलों को अपना निशाना बनाता था, जिनका लाक न लगा हो। वह उनका स्विच निकालकर उन्हें फ्री करके उड़ा ले जाता था और इसके अलावा वह डुप्लिकेट चाबी के माध्यम से भी मोटरसाइकिलों के लाक व स्विच खोलकर उन्हें लेकर फरार हो जाता था।

संपादकीय

भाजपा ने राजनीति को सेवा करने का सर्वोत्तम माध्यम बनाया

देश के राजनीतिक इतिहास में छह अप्रैल का दिन खास अहमियत रखता है। "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा " भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन, 1980 में यानी 44 साल पहले, पार्टी की स्थापना के समय ये शब्द कहे थे। शायद उन्होंने यह बात पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कही होगी लेकिन उस समय पार्टी कार्यकताओं या फिर विपक्षी दलों में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले दिनों में अटल जी की बातें सही साबित होंगी। 1984 के लोकसभा चुनाव में केवल दो सीटें हासिल करने से लेकर 2019 के चुनाव में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा ने अपने इस शानदार सफर में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, बड़े झटके भी खाए और मायूसी भी महसूस की। धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम है। राजनीति के माध्यम से हम समाज के दबे-कुचले लोगों और उपेक्षित समुदायों को ऊपर उठाते हुए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास कर सकते हैं। एक व्यापक बदलाव लाने का जो कार्य, बड़े से बड़े वेतन वाली प्रतिष्ठित नौकरी करके भी नहीं किया जा सकता है, उसे राजनीति के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। इसी सिद्धांत पर चलते हुए भाजपा ने आरंभ से ही राजनीति को सत्ता की बजाय सेवा का माध्यम माना है। आजादी के बाद के लंबे कालखंड तक भारतीय राजनीति में परिवार और व्यक्ति केंद्रित दलों ने राजनीति को कमाई का जरिया बनाया और सेवा भाव को नदी के जलधारा में प्रवाहित कर दिया। बीच-बीच में केंद्र की सत्ता पर आसीन गैरकांग्रेसी सरकारों ने लोक कल्याण के लिए कुछ करने की सोची तो उन्हें अस्थिर कर दिया गया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए सरकार का गठन हुआ, तब से तस्वीर में बदलाव आया है। पिछले दस वर्षों में आम आदमी को इस बात का आभास हुआ है कि राजनीतिज्ञ अगर सेवा करने के भाव से राजनीति करें तो कितना बड़ा और व्यापक बदलाव देश और आम आदमी की जिंदगी में लाया जा सकता है। भाजपा की रीति-नीति और संकल्पों की डगर पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह साबित कर दिया कि राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। परिवारवादी दल जो अपने परिवारजनों के विकास और उत्थान में सारी ऊर्जा खपाते हैं, वह राजनीति को सेवा का नहीं, बल्कि मेवा का माध्यम मानते हैं। उनकी डिक्शनरी में परिवार पहले और देश बाद में आता है।

तीन मार्च, 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलांयस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तेलंगाना के आदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं।

संजय निरुपम और संजय अनुपम

राकेश अचल

> वे एक दुर्घटना कि शिकार हो गए ,अन्यथा संजय निरुपम को कांग्रेस ने जो मौका दिया वो शायद न मिलता। बहरहाल हम राजनीति में सत्ता कि लिए बल्दियत बदलने कि हमेशा से विरोधी रहे हैं । संजय निरुपम का कांग्रेस से बगावत करना भी हमें इसी तरह से अटपटा लग रहा है। आने वाले दिनों में दोनों संजयों का निर्णय देश की जनता करेगी। जनता को हमेशा याद रखना होगा की कोई भी संजय निरुपम हमेशा कि लिए नहीं होता लेकिन कोई भी संजय सिंह से अनुपम भी बन सकता है। एक संजय कि पार्टी से बाहर जाने के और एक संजय कि जेल से बाहर आने के असर के बारे में आज बात करने की जरूरत नहीं है । दोनों की मौजूदगी दिल्ली ,मुंबई और देश की राजनीति में रेखांकित अवश्य की जाएगी। इति श्री संजय पुराणे अंतिम अध्याय समाप्त

संजय होना आसान बात नहीं है । संजय यानि सारथी। सारथी ऐसा जो आजीवन साथ निभाए ।हम और आप अनेक संजयों को जानते हैं । महाभारत के संजय से लेकर फिल्मों के संजय तक को ,लेकिन आज मै बात कर रहा हूँ राजनीति के दो ऐसे संजय की जो निरुपम होते हुए भी निरुपम नहीं रहे और एक संजय से संजय अनुपम बनते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल संजय होना बहुत कठिन काम है। सबसे पहले बात करते हैं संजय निरुपम की। संजय निरुपम पत्रकारिता से राजनीति में आये। जब मैं दिल्ली जनसत्ता के लिए अपनी सेवाएं देता था,तब वे मुंबई संस्करण से जुड़े थे। अपनी दिलचस्पी की वजह से वे राजनीति में आये और कांग्रेस से जुड़े। कांग्रेस ने उन्हें 1996 में सीधे राज्य सभा भेज दिया। संजय ने अपनी सेवाओं से कांग्रेस मेंअपनी जगह बनाई ,नतीजा ये हुआ की उन्हें 2000 में दोबारा राजयसभा के लिए भेज दिया गया । खुशनसीब थे संजय निरुपम। संजय ने 2009 के लोकसभा चुनाव में उन्?होंने मुंबई [उत्तर] से भाजपा के प्रत्?याशी राम नाइक को हराया और सांसद चुने गये। उनकी जीत का अंतर करीब ढाई लाख वोटों का रहा। संजय अपनी स्पष्टवादिता और मुखरता के चलते कांग्रेस के लिए खरा सिक्का साबित हुए । 2014 में जब देश में मोदी लहर चल रही थी तब संजय निरुपम भाजपा के उम्मीदवार गोपाल शेट्टी से हार गए। शेट्टी ने उन्?हें 2 लाख 17 हजार वोटों से हराया। कांग्रेस ने संजय को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया लेकिन बाद में पार्टी की पराजय के बाद संजय ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस के इसी खरे सिक्के को अब कांग्रेस से छह साल के निष्काषित कर दिया गया है। पार्टी निर्णयों के खिलाफ खड़े हुए संजय निरुपम को निकलने के अलावा कांग्रेस के पास कोई और विकल्प था भी नही। कहते हैं कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना

(यूबीटी) द्वारा मुंबई की छह लोकसभा सीट में से मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट समेत चार के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा के बाद निरुपम ने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व पर निशाना साधा था। निरुपम मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से चुनाव लड़ना चाहते थ। निरुपम का कहना था कि कांग्रेस नेतृत्व को शिवसेना (यूबीटी) के आगे दबाव में नहीं झुकना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि मुंबई में एकतरफा उम्मीदवार उतारने के शिवसेना (यूबीटी) के फैसले को स्वीकार करना कांग्रेस को बर्बाद करने की अनुमति देने के समान है। मुमकिन है की संजय निरुपम सही हों लेकिन जिस कांग्रेस ने उन्हें सब कुछ दिया उसके फैसले कि सामने भी उन्हें संजय निरुपम ही बने रहना चाहिए था,उन्होंने पार्टी नेतृत्व को चुनौती देकर गलती की। तय है की कांग्रेस कि स्टार प्रचारक रहे संजय को अब यदि राजनीति करना है तो वे भाजपा की शरण में जायेंगे । निर्दलीय लड़ने की उनकी हैसियत नहीं है। उनके समर्थक उन्हें शायद ही क्षमा करें। आइये अब बात करते हैं आम आदमी पार्टी कि संजय सिंह की। संजय सिंह खनिज इंजीनयर हैं। वे समाजसेवा करते हुए अन्ना आंदोलन के जरिये सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़े और आम आदमी पार्टी कि साथ राजनीति में आये। वे आम आदमी पार्टी कि सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल कि विश्वसनीय सारथी हैं। संजय संजय सिंह ने आम आदमी पार्टी की तरफ से 2018 तक कोई चुनाव नहीं लड़ा, मगर पार्टी के लिए शुरू से ही काम कर रहे हैं। इसी का परिणाम था की आम आदमी पार्टी ने उन्हें दिल्ली से राज्यसभा भेजा, ताकि पार्टी के कार्यकताओं का मन बना रहे और पार्टी के लोगों को यह भी लगे कि वह उनका ध्यान रखते हैं।इसके अलावा संजय सिंह ने किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों और जिन राज्यों में प्राकृतिक आपदाएं आती वहां सहायता करना, अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध करवाना आदि कई प्रकार के कार्य पार्टी में रहते हुए किए, जिसके कारण स्वयं और पार्टी दोनों के कद को बड़ा किया। संजय सिंह को आम आदमी पार्टी ने 2018 में राज्य सभा में भेजा था । वहां वे अपनी पार्टी की ही नहीं बल्कि विपक्ष की एक मजबूत आवाज बने । सबसे पहले उन्हें अपनी मुखरता की सजा राज्य सभा से निलंबन कि रूप में मिली ,बाद में उन्हें ईडी ने कथित शराब घोटाले कि मामले में आरोपी बनाकर जेल भेज दिय। संजय छह माह से जेल में थे और हाल ही में सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर बाहर आये है। जेल से बाहर आते ही उन्होने सबसे पहले जेल में बंद पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल कि घर जाकर उनकी पत्नी सुनीता से भेंट की और आशीर्वाद लिया। अब संजय सिंह अपनी पार्टी कि लिए अनुपम बन गए हैं।

संजय सिंह कि सामने विकल्प था कि वे सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा कि समाने समर्पण कर गिरफ्तारी से बच सकते थे ,किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किय। वे पार्टी कि प्रति निष्ठावान रहते हुए जेल गए और छह माह बाद जेल से बाहर आये। संजय सिंह भी संजय निरुपम की तरह अपनी पार्टी कि तमाम फैसलों से असहमत होकर पार्टी से बाहर आने की जुगत कर सकते थे । इस समय उन्हें भी सत्तारूढ़ पार्टी में मुंहमांगी कीमत मिल सकती थी ,लेकिन जमीर भी कोई चीज होती है । जो मुंबई कि संजय कि पास नहीं निकली लेकिन दिल्ली कि संजय कि पास इफरात में निकली ।केजरीवाल से असहमत तमाम लोगों ने आम आदमी पार्टी छोड़ दी। कुमार विश्वास और आशुतोष जैसे तमाम लोग संजय सिंह नहीं बन पाए।

राजनीति में संजय होना मुश्किल है । कांग्रेस कि पास संजय निरुपम से पहले एक संजय और थे। वे संजय गांधी थे। आपातकाल में अपनी कथित ज्यादतियों की वजह से खलनायक बने लेकिन उनकी अपनी शैली थी।

वे एक दुर्घटना कि शिकार हो गए, अन्यथा संजय निरुपम को कांग्रेस ने जो मौका दिया वो शायद न मिलता। बहरहाल हम राजनीति में सत्ता कि लिए बल्दियत बदलने कि हमेशा से विरोधी रहे हैं । संजय निरुपम का कांग्रेस से बगावत करना भी हमें इसी तरह से अटपटा लग रहा है। आने वाले दिनों में दोनों संजयों का निर्णय देश की जनता करेगी। जनता को हमेशा याद रखना होगा की कोई भी संजय निरुपम हमेशा कि लिए नहीं होता लेकिन कोई भी संजय सिंह से अनुपम भी बन सकता है।

एक संजय कि पार्टी से बाहर जाने के और एक संजय कि जेल से बाहर आने के असर के बारे में आज बात करने की जरूरत नहीं है । दोनों की मौजूदगी दिल्ली ,मुंबई और देश की राजनीति में रेखांकित अवश्य की जाएगी। इति श्री संजय पुराणे अंतिम अध्याय समाप्त ।

कविता

घर तो बुजुर्गो के साये से बनता है

सपनो में आकाश सी ऊंचाई होनी चाहिए,
दिल में सागर सी गहराई होनी चाईये,

अगला दिन इतिहास बनेगा या भविष्य,
मन की आँखों में इतनी बिनाई होनी चाहिये

घर तो बुजुर्गो के साये से बनता है,
उनकी सदा इज्जत अफजाई होनी चाईये।

ईश्वर में विश्वास हो पक्का तो,
कुरान और गीता सी सच्चाई होनी चाहिए।

रिश्तेदारों से तो पडोसी अच्छे है,
दुःख सुख के रिश्तों में गरमाई होनी चाहिए।

गर्भ में तो राम,रावण रोपे जाते है,
कर्मों की उसमें परछाई होनी चाहिए।

मुद्दतों बाद मिला है आज पुराना दोस्त,
देर तलक खुशबुओं की खुशनुमाई होनी चाहिए,

जिसने वतन की खातिर खून बहाया,
वतन परस्ती की भरपाई होनी चाहिये

संजीव

अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहकर जीवन व्यतीत करें

डॉ. बीआर नलवाया

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हमें अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया जाता है। अच्छी सेहत और लंबी उम्र की चाहत सभी व्यक्तियों की होती है लेकिन बहुत ही कम लोग इसका राज जानते हैं। स्वस्थ रहने का पहला कदम है, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो, स्वास्थ्य को समझें, स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं करें जो व्यक्ति स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करते हैं उन्हें फिर बीमार पड़ने की चिंता नहीं रहती व वे बीमार नहीं पड़ते। यदि बीमार हो भी गए तो जल्दी ही स्वतः ठीक हो जाते हैं। जीवन का सही सदुपयोग करने के लिए स्वस्थ रहना आवश्यक है।

लंबी उम्र का राज आपकी जीवनशैली में छुपा है। आप क्या खाते हैं, कितना शारीरिक व्यायाम करते हैं उससे आपकी लंबी उम्र तय हो सकती है। कहा जाता है कि यदि आप चुस्त और छरहरे बदन को रखना चाहते हैं तो आपको सुबह का नाश्ता एक शहंशाह की तरह करना चाहिए, दोपहर का भोजन एक राजकुमार की तरह करना चाहिए तथा रात का भोजन एक भिखारी की तरह करना चाहिए। शरीर के रोग विकारों पर विश्व में तेजी से अनुसंधान हो रहे हैं। बुरे विचार हमारे पेट में आंतों के रोगों को जन्म देते हैं, वही स्वस्थ विचार हमारे शरीर को शक्ति प्रदान करते हैं। स्वस्थ विचारों के साथ हम अपने स्वस्थ खानपान पर भी ध्यान दें तो तनाव दूर करने में काफी सहायता मिलती है।

बदलती दुनिया, मौसम, खानपान, लोगों के मिजाज, रहन-सहन और आजीविका की मजबूरियों के चलते अपनी अवहेलना स्वयं को ही मुश्किलों में डाल सकती है। हमारे रहन-सहन और खान-पान हर स्थान की जलवायु के मुताबिक ही होना चाहिए। रोगों को दूर करने के लिए हमे अपनी मिट्टी, पानी, हवा के अनुसार जीवन शैली अपनाना जरूरी है। इसके साथ ही दुनिया को हम दिखाएं कि कैसे मौसम में कैसे जिया जा सकता है इसलिए हमें खान-पान पर ध्यान देना जरूरी है।

आजकल पिज्जा,बर्गर आदि फास्ट फूड खाना, साथ ही कोल्ड ड्रिंक पीना युवा पीढ़ी की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। इन चीजों के उपभोग से कब्ज और एसिडिटी की दिक्कतें शुरू हो जाती है इसके कारण युवा पीढ़ी को अनेक बीमारियां घेर लेती है।

स्वस्थ रहने के लिए विचार भी उत्तम होने चाहिए। विचारों का प्रभाव सीधे हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। दूषित विचार मन को विकृत करते हैं जिसका स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। वैसे तो स्वास्थ्य के प्रति अनेक नियम उपयोगी है जिनमें निम्नानुसार आवश्यक होने के साथ अनिवार्य रूप से पालन करें तो स्वस्थ रहना कठिन कार्य नहीं है:-

1) भोजन हमेशा भूख लगने पर ही करना चाहिए। देर से पचने वाले गरिष्ठ पदार्थ और अधिक मिर्ची मसाले का सेवन हानिकारक है।

2) स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए भोजन में वे सारे तत्व होना चाहिए जो मनुष्य के शरीर के पोषण के लिए आवश्यक है।

3) भोजन के तुरंत बाद अधिक जल ना पीए। 1 घंटे बाद खूब जल पीए।

विचार

दृष्टि हीनता से बचने उपाय करें स्वयं बचें, लोगों को भी बचाएं

सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

आंखे आदमी के लिए वह नियमाक है जो, न रहे तो सारा संसार अंधकार में डूब जाता है। आंखे हमारे लिए सबसे अधिक मुल्यवान और महत्वपूर्ण अंग है। जरा सी अज्ञानता की वजह से हम इस बहुमूल्य अंग को खो देते हैं! और फिर सामना करते हैं, जिंदगी भर के अंधेरे और अंधत्व का। अच्छी नेत्रदृष्टि के लिए विटामिन ए की जरूरत होती है। और यह हमें आसानी से पालक, चौलाई, सब्जियों, सीताफल, गाजर, टमाटर आदि में सर्व सुलभ है। अंचल में कुछ वर्षों से नेत्र संबंधी विकारों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। धूल भरे वातावरण व अज्ञानता की वजह से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बच्चों में दृष्टिहीनता की शिकायतों में वृद्धि हुई है। आगामी दिनों में शीघ्र ही अंधत्व निवारण के लिए केंद्र सरकार विश्व बैंक की सहायता से देशभर में मोतिया बिंद से अंधे हुए 85 लाख लोगों की आंखों का आपरेशन कराएगी, केंद्रीय मंत्रीमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने विश्व बैंक की सहायता से देश भर में मोतिया बिंद से हो रहे अंधेपन के खिलाफ अभियान पंचवर्षीय योजना में इसके लिए 448 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। जिसमें 2.26 करोड़ रुपया विश्व बैंक और 32 करोड़ रुपया जेनिस सिस्टम से आएगा। बताया गया है कि अगले तीन वर्षों में 85 लाख लोगों की आंखों में मोतिया बिंद के आपरेशन का लक्ष्य रखा गया है।

हमारे छत्तीसगढ़ अंचल में अंधत्व रोग होने के कई कारण हैं जैसे वहां फूलामाड़ा नामक बीमारी सामन्यतः ज्यादा होती है, चेचक के कारण ही यह रोग होता है। साथ ही विटामिन ए की कमी भी इस रोग के महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। इसके अतिरिक्त धान कटाई के समय उड़ने वाले कचरे आंख को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। प्रदूषित वातावरण एलर्जी की शिकायत को जन्म देने वाला प्रमुख कारण है। फलतः आंख की बीमारी जन्म लेने लगती है। मोतिया बिंद का रोग बिना किसी लक्षण के अचानक ही प्रकट होता है। इससे पीड़ित व्यक्ति धीरे-धीरे अंधत्व का शिकार हो जाता है। नेत्र विषयक व्याधियों की जानकारी प्रारंभिक अवस्था में ज्ञात करने शालेय स्तर पर नेत्र परीक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए, इस तरह के परीक्षण से कुछ दृष्टि दोष जो बचपन में सुधारे नहीं जा सकते, उनका समय रहते निदान किया जा सके, उदाहरण के तौर पर हायपर मेट्रोपिया रोग आठ वर्ष की उम्र में बच्चों को होते हैं। जो आगे चलकर आंखों के तिरछेपन के लिए उत्तरदायी होता है। इस तरह के रोग समय रहते उपचारित किए जाएं तो नेत्र व्याधियों से बचा जा सकता है। बच्चों में नेत्र व्याधियों के बढ़ने का महत्वपूर्ण कारण टी वी, विडियो अधिक समय तक देखते रहने की आदत भी है। वहीं गाजर, पपीता, बथुआ, पालक जो सहज सुलभ हैं , अधिकांश लोग अज्ञानता के कारण इनका समुचित मात्रा में प्रयोग नहीं करते और अंधत्व के कगार पर चले जाते हैं। एक जानकारी के अनुसार आज भारत में एक करोड़ पैतीस लाख लोग पूर्ण दृष्टिहीनता के शिकार हैं ।और इतने ही आंशिक रूप से अंधत्व से प्रभावित हैं। आंकड़े बताते हैं कि विश्व का हर तीसरा दृष्टिहीन व्यक्ति भारत का है। डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप के कारण अब एक नई बीमारी "रैटिवोवेथी"दिखाई पड़ती है, पर यदि सही समय पर नेत्र परीक्षण व शल्यक्रिया किया जाए तो व्यक्ति अपनी खोई हुई ज्योति पुनः प्राप्त कर सकता है। कुछ लोग नेत्रदान से कतराते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि. नेत्रदान ही ऐसा दान है जिसके माध्यम से व्यक्ति की आंखे मरणोपरांत भी दुनिया को देखती रहती हैं। वर्तमान में छोटे बच्चों में नेत्र संबंधी विकारों में चिंताजनक वृद्धि हुई है।विशेषकर कम उम्र के बच्चों के नेत्रों की पुतली में अल्स बन जाने एवं आंखों में एलर्जी की शिकायतें बढ़ी हैं। धूल, धुएं व अन्य प्रदूषण से आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मे का उपयोग लाभदायक है। साथ ही सोने से पूर्व प्रतिदिन रात्रि में आंखों को स्वच्छ पानी से धोना चाहिए। नेत्र संबंधी किसी भी तकलीफ की उपेक्षा न कर तुरंत ही नेत्र विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। कांटैक्ट लैंस चश्मे का एक अच्छा विकल्प हैं, चिकित्सक के उचित परामर्श के बाद 'चश्माधारी सहजतापूर्वक कांटेक्ट लेंस लगवा सकते हैं। कांटैक्ट लेंस का चलन इसलिए भी ज्यादा है कि इससे दृष्टि ज्यादा स्पष्ट रहती है। साथ ही चेहरे की सुंदरता भी बनी रहती है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)

स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001

एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

सामाजिक जीवन में मीडिया की बदलती भूमिका

विजय गर्ग

सोशल मीडिया के उद्भव ने इतिहास की दिशा बदल दी। कई लोगों का मानना है कि इंटरनेट ने सूचना के लोकतंत्रीकरण में सहायता की है; इंटरनेट पर कोई भी कुछ भी पोस्ट कर सकता है और उसे सुना जा सकता है। इंटरनेट ने भौगोलिक सीमाओं और सामाजिक आर्थिक विभाजन जैसी कृत्रिम बाधाओं को तोड़ दिया है और एक वैश्विक समुदाय, निर्बाध बाजार और आम ग्राहक बनाने में सहायता की है। सामाजिक जीवन में मीडिया की भूमिका मीडिया हमारे सामाजिक जीवन को आकार देने और हम कैसे बातचीत करते हैं, इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पहले, मीडिया का उपभोग मुख्य रूप से पारंपरिक टेलीविजन, रेडियो और प्रिंट प्लेटफार्मों के माध्यम से किया जाता था। हालाँकि, इंटरनेट और सोशल मीडिया के प्रसार के साथ, मीडिया परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है, और हमारे सामाजिक जीवन में मीडिया की भूमिका भी विकसित हुई है। प्रभाव का क्षेत्र मीडिया का सामाजिक प्रभाव चार मुख्य क्षेत्रों में देखा गया है - बातचीत के बदलते तरीके सामाजिक संपर्क में एक बड़ा बदलाव ऑनलाइन और डिजिटल संचार की ओर बदलाव है। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने सूचनाओं, विचारों और अनुभवों को जोड़ने और साझा करने के नए तरीके प्रदान किए हैं। उदाहरण के लिए, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लोगों को प्रोफाइल बनाने, सामग्री साझा करने और दुनिया भर में दोस्तों और अजनबियों से जुड़ने की अनुमति देते हैं। इन प्लेटफार्मों ने व्यक्तियों और संगठनों को बड़े दर्शकों तक पहुंचने और उनसे जुड़ने के नए अवसर भी प्रदान किए हैं। इन प्लेटफार्मों पर स्वयं की गलत भावना पैदा करने का एक मुद्दा रहा है, जिसे बाद में यहां मिलने वाली मान्यता के माध्यम से मजबूत किया जाता है। किशोर आबादी, जो अभी भी विकास के एक महत्वपूर्ण और लचीले चरण में है, इन प्लेटफार्मों की ओर आकर्षित होती है क्योंकि वे अपने स्वयं के जटिल जीवन से पलायन प्रदान करते हैं। इससे उनकी पहचान और आत्म-अवधारणा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

पेंसिल और शार्पनर

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बस्ते में एक पुरानी पेंसिल थी। उसका शार्पनर (छिलनी) से चक्कर था। दोनों का प्यार कई दिनों तक बदस्तूर चलता रहा। प्यार भी ऐसा जो सातवें आसमान पर हो। उनके इश्क-ए-खुमार का पता इसी से चल जाता कि पेंसिल से नोटबुक में लिखो तो इश्क-ए-खुमार शार्पनर पर चढ़ता। वहीं पेंसिल टूटने को होती तो शार्पनर का रो-रोकर बुरा हाल होता। शुरू शुरू में इश्क इतना कि दोनों एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते थे। दिखने में पेंसिल और शार्पनर अलग-अलग थे, लेकिन इश्क की खुश्बू दोनों की एक सी थी। यही किस्सा आगे भी चलता रहा। कोई दूसरा शार्पनर पेंसिल को छू लेता तो शार्पनर का हाल काटो तो खून नहीं वाला हो जाता। दोनों तीन महीने तक कभी बस्ते में पर तो कभी मेज पर साथ-साथ नजर आते। दोनों का रिश्ता इतना गहरा चुका था कि एक-दूसरे के बिना भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते थे। अब भला समय भी कोई चीज होती है। आज जो अच्छा लगता है कल वही खराब लग सकता है और जो कल तक खराब लगता है वही अब अच्छा लग सकता है। पेंसिल पुरानी पड़ चुकी थी। इश्क की छिलन में वह घिस चुकी थी। अब बच्चा उसका कम ही इस्तेमाल करता था। एक दिन घर में नई पेंसिल आई और शार्पनर का आकर्षण उसके प्रति बढ़ने लगा। धीरे-धीरे उसने पुराने इश्क के खुमार को पुरानी पड़ चुकी पेंसिल के हवाले करते हुए नई पेंसिल के संग जोड़ी बना ली। यह देख पुरानी पेंसिल बड़ी दुखी हुई। इससे पहले कि वह कुछ पूछे शार्पनर बोल पड़ा झ मैं जानता हूँ कि तुम यही जानना चाहती हो न कि मैं तुम्हें क्यों छोड़ रहा हूँ? तो सुनो झ जब एक दल कई साल पुराने अपने संगी दल को छोड़कर गठबंधन कर सकता है, कोई पुराना नेता मंत्री पद का लुत्फ उठाने के बाद नए दल में घुस सकता है, कोई दंपत्ति बाल-बच्चे होने के बावजूद किसी दूसरे पार्टनर के संग रह सकते हैं, तो मैं फिर भी शार्पनर हूँ। मैं जब चाहूँ तब, कहीं भी कभी भी किसी भी तरफ मुँह मार सकता हूँ। तुम बहुत किस्मत वाली हो कि हम दोनों की जोड़ी बहुत दिनों तक टिकी रही। वैसे भी घिसने वालों को टिकने की चाहत नहीं रखनी चाहिए। अलविदा मेरी प्रिया! मैं अब किसी और को चाहने लगा हूँ।

हेल्थ प्लस

टीथ सैंसिटिविटी

कुछ लोगों के दांतों में ठंडा-गर्म लगता रहता है यानी कुछ भी ठंडा या गर्म खाने पर उनके दांतों में दर्द होने लगता है। ये लोग टीथ सैंसिटिविटी यानी दांतों की संवेदनशीलता की समस्या से ग्रस्त होते हैं।

दांतों की यह समस्या किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि उम्र के 20वें तथा 30वें दशक के लोग इस समस्या का अधिक सामना करते हैं। वैसे इस समस्या का आसानी से उपचार किया जा सकता है।

क्या है टीथ सैंसिटिविटी?

इसमें गर्म या ठंडे पेय अथवा भोजन से दांतों में कुछ देर की हल्की-सी सनसनाहट से लेकर घंटों तक रहने वाला दर्द हो सकता है। यह समस्या एक या एक से अधिक दांतों में हो सकती है जो ठंडे, गर्म के अलावा मीठी या खट्टी चीजों या ठंडी हवा में सांस लेने से भी हो सकती है। यह दर्द तेज तथा अचानक हो सकता है जो दांतों की नर्व्स पर असर करता है।

दांतों पर मौजूद मध्य परत यानी डैंटिन के उजागर हो जाने पर टीथ सैंसिटिविटी की समस्या होती है। आमतौर पर दांतों पर चढ़ी एनेमल की परत डैंटिन को ढंके रखती है। डैंटिन अनेक कारणों से उजागर हो सकती है।

प्रमुख कारण

इसके आम कारणों में प्लाक का दांतों पर जमना, माऊथवॉश का लम्बे समय तक प्रयोग, अम्लीय भोज्य पदार्थों या पेयों का सेवन, अक्सर डैंटल प्रोसीजर्स करवाना, दांतों को दूसरे दांतों या जीभ से छूते रहने की आदत अथवा अधिक मीठा खाना शामिल हैं।

कभी पुरानी हो चुकी फिलिंग में आ चुकी दरार या लीक भी टीथ सैंसिटिविटी का कारण बन सकती है।

इलाज न करवाई गई कैविटीज, दांतों की सड़न या दांतों में संक्रमण अथवा दांतों की स्वच्छता का ख्याल नहीं रखने से भी यह समस्या पेश आ सकती है।

अधिक जोर से ब्रश करना या सख्त बालों वाला टूथब्रश इस्तेमाल करने से भी। दांतों पर एनेमल की परत का क्षय हो सकता है। मसूड़ों की सूजन से भी डैंटिन उजागर हो सकती है जिससे उस पर ठंडी-गर्म चीजें महसूस होने लगती हैं।

उपचार

टीथ सैंसिटिविटी की समस्या के उपचार हेतु आपको डैंटिस्ट के पास जाना चाहिए जो सैंसिटिविटी टैस्ट करके जांच करता है ताकि पता चल सके कि कैसे ट्रीटमैंट की जरूरत है।

डैंटिस्ट फ्लोराइड जैल अथवा फ्लोराइड तथा पोटाशियम नाइट्रेट या स्ट्रॉंटियम क्लोराइड युक्त डीसैंसिटाइजिंग टूथपेस्ट के प्रयोग की सलाह भी दे सकते हैं। ये रसायन संवेदनशीलता को दांतों से नर्व्स तक पहुंचने से रोकते हैं।

ब्रश करने के बाद मसूड़ों पर खास प्रकार का पेस्ट मलने से भी लाभ हो सकता है।

खास टिप्स

हमेशा सॉफ्ट ब्रिसल वाले टूथब्रश का ही प्रयोग करें क्योंकि वह दांतों के एनेमल पर अधिक दबाव नहीं डालता है।

अल्कोहल बेस्ड माऊथवॉश का प्रयोग न करें। ये दांतों को हानि पहुंचाते हैं।

कोल्ड ड्रिंक्स, मॉस या मसालों से भरपूर अम्लीय भोज्य पदार्थों एवं पेयों का प्रयोग न करें।

फ्लोराइड बेस्ड टूथपेस्ट का प्रयोग करें क्योंकि ये सैंसिटिविटी को कम करते हैं।

समस्या होने पर आईसक्रीम तथा ठंडी कोल्ड ड्रिंक्स जैसी सैंसिटिविटी पैदा करने वाली चीजों से परहेज करें।

अपने डैंटिस्ट से दांतों की नियमित रूप से जांच करवाएं।

माहवारी पूर्व तनाव, लक्षण एवं उपचार

मासिक धर्म की स्थिति सभी नारियों के साथ अलग-अलग होती है। इस विविधता के अलावा इनमें मासिक धर्म के पूर्व तनाव एवं तकलीफ की स्थिति भी पृथक-पृथक होती है किन्तु अधिकतर नारियां उन दिनों से पहले अर्थात मासिक रक्तस्राव आरम्भ होने से पूर्व तनाव व तकलीफ से गुजरती हैं।

यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें महिलाओं को माहवारी शुरू होने के 5-6 दिन पहले से पेट के निचले व श्रोणि भाग में भारीपन, पूरे शरीर पर सूजन, अपचन, बार-बार पेशाब आना, स्तन में भारीपन और दर्द, मानसिक तनाव, उदासीनता, अति संवेदनशीलता आदि लक्षण होते हैं।

यह स्थिति शहरी जीवन बिताने वाली महिलाओं में ज्यादा पाई जाती है। इसका कारण अज्ञात है फिर भी निम्न कारणों की संभावना हो सकती है। यह मनोवैज्ञानिक, हार्मोंस की गड़बड़ी, विटामिन्स की कमी के कारण एवं उसके प्रभाव से उत्पन्न होती है। यह तकलीफ कई तरह की होती है जिसका उपचार भी अलहदा होता है।

माहवारी : भारत गर्म देश माना जाता है अतएव यहां की लड़कियों को 11 से 13 वर्ष की आयु में माहवारी आरम्भ हो जाती है। यह माहवारी उसकी स्त्रियोचित विशेषता है जो रजोदर्शन से लेकर रजोनिवृत्ति तक चलती रहती है।

माहवारी, मासिक धर्म के समय होने वाला रक्तस्राव सभी को अलग-अलग चक्र के अनुसार होता है। इसका अंतराल, रक्त की मात्रा, रक्तस्राव की अवधि सभी में पृथक होती है। सभी को माहवारी के समय एवं उसके पूर्व तनाव, तकलीफ एवं परेशानी की स्थिति से जूझना पड़ता है। मासिक धर्म के पूर्व तनाव को डाक्टरी शब्दों में प्री-मैंस्ट्रुअल सिंड्रोम(पी.एम.एस.) कहते हैं।

मूड में बदलाव : मूड में तेजी के साथ बदलाव होने पर तनाव, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा की शिकायत होती है। यह शरीर में ऑक्सीजन की कमी से होता है। अतएव गहरी सांस लें एवं छोड़ें। इससे कार्बन डाई-ऑक्साइड का स्तर कम होगा एवं शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी। इस तरह की परेशानी से जूझ रही महिलाएं माहवारी के पूर्व कैफनी, चाकलेट व चीनी की मात्रा कम कर दें। हल्का व्यायाम करें।

अवसाद : वी.एम.एस. की अवसादग्रस्त महिला पर उदासी, अरूचि, अकेलापन हावी हो जाता है। उसका मन रोने को करता है। ऐसी महिलाएं माहवारी से पूर्व हल्का व्यायाम करना आरंभ कर दें जिससे हार्मोन्स का स्राव होता है जो दिमाग व शरीर को दुरूस्त रखता है। शर्करा स्तर सुधरता है। मूड में सुधार होता है। कॉफी, तली भूनी, मसालेदार चीजों से बचें। दही व फलियां खाएं।

गुस्सा : पी.एम.एस. से गुस्से की शिकार महिला की नींद अव्यवस्थित हो जाती है। कुछ खाने की तीव्र इच्छा होती है। इन्हें थोड़ा-थोड़ा करके 4-5 बार भोजन करना चाहिए जिसमें दाल व शक्कर की मात्रा कम हो। एक ही बार ज्यादा खाने से बचें।

पाचन की खराबी : माहवारी के पूर्व कई महिलाएं पेट की खराबी के कारण अपच, कब्ज, दस्त, थकान, उनींदेपन आदि की स्थिति से गुजरती हैं। ऐसी महिलाएं सुपाच्य भोजन करें। भरपूर पानी पिएं।

शरीर फूल जाना : माहवारी के पूर्व कई महिलाओं का शरीर फूल जाता है। स्तनों में कठोरता आ जाती है, पेड़, कमर, पीठ व सिर में दर्द होता है। इन्हें माहवारी से पूर्व नमक व ठंडी चीजें कम खानी चाहिएं।

निष्कर्ष : माहवारी के पूर्व तनाव, तकलीफ, परेशानी से अमूमन हर स्त्री को गुजरना पड़ता है लेकिन यदि यह आपके लिए असहनीय हो और दैनिक जीवन को प्रभावित करे, तब महिला रोग विशेषज्ञ से मिलकर सलाह लें। भोजन को सदैव हल्का, सुपाच्य, ताजा, पौष्टिक व सीमित रखें। श्रम जारी रखें।

डिलीरियम

डिलीरियम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आपके मस्तिष्क के साथ कुछ गड़बड़ी है जो आपकी सोच-विचार की शक्ति को प्रभावित कर रही है। यह स्थिति बहुत गम्भीर हो सकती है।

आमतौर पर डिलीरियम उस स्थिति को कहा जाता है जिसमें व्यक्ति का मस्तिष्क सामान्य तौर पर काम न करना बंद करके अजीबोगरीब स्थिति में चला जाता है। इस स्थिति में दिमाग भ्रमित हो जाता है। तथा काम करने की ताकत खो देता है। वह अपनी याद्दाश्त पर भी जोर नहीं दे पाता है तथा उन्माद की स्थिति में चला जाता है।

इस स्थिति में व्यक्ति अपने आसपास के माहौल से खुद को कटा पाता है। इसके गम्भीर होने पर व्यक्ति के शरीर में कंपकंपाहट छूटने लग सकती है तथा उसे बिना बात क्रोध आने लगता है। व्यक्ति को मतिभ्रम भी हो सकता है जिससे वास्तविकता के साथ उसका सम्पर्क पूर्णतः टूट जाता है।

अनेक प्रकार की व्याधियां दिमाग को क्षतिग्रस्त करके डिलीरियम की स्थिति पैदा कर सकती हैं। इनमें दिमाग की ओर जाने वाली रक्तवाहिकाओं में रुकावट, उच्च रक्तचाप के कारण दिमाग में आने वाली सूजन, दिमाग में किसी प्रकार का संक्रमण, रक्त में रसायनों का असामान्य स्तर, शरीर में विषैले तत्वों का प्रवेश, दवाइयों के साइड इफैक्ट्स और मस्तिष्क को ऑक्सीजन की कमी आदि शामिल हैं।

डिलीरियम की स्थिति में पहुंचा व्यक्ति सोच-विचार करने में अक्षम हो जाता है। ऐसे में उसे चिकित्सा प्रदान करना कठिन हो सकता है। हो सकता है कि वह अपना उपचार करवाने हेतु जरा भी सहयोग न करे और इलाज की बात पर झगड़ने लगे।

यह गम्भीर स्थिति है जिसे आपात स्थिति के तौर पर लेते हुए तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करनी चाहिए।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्थान साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सफलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-4-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्यह्न से ही आशाएं झलकती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शत्रुपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। बेहतरों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत से सकती है। शुभांक-1-5-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पूर्वजों गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मन प्रसन्न बना रहेगा। अकस्मात प्रीति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनात्मक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगे। चिंताग्रस्त वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। से देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। पैतृक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आनंद प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान की कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। बेहतरों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सम्बन्धों का साथ भी रहेगा। धर्म की भाग-दौड़ में यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

काकुरो पहेली - 2036



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस ओड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

काकुरो - 2035 का हल

लॉफिंग ज़ोन

न्यायाधीश (एक बूढ़े चोर से)- तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने दिनदहाड़े चोरी की? तुम्हे पकड़े जाने जरा भी डर नहीं लगा।

कटघरे में खड़ा बूढ़ा चोर बोला- क्या करूँ सरकार! आजकल मुझे रात में बहुत नींद आती है, इसलिए मैंने दिन में दिनदहाड़े चोरी कर ली।

□ □ □

पुलिस इंस्पेक्टर (रमन से)- नालायक...! तुम इतने गिरे हुए हो कि केवल पाँच सौ रुपए के लिए इस बुजुर्ग व्यक्ति का सिर फोड़ दिया?

रमन हवलदार- और क्या करता साहब... मजबूरी है! ऐसे ही तो बूँद-बूँद से घड़ा भरता है हुजूर।

□ □ □

न्यूक्लियर फैमिली में रहने वाला चंपू अपने पिता से बोलता है, पापा- पापा मैं भी अपनी शादी में आइटम गर्ल को डाँस करवाऊँगा।

पापा- बेवकूफ क्या बकता है, यह तमाशा किस गधे की शादी में देख लिया?

चंपू- आपकी शादी के वीडियो में।

पापा- अबे नालायक अपनी मौसी और बुआ को नहीं पहचानता!!

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 2036



बायें से दायें:-

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पत्थर दिल के सनम' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरन, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कहीं थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयप्रदा की फिल्म-१
९. सखी अली, गीते कार्तिक की 'खोया है चुने को' गीत वाली फिल्म-२
१०. वेंकेश वेशन, मोनिका बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्हें खतुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, उषा सतुजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जा' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली सोनिया, सोनाली, जिम्मी शेट्टी की फिल्म-२
२७. शाहरुख, जूहीचावला, रेखा की 'मेरे सपनों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, जीतसिंह की फिल्म-३
२९. करीनाखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे सपनों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, विवेक की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई पास आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
३. 'अरे मचली मचली' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, रंजिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शत्रुघ्नकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-१
१२. 'साथी मेरे साथी' की नायिका ?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६. संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टक टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी सी प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शत्रुघ्नकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'मजीठा का मंदलवास' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेनाम प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीत जानिया' गीत वाली अक्षय, रानीमुखर्जी की फिल्म-२
२५. फिरोजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२६. 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज मेरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2035

सूडोकु -2036

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रहे.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2035 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

शब्द पहेली - 2036

बाएं से दाएं

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.सिंह की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,चक्रेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदेशी-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.समदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नाग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

ऊपर से नीचे

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

शब्द पहेली -2035 का हल

न्यूज फ्लैश

भाजपा पंचकूला के नाड्डा साहिब मंडल ने अपने मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की

पंचकूला /टीम एक्शन इंडिया
लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ज़िला पंचकूला के नाड्डा साहिब मंडल ने अपने मंडल पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। नाड्डा साहिब मंडल अध्यक्ष एडवोकेट सिद्धार्थ राणा ने गुरुवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ज्ञान चंद गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा से विचार विमर्श कर अपनी नई मंडल टीम की घोषणा कर दी। मंडल की नई टीम में तेजराम गुप्ता,राकेश नूनीवाल,कुलदीप टिबाना,आनंद बर्शी को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है, अरविंद सहगल एवं जसबीर गोयत को मंडल महामंत्री बनाया गया है।यशपाल सिंह,यशपाल गर्ग, संजय कुमार एवं श्रीमती अनामिका राणा को मंडल सचिव बनाया गया, महावीर मलिक को कोषाध्यक्ष, कृष्ण कुमार को सोशल मीडिया प्रमुख एवं श्रीमती कामनी को सोशल मीडिया सह प्रमुख बनाया गया है इनके साथ ही हिमांशु को आईटी प्रमुख का काम सौंपा गया है।

फौजी की हत्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश में पुलिस प्रशासन में हड़कंप

चौमुहां(मथुरा)। /टीम एक्शन इंडिया
गुरुवार को मथुरा में सीएम योगी के पहुंचने से पहले फौजी की हत्या से आक्रोशित भीड़ ने हाईवे कब्जाया लिया। इससे कई किमी लंबा जाम लग गया। जाम खुलवाने में पुलिस के पसीने छूट गए तो मौके पर पीएसी जवान बुलाए गए। कई किलोमीटर के जाम में बच्चे, बुजुर्ग, बीमार लोगों का बुरा हाल हो गया। कई एम्बुलेंस जाम में फंसी रही।घटना जैंत थाना क्षेत्र की है। बुधवार को एक फौजी का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था । घरवालों को खबर मिली तो रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बुधवार की रात गांव के ही नामजद लोगों के खिलाफ थाना जैत पर रिपोर्ट दर्ज कराई। बृहस्पतिवार की सुबह जब गांव के लोगो को फौजी की हत्या किए जाने की जानकारी हुई तो लोगों की भीड़ लग गई। आक्रोशित भीड़ ने हाईवे पर जाम लगा दिया।
सूचना पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाकर हाईवे खाली कराने की कोशिश की लेकिन भीड़ मानने को तैयार नहीं है। भीड़ का काफिला बढ़ता ही जा रहा था। इसे देखकर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए।
इसके बाद मौके पर पीएसी बल को बुलाया गया है। माहौल देखकर लग रहा था कि सीएम के आने से पहले हाईवे खाली करना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। यदि ऐसा हुआ तो पीएसी कभी भी भीड़ पर लाठी चार्ज कर सकती है। उधर सूचना मिलने पर गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह भी मौके पर पहुंचे लेकिन भीड़ उनकी भी बात मानने को तैयार नहीं हुई। मौके पर एसपी सिटी अरविंद सिंह, सीओ सिटी प्रवीण कुमार मलिक, एसडीएम सदर भी आ गए।बताया जाता है एक फौजी की ट्रेन के आगे धक्का देकर हत्या का मामला सामने आया है।?फौजी का शव बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षित हालत में पड़ा मिला। पहचान लोकेश प्रताप निवासी जैंत के रूप में हुई। वह वर्तमान में सेना की राजपूत रेजीमेंट मेरठ में तैनात था और रविवार रात ही छुट्टी लेकर गांव आया था। इस मामले में देर रात परिजन ने नामजदों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर दिया।बड़ी संख्या में लोग कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पर जुटे रहे। सीओ सदर कुंवर आकाश सिंह ने परिजन को समझाया। मृतक के पिता लक्ष्मण सिंह ने नामजदों के खिलाफ प्रेम प्रसंग के शक में बेटे को ट्रेन के आगे धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।
एसीपी सिटी अरविंद सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच कर सभी आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्यवाही की जाएगी।

संवैधानिक आरक्षण व एससी एसटी एक्ट को खत्म करने की तैयारी में सरकार: रजत कल्सन

हिसार/टीम एक्शन इंडिया
ह्यूमन राइट्स के संयोजक व हाल में ही कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए अधिवक्ता रजत कल्सन ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अनुसूचित जाति व जनजाति को संविधान में प्रदत आरक्षण व उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए बने कानून एससी एसटी एक्ट पर टेढ़ी नजर है। ऐसे में यदि भाजपा एक बार फिर सत्ता में आई तो उसकी प्राथमिकता अनुसूचित जाति जनजाति समाज के संवैधानिक आरक्षण तथा उनकी सुरक्षा के लिए बने कानून एससी एसटी एक्ट को खत्म करने की है।

ईडी के दबाव में चुनाव लड़ने को तैयार हुआ नवीन जिंदल: डॉ.सुशील गुप्ता

चुनावी यात्रा

8 बीजेपी तमाम हथकंडे अपना रही है, लेकिन हमारे साथ सच्चाई और ईमानदारी: डॉ. सुशील

शाहाबाद/कुरुक्षेत्र, 04 अप्रैल/टीम एक्शन इंडिया
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्न गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शाहाबाद विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा की। उनके साथ प्रेम हिंगाखेड़ी, आशा पठानिया, अर्जुन सिंह, सुमित हिंदुस्तानी, विशाल खुब्बड़, एडवोकेट जयभगवान, राजेंद्र भाटी, रवि शर्मा, बिमला सरोहा, सरपंच गुरपाल, समय सिंह, मान सिंह, स्वीटी रंगा, रवि वर्मा, सुनीता नेहरा, शेर सिंह, हरपाल भाटी, सीमा रानी, चमनलाल और सरपंच पवन ढांडा मुख्य तौर पर मौजूद रहे।
डॉ. सुशील गुप्ता ने अपनी चुनावी यात्रा गांव धन्तौड़ी से शुरू की। इसके बाद वे गांव शरीफगढ़ में लोगों से मिले। वहां से बकाना में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव मछरौली में पहुंचे। यहां से गांव खरीडवा, बेरथली, बुहावा, यारा, यारी, डीग, जन्धेड़ी, छपरा, छपरी, गांव त्योड़ा, त्योड़ी, किशनगढ़ और शाहाबाद शहर पहुंचकर लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि शाहबाद हर साल बाढ़ में डूब जाता है। किसानों और आम जनता को करोड़ों का नुकसान होता है, लेकिन जिंदल और नायब सैनी के होते संसद में कभी भी शाहाबाद का नाम नहीं गूंजा। ये एमपी तो बनते हैं,
लेकिन कभी भी इन्होंने बाढ़ रोकने के लिए नहर के दोनों तरफ न खुदाई करवाई और न ही बांध बनवाया। इनको अपने घर से मतलब है,जनता का कुछ होता रहे, इनको कोई मतलब नहीं है।

तेजी से बढ़ रहा साइबर क्राइम, सचेत रहना जरूरी: एसएचओ सीमा

हिसार/टीम एक्शन इंडिया
राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से गुरुवार को साइबर क्राइम विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका कुमारी मधुबाला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में तौर पर सदर थाना से एसएचओ सीमा ने शिरकत की।
उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया आधुनिक समय में साइबर क्राइम की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। साइबर क्राइम में नेटवर्क के जरिए ठगी की जाती है। उन्होंने कहा कि आप शिक्षा ग्रहण करके ही ही समाज को इस बारे जागरूक कर सकते हो। दिन-प्रतिदिन समाज में हो रही ठगी का शिकार होने से बचने के लिए हमें सावधानी से ऐप का इस्तेमाल करना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार अनहोनी न हो सकें। किसी के साथ अपना ओटीपी सांझा न करें, इसमें डाटा हैकिंग, ओटीपी फ्रॉड और मोबाइल फ्रॉड के जरिए अपराधी अपराध को अंजाम देता है। किसी भी नए ऐप का प्रयोग करते समय उसके निदेर्शों को जरूर पढ़ें व क्यूआर कोड का प्रयोग कम से कम करें।
इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार आर्य ने छात्राओं को साइबर क्राइम से अवगत कराया। उन्होंने साइबर क्राइम की खामियों के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान में साइबर क्राइम समाज के लिए अभिशाप है। इस अवसर पर डॉ.सत्येंद्र यादव, डॉ नीलम कुमारी,सुनीता व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

हत्या के मामले में दो को उम्र कैद

पलवल/टीम एक्शन इंडिया
पलवल में एडीजे राजेश गर्ग की अदालत ने गुरूवार को हत्या के एक मामले में दो आरोपितों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। मृतक अर्जुन पुत्र बाबुलाल का शव सिटी थाना क्षेत्र में परशुराम कॉलोनी के पीछे खेतों में पड़ा मिला था। उससे एक दिन पूर्व दो युवक मृतक के घर पर जाकर जान से मारने की धमकी देकर आए थे।
जानकारी के अनुसार 19 नवम्बर 2020 को पलवल लाइन पूरा मोहल्ले में रहने वाले 30 वर्षीय अर्जुन पुत्र बाबूलाल को गोरला मोहल्ला निवासी योगेश पुत्र किरण पाल व मंगल पुत्र मूलचंद और मूली के द्वारा किसी रंजिश को लेकर उसके घर पर जाकर जांच करने की धमकी दी गई थी। 20 तारीख को अर्जुन अचानक लापता हो गया। अगले दिन 21 नवंबर 2020 को अर्जुन का शव परशुराम कॉलोनी के पीछे खेतों में पड़ा मिला था। शव की मौके अर्जुन के बड़े भाई धारा के द्वारा धारा शिनाख्त की गई रही। पलवल सिटी थाना पुलिस मामले में फिर नंबर 496 दर्ज कर आईपीसी धारा 302,34 तथा एससी एसटी एक्ट लगाया गया था।
पीड़ित पक्ष के वकील चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि मुकदमा लगभग 3 साल 5 महीने चला। जिसमें 19 गवाह फाइल पर आए थे। तमाम का गबाहों के आधार पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय राजेश घर की अदालत में आज फैसला सुनाया है। अदालत के फैसले के बाद पीड़ित पक्ष ने राहत महसूस करते हुए अदालत का एक अच्छा फैसला बताया है। और कहा है कि उनका भाई तो लौट के आ नहीं सकता, लेकिन दोषियों को उम्र कैद की सजा होने पर भाई की आत्मा शांति जरूर मिली होगी। अदालत का यही अच्छा फैसला है हमें न्याय मिला है।जिला न्यायवादी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी विकास कुमार शर्मा तथा पब्लिक प्रॉसिक्यूटर विनोद सरदाना ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में सबसे अहम सबूत में मृतक तथा दोनों आरोपितों के कपड़ों पर एक ही ब्लड ग्रुप ब्लड लगा हुआ पाया गया था। साथ ही दोषियों के पास एक मोबाइल फोन बरामद किया गया था जिसमें 18 सेकंड की एक वीडियो बरामद की गई थी।

सोनीपत: पुलिस टीम पर हमला करने वाले दो गिरफ्तार

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया
पुलिस ने कस्सी व लाठी, डंडों से पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में दो और आरोपी गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए हैं। गिरफ्तार आरोपी अजय व विजय बलजीत निवासी ऋषि कॉलोनी, सोनीपत के रहने वाले हैं।
एएसआई अजमेर के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने रेड कर जुआरियों को काबू करना था वहां उपस्थित दो महिलाओं ने ललकारा और युवकों ने हमला कर दिया था जिसमें सिपाही सचिन एएसआई अजमेर घायल हो गए थे।
जुआ की राशी से 5150 रुपये पुलिस पार्टी को मिले। 22 मार्च को केस दर्ज किया और कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

नगर निगम के जाजल रैनिवेल पर एक मोटर कई माह से खराब

सोनीपत /टीम एक्शन इंडिया
गर्मी का मौसम शुरू हो चूका है, पेयजल की सुचारु आपूर्ति के लिए नगर निगम तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की कुम्भकर्णी नींद अभी तक नहीं टूटी है। नगर निगम के जाजल रैनिवेल पर एक मोटर कई माह से खराब है तथा शहरी विकास प्राधिकरण के गढ़ी बख्तावरपुर सिथत रैनीवेल पर दो मोटर एवं एक जरनेटर खराब पड़ा है।
मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने वीरवार को मौके पर जाकर देखा तो अधिकारीयों की लापरवाही सामने आई। इसी तरह मुरथल सिथत बूस्टिंग स्टेशन पर सात में से दो ट्यूबवेल ही चल

रहे हैं, एक ट्यूबवेल का स्टार्टर खराब है, एक की तार जली पड़ी है एक ट्यूबवेल का जोड़ टूटा हुआ है उससे पानी की लीकेज होती है और दो ट्यूबवेल पर आज तक ट्रांसफार्मर लगाकर कनेकशन ही नहीं हुआ है । इस संबंध में राजीव जैन ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर सारी व्यवस्थाएं तुरंत चुस्त दुरुस्त करने का आग्रह किया है।
दरअसल ककरोई रोड पर निमार्णाधीन वाटर वर्क्स जो पिछली गर्मियों तक तैयार होना था वह अभी भी धीमी गति से आगे बढ़ रहा है और ऊपर से जाजल एवं गढ़ी बख्तावरपुर रैनीवेल की व्यवस्थाएं ठीक नहीं हुई तो पेयजल संकट होना लाजिमी है। नगर निगम द्वारा विभिन्न मोहल्लों में लगाए गए जयादातर ट्यूबवेल की भी हालत खराब है।
राजीव जैन ने नगर निगम के अधिकारियों को यह भी लिखा है कि बूस्टिंग स्टेशनों पर अतिरिक्त मोटरों की व्यवस्था हो, जरनेटर तुरंत चलाने की हालत में हों और पानी के टैंकर भी आपातकालीन दशा में पेयजल सप्लाई के लिए उपलब्ध होने चाहिए।

निजी स्कूल किताबों व वर्दी के मनमाने दाम रहे है वसूल: महेन्द्र मित्तल

आर्थिक शोषण-

8 -अभिभावकों ने निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में सौंपा ज्ञापन,-शिक्षकों का भी कर रहे है आर्थिक शोषण-

यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया
निजी स्कूलों द्वारा किताबों और स्कूली वर्दी के नाम पर मनमानी लूट और शिक्षकों के आर्थिक शोषण के विरोध में गुरुवार को अभिभावक सेवा मंच के पदाधिकारियों ने उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल के नेतृत्व में जिला उपायुक्त को भारत के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।
उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र मित्तल ने कहा कि पिछले दस वर्षों से निजी स्कूलों के प्रबन्धकों के द्वारा विद्यार्थियों को जबरन महंगी कीमतों पर निजी प्रकाशकों की किताबें व वर्दी निर्धारित दुकानों पर खरीदने को मजबूर कर जबरदस्त आर्थिक शोषण किया जा रहा हैं। जिसको लेकर प्रदेश व जिला स्तर पर असंख्य प्रदर्शन भी किए गए। परन्तु राज्य सरकार निजी शिक्षा केन्द्रों को लूट का अड्डा बनने से नहीं रोक पा रही है।
उन्होंने मांग करते हुए कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों में कितने अध्यापक नियमित हैं और कितनों को भविष्य निधि फंड मिल रहा है। स्कूलों के बाहर बोर्ड लगाकर इसकी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से शिक्षकों से शिकायतें भी प्राप्त हो रहीं है कि उन्हें स्कूल के पक्के कागजों में जो वेतन मिल रहा है। हकीकत में उससे बहुत ही कम वेतन दिया जा रहा है। ऐसे में जो शिक्षक अभिभावक भी है, उन पर दोतरफा मार पड रही है। न वेतन पूरा मिलता है। ऊपर से फीस और महंगी किताबों का बोझ पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों ने फीस व महंगी किताबों के दाम कई गुणा बढ़ा दिए है। एनसीईआरटी की किताबें नहीं लगाते। जगाधरी के उप मंडल अधिकारी सोनू राम ने संबंधित विभागों को इस दिशा में जल्द सख्त कार्यवाही करने का निर्देश देने का वादा किया।

मनोहर लाल इमानदार, समालखा का विकास नहीं हुआ इसके लिए पालिका चेयरमैन जिम्मेदार: बरेजा

समालखा,4 अप्रैल (कुलदीप सिंह)
पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता श्याम सुंदर बरेजा ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर इमानदार है। उन्होंने प्रदेश सरकार का मुखिया रहते हुए प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है परन्तु मैं मानता हूं कि समालखा में सीएम घोषणाओं पर भी काम नहीं हुआ लेकिन इसके लिए मनोहर लाल नहीं बल्कि हमारे जनप्रतिनिधि जिम्मेदार है।
पूर्व पार्षद श्याम बरेजा ने कहा कि समालखा में पंजाबी धर्मशाला का निर्माण आज तक अधूरा पड़ा है जबकि प्रदेश सरकार ने समय पर बजट भेज दिया था। नगर पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल व पालिका अधिकारियों की आपसी खींचतान के चलते शहर का विकास प्रभावित हुआ है। अशोक कुच्छल भाजपा का चेयरमैन होने के बावजूद शहर में विकास कार्य नहीं करवा पाया यह उसकी कार्यशैली का नतीजा है। अशोक कुच्छल सिर्फ मिडिया में बयान बाजी करते हैं। उन्होंने सरकार को कोई चिठ्ठी लिखी हो तो दिखाएं। उन्होंने पंजाबी धर्मशाला का निर्माण न हो पाने का ठिकरा भी अधिकारियों के सिर फोड़ा। उन्होंने कहा कि समालखा में कांग्रेस का विधायक हैं भाजपा का जनप्रतिनिधि न होने की वजह से सीएम घोषणाओं की पैरवी ठीक से नहीं हो पायी।
उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि बहुत सी कमियां रही है फिर भी हमें यह नहीं भूलना है कि यह देश का चुनाव है।जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की करते हुए आगे बढ़ रहा है। इसलिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए कमल निशान पर ही बटन दबाकर करनाल लोकसभा क्षेत्र से मनोहर लाल को भारी मतों से विजयी बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजना है।

बाइक सवार की जेब से 42 हजार रुपये की नगदी की चोरी

जींद/टीम एक्शन इंडिया
ताइपे। भूकंप से समूचा ताइवान हिल गया है। राहत और बचाव अभियान जारी है। तबाही का मंजर धीरे-धीरे सामने आने लगा है। कल सुबह 7:58 बजे हुलिएन काउंटी के तट पर आया 7.2 तीव्रता का भूकंप 25 वर्ष में देश में आया सबसे बड़ा भूकंप है। कल (बुधवार) शाम 7 बजे तक मरने वालों की संख्या नौ तक पहुंच गई, जबकि 946 लोग घायल हुए और 137 लोग अभी भी फंसे हुए थे।

ताइपे टाइम्स के अनुसार, भूकंप का केंद्र हुलिएन काउंटी हॉल से 25 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में 15.5 किलोमीटर की गहराई पर था। तारोको नेशनल पार्क में चट्टानें गिरने से चार लोगों

की मौत हो गई। सुहुआ राजमार्ग पर चट्टानें गिरने से एक ट्रक चालक की जान चली गई। हेसिंगशुई सुरंग में मलबा गिरने से एक अन्य मोटर चालक की मौत हो गई।

ताइवान सीमेंट कॉर्प में काम करने वाला एक व्यक्ति भी चट्टानों की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। हुलिएन में ढह गई एक इमारत से अपनी पालतू बिल्ली को बचाने की कोशिश कर रही एक महिला भी मृत पाई गई। हुलिएन शहर में कई इमारतें गंभीर कोणों पर झुक गईं। कल दोपहर 3:30 बजे तक सेंट्रल इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर ने 28 इमारतों के ढहने की सूचना दी।

बिमस्टेक का चार्टर्ड नेपाल की संसद से पारित, तीन दशक बाद कार्यान्वयन का रास्ता साफ

काठमांडू। बहुक्षेत्रीय प्राविधिक तथा आर्थिक सहयोग के लिए बिमस्टेक के चार्टर्ड को नेपाल की संसद से अनुमोदन मिल गया है। बिमस्टेक का पूरा रूप बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल है। इसके साथ ही तीन दशक के बाद अब इसका कार्यान्वयन किये जाने का रास्ता साफ हो गया है।

बैंकॉक घोषणा के तहत 1997 में इस क्षेत्रीय संगठन को स्थापित किया गया था। शुरुआत में इसमें केवल चार सदस्य बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड थे। नवम्बर, 2016 में इसमें बर्मा, भूटान और

नेपाल भी सदस्य के रूप में शामिल हो गए। सन 2018 में काठमांडू में हुए बिमस्टेक शिखर सम्मेलन में इसका चार्टर्ड पारित करके सभी सदस्य देशों की संसद से अनुमोदन करने का फैसला लिया गया था। नेपाल के अलावा बाकी सदस्य देशों ने पहले ही अपनी संसद से अनुमोदन पारित कर दिया था। अभी तक नेपाल की संसद से सदस्यता का अनुमोदन नहीं हुआ था लेकिन अब संसद से अनुमोदन होने से अब इसका औपचारिक रूप से कार्यान्वयन किये जाने का का रास्ता खुल गया है। नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने बताया कि नेपाल की संसद से अनुमोदन होने के बाद इसकी जानकारी बांग्लादेश स्थित बिमस्टेक के सचिवालय को दी जाएगी, जिसके 30 दिन के बाद यह औपचारिक रूप से कार्यान्वयन में आ जाएगा।

चीन दौरे से लौटे नेपाल के विदेश मंत्री ने अब भारत भ्रमण की इच्छा जताई

काठमांडू। नौ दिनों के चीन भ्रमण से लौटे नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि वो अब भारत का दौरा करने को इच्छुक हैं। संसद में अपने चीन भ्रमण की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री ने भारत भ्रमण की इच्छा जताई है। नौ दिनों के चीन भ्रमण को लेकर संसद के प्रतिनिधि सभा में विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि उनका चीन दौरा सफल रहा है। विदेश मंत्री ने बीआरआई के बारे में सदन को जानकारी दी कि उसके कार्यान्वयन को लेकर राष्ट्रीय सहमति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बीआरआई कार्यान्वयन को लेकर किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुआ है। विदेश मंत्री ने कहा कि अब उनकी इच्छा भारत भ्रमण को लेकर है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ कुछ सीमा विवाद को तनाव से नहीं, बल्कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में करने के लिए वो तैयार हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल का भारत से ऐसा संबंध है कि आपसी संवाद के माध्यम से ही हर समस्या का समाधान किया जा सकता है। विदेश मंत्री ने कहा कि कूटनीति में रोष और आक्रोश नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और सौहार्दपूर्ण रवैया अपनाना चाहिए।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बांग्लादेश टी-20 दौरा 28 अप्रैल से

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा 28 अप्रैल से शुरू होगा। भारतीय टीम बांग्लादेश दौरे पर पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी, जिसमें तीन दिन-रात के मैच शामिल हैं।

सिलहट सभी पांच मैचों की मेजबानी करेगा। तीन दिन-रात के मैच मुख्य स्टेडियम में खेले जाएंगे, और दो मैच बाहरी स्थल पर आयोजित किए जाएंगे। दिन-रात के मैच स्थानीय समयानुसार शाम 6.30 बजे और दिन के मैच दोपहर 2 बजे शुरू होंगे। भारत इस श्रृंखला को 2024 टी20 विश्व कप की तैयारी के रूप में देखेगा, जो सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में ही खेला जाएगा। यह भारत का दो साल में बांग्लादेश का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा दौरा है। 2023 में, उन्होंने तीन टी-20 और इतने ही वनडे मैच खेले थे। उन्होंने टी20 सीरीज़ 2-1 से जीती, जबकि वनडे सीरीज़ 1-1 से बराबरी पर रही। भारतीय टीम 23 अप्रैल को बांग्लादेश पहुंचेगी।

श्रृंखला के कार्यक्रम इस प्रकार है-
28 अप्रैल - पहला टी20 मैच (दिन-रात)
30 अप्रैल - दूसरा टी20 मैच (दिन-रात)
2 मई - तीसरा टी20 मैच (दिन)
6 मई - चौथा टी20 मैच (दिन)
24 मई - 5वां टी20 मैच (दिन-रात)

बंगाल प्रो टी20 टूर्नामेंट आयोजित करेगा बंगाल क्रिकेट संघ

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने घोषणा की है कि वह जून में इस साल बंगाल प्रो टी20 टूर्नामेंट आयोजित करेगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में मैच होंगे। यह टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर आयोजित होगी। कैब के अध्यक्ष स्नेहशीष गांगुली ने बताया कि टूर्नामेंट आठ टीमों के बीच 21 दिन के भीतर जून में आयोजित होगा, जिसमें पुरुष और महिलाओं के मैच होंगे। पुरुषों की टीम में 17 खिलाड़ी होंगे और महिलाओं की टीमों में 16 खिलाड़ी। सभी खिलाड़ी और कोच बंगाल के ही होने चाहिए। पुरुषों के मैच ईडन गार्डंस और महिलाओं के मैच जादवपुर यूनिवर्सिटी ग्राउंड पर होंगे, जो सीनियर घरेलू मैचों का भी वेन्यू रहा है। हर दिन दो मैच होंगे। महिलाओं के मैच सुबह और दोपहर तो पुरुषों के मैच दोपहर और शाम को खेले जाएंगे। सभी नियम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आधारित होंगे।

पिछले साल आईपीएल के दौरान बहुत कुछ सीखा : मोहित शर्मा

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस (जीटी) के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने कहा कि उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सीजन से बहुत कुछ सीखा है।गुजरात स्थित फ्रेंचाइजी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2024 के अपने आगामी मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। वर्तमान में, शर्मा आईपीएल के मौजूदा सीजन में 15.50 की औसत से 6 विकेट लेकर चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, शर्मा ने कहा कि जब वे दबाव में गेंदबाजी कर रहे हों तो उन्हें अपनी प्रवृत्ति का पालन करना होगा। 'सिर्फ उस आखिरी ओवर में ही नहीं, मैंने पिछले साल पूरे आईपीएल के दौरान बहुत कुछ सीखा। अगर आप सिर्फ उन दो गेंदों के बारे में बात करते हैं, तो मैं यह कह सकता हूं - जब आप दबाव में होते हैं, तो आपका अवचेतन मन हावी हो जाता है। ऐसा नहीं होना चाहिए, और आपको अपनी प्रवृत्ति का पालन करना होगा। मैंने उन दो गेंदों से वह पहलू सीखा है,' शर्मा ने कहा। उन्होंने खुलासा किया कि जब टाइटंस खराब प्रदर्शन करते हैं तो वे मैदान पर खुद को साबित करने के बजाय ड्रेसिंग रूम में इसके बारे में बात करते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि खराब प्रदर्शन के बाद आपके साथी खिलाड़ी आपको किस तरह देखते हैं। इससे तय होता है कि आपको अच्छा लगता है या बुरा। इस टीम में पिछले तीन साल में अगर आपका प्रदर्शन खराब रहा है तो हम इसके बारे में बात नहीं करते हैं। सुधार मैदान पर होता है, ड्रेसिंग रूम में नहीं। इससे आत्मविश्वास का स्तर बना रहता है।आईपीएल 2024 में अपने तीन में से दो मैच जीतने के बाद, शुबमन गिल की गुजरात टाइटन्स -0.738 के नेट रन रेट पर चार अंकों के साथ स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है।

हॉकी इंडिया के समर्थन के कारण, मैं अपने परिवार की मदद करने में सक्षम हूं : सलीमा टेटे

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे ने यहां राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हॉकी इंडिया के 6वें वार्षिक पुरस्कार 2023 में महिला वर्ग में प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का पुरस्कार जीता।

सलीमा को पूरे साल उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। 23 वर्षीय खिलाड़ी भारत की कांस्य पदक विजेता एशियाई खेल हांग्जो 2022 टीम का भी हिस्सा थीं और उन्होंने टूर्नामेंट में 1 गोल किया था। सलीमा ने झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में भी 5 गोल किए, जिससे भारत को ट्रॉफी जीतने में मदद मिली, और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।

झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा, मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मेरे लिए यह एक बड़ी प्रेरणा होगी।

सलीमा ने गुरुवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, पुरस्कार ने मेरे अंदर और भी बेहतर प्रदर्शन करने की इच्छा पैदा की है। मेरी योजना प्रशिक्षण शिविर में एक मिनट भी न चूकने और हर सत्र में अपना 100 प्रतिशत देने की है। मुझे पता है कि मैंने पुरस्कार जीता है, लेकिन यह भी है अब मेरे लिए यह जिम्मेदारी है कि मैं इस सम्मान पर खरा उतरूं और आगे भी बढ़ूं और सुधार करूं।'

सलीमा ने 2016 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया, लेकिन फिर उन्हें टीम की नियमित सदस्य बनने के लिए तीन साल तक इंतजार करना पड़ा। सीनियर टीम के लिए अब तक 107 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली सलीमा ने अपने करियर में 15 गोल किए हैं। वह उस भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा थीं जिसने टोक्यो ओलंपिक 2020 में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया और उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में अपनी टीम को कांस्य पदक जीतने में भी मदद की। वह उद्घाटन एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप स्पेन 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की एक प्रमुख खिलाड़ी भी थीं, उन्होंने उस टूर्नामेंट के 5 मैचों में भारत के लिए 5 गोल किये थे। पुरस्कार के साथ-साथ सलीमा को 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। मिडफील्डर ने इस कदम के लिए हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त किया और बताया कि कैसे पुरस्कार से उनके परिवार को मदद मिलेगी। सलीमा ने कहा, जब मेरे परिवार ने सुना कि मुझे पुरस्कार प्रदान किया गया है, तो उन्हें भी मुझ पर गर्व हुआ। सम्मान के हिस्से के रूप में, हमें नकद प्रोत्साहन भी मिलता है, जो मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। जब मैं यह पैसा जीतती हूं, तो मेरा परिवार भी मेरे साथ जीतता है। मैं ऐसे प्रावधान करने के लिए हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त करती हूं और उनके समर्थन के कारण, मैं अपने परिवार के सदस्यों को हमारे दैनिक जीवन में मदद करने में सक्षम हूं। सलीमा ने आगे कहा कि ये पुरस्कार युवाओं को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं और नई पीढ़ी को हॉकी के खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा, जब युवा देखते हैं कि खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए पहचान मिल रही है, तो वे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। खिलाड़ियों को एहसास होता है कि राष्ट्रीय संस्था वास्तव में हमारा समर्थन कर रही है और इससे युवा पीढ़ी भी प्रेरित होती है। जब वे हॉकी इंडिया द्वारा प्रदान किए जा रहे समर्थन के स्तर को देखते हैं तो हॉकी को एक खेल के रूप में चुनते हैं और वे समान लक्ष्यों की दिशा में काम करने का प्रयास भी करते हैं।

एआईएफएफ समिति ने महिला खिलाड़ियों के कथित उत्पीड़न की जांच बंद की

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि उसने महिला खिलाड़ियों के कथित उत्पीड़न के लिए अपनी निलंबित समिति के सदस्य दीपक शर्मा की जांच बंद कर दी है, क्योंकि पीड़ित और अन्य पार्टी इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते।

एक आधिकारिक बयान में, एआईएफएफ ने कहा कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी), जिसने हाल ही में कथित उत्पीड़न मामले की जांच की थी, इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि आईसीसी जांच जारी रखने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि कथित पीड़ित और दूसरा पक्ष इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं।

एआईएफएफ ने कहा, आईसीसी जांच जारी रखने की स्थिति में नहीं होगी क्योंकि संबंधित व्यक्तियों द्वारा कथित घटना के संबंध में किसी भी शिकायत और/या आगे की जानकारी से इनकार कर दिया गया है।उपरोक्त के मद्देनजर, जांच को वापस ले लिया गया है। पिछले हफ्ते महासंघ ने एक बयान जारी किया था जिसमें कहा गया था, एआईएफएफ को गोवा में आईडब्ल्यूएल 2 में भाग लेने वाले खाड एफसी के खिलाड़ियों द्वारा शुक्रवार, 29 मार्च, 2024 को उन पर कथित शारीरिक हमले और उत्पीड़न की कुछ घटनाओं के बारे में औपचारिक रूप से सूचित किया गया था। इन आरोपों के आलोक में, एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने स्थिति का जायजा लेने और अगले कदम निर्धारित करने के लिए एआईएफएफ के वरिष्ठ सदस्यों की एक आपात बैठक बुलाई। एआईएफएफ की आपातकालीन समिति, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष शामिल हैं, ने सोमवार को गोवा में आईडब्ल्यूएल 2 घटना और दीपक शर्मा के खिलाफ कुछ खिलाड़ियों से प्राप्त शिकायतों पर चर्चा की।

बयान में आगे कहा गया, मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्यों की बैठक हुई और विस्तृत चर्चा के बाद कार्यकारी समिति ने 30 मार्च को गठित पिंकी बोमपाल मगर की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति को भंग करने और मामले को तुरंत एआईएफएफ अनुशासन समिति को सौंपने का फैसला किया गया। बाद में, एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने दीपक को अगली सूचना तक फुटबॉल से संबंधित किसी भी गतिविधि में भाग लेने से निलंबित करने का फैसला किया।

ऋषभ पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना

विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर विशाखापत्तनम में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले गए टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम का यह सीज़न का दूसरा अपराध था, इसलिए पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है।

कैमरून फुटबॉल फेडरेशन ने मुख्य कोच के रूप में मार्क ब्राइस की नियुक्ति को बताया अफसोसजनक

याउंडे। कैमरून फुटबॉल फेडरेशन ने राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में बेल्जियम के मार्क ब्राइस की नियुक्ति पर आश्चर्य व्यक्त किया और इसे अफसोसजनक बताया। देश के खेल और शारीरिक शिक्षा मंत्री, नार्सिसस मौएल कोम्बी ने कहा कि राष्ट्रपति पॉल बिया के निर्देशों के बाद नए मुख्य कोच की नियुक्ति की गई है। बयान में कहा गया, कैमरून फुटबॉल फेडरेशन ने, सभी कैमरूनवासियों की तरह, राष्ट्रीय वरिष्ठ पुरुष फुटबॉल टीम के लिए जिम्मेदारी के पदों पर नियुक्ति सीखी है, एकतरफा निर्णय राष्ट्रपति के उस आदेश का उल्लंघन करता है जो महासंघ को राष्ट्रीय टीमों के कोचिंग स्टाफ को नियुक्त करने का अधिकार देता है। फेडरेशन इस खेदजनक स्थिति पर स्पष्टीकरण देने का इरादा रखता है, साथ ही वह जो कार्रवाई करना चाहता है, उसे बिना देरी किए बताएगा।

ब्राइस को सिगेबर्ट सॉन्ग के स्थान पर नियुक्त किया गया है, जिन्हें कोटे डी आइवर में 2023 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में कैमरून के खराब प्रदर्शन के बाद फरवरी में बर्खास्त कर दिया गया था।

केकेआर के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने आईपीएल में पूरे किये 200 छक्के

विशाखापत्तनम। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपने 200 छक्के पूरे किए।

रसेल ने केवल 19 गेंदों में 215.79 के स्ट्राइक रेट से 41 रनों की तेज पारी खेली, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 17वें ओवर में मिशेल मार्श की गेंद पर छक्का जड़कर अपना 200वां छक्का पूरा किया। इससे पहले पिछले हफ्ते रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 100 विकेट पूरे किए थे। रसेल ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।

बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका की सीरीज जीत

बांग्लादेश। मेहदी हसन मिराज की कड़ी लड़ाई के बावजूद, अंतिम सुबह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज श्रीलंका के लाहिरु कुमारा ने बांग्लादेश के आखिरी दो विकेट लेकर मेजबान टीम के प्रतिरोध को समाप्त कर दिया और चैटोग्राम में दूसरे टेस्ट में 192 रन की शानदार जीत दर्ज की।

दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम टेस्ट के पांचवें दिन के पहले सत्र के दौरान श्रीलंका ने जीत पक्की कर ली, जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में बांग्लादेश के आखिरी बल्लेबाज खालिद अहमद का विकेट गिरने से श्रीलंका ने 2-0 से क्लीनस्वीप पूरा कर लिया। 268/7 पर अपनी पारी फिर से शुरू करते हुए मेहदी क्रीज पर सकारात्मक और खतरनाक बल्लेबाजी कर रहे हैं। बांग्लादेश के बल्लेबाज ताइजुल इस्लाम ने कोशिश की लेकिन 14 रन पर कामिंडु मेंडिस ने अपना विकेट गंवा दिया। हसन महमूद ने थोड़े समय के लिए अच्छी रक्षात्मक योग्यता प्रदर्शित की और गेंदबाज को निराश किया।

लेकिन लाहिरु ने एक तेज़ आउटसर फेंकी जिसे महमूद ने शॉर्ट लेग पर निशान मदुष्का के पास पहुंचा दिया, इससे पहले खालिद महमूद को एक तीखी यॉर्कर से आउट कर दिया। घर से बाहर श्रृंखला में श्रीलंका का दबदबा रहा, जिसमें कामिंडु मेंडिस ने 122.33 की औसत से 367 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाए। मेंडिस ने पहली पारी में नाबाद 92 रन बनाए, जिससे श्रीलंका ने 531 रन का विशाल स्कोर बनाया और जवाब में उनके गेंदबाजों ने जल्द ही बांग्लादेश को 178 रन पर आउट कर अपने प्रयासों का समर्थन किया।

तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने श्रीलंका के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया, उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए, जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज लाहिरु कुमारा ने दूसरी पारी में चार विकेट लेकर जीत हासिल करने में मदद की। दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंकाई गेंदबाजों, खासकर स्पिनर प्रभात जयसूर्या और कामिंदु मेंडिस ने टीम को बढ़त दिला दी. चौथे दिन स्टंप्स के समय, बांग्लादेश अपनी दूसरी पारी में 268/7 पर था और मेहदी हसन मिराज और तैजुल इस्लाम क्रीज पर थे।

हसन महमूद ने थोड़े समय के लिए अच्छी रक्षात्मक योग्यता प्रदर्शित की और गेंदबाज को निराश किया।

आईएसएल 2023-24: अंतिम प्लेऑफ स्थान के लिए भिड़ेंगे चेन्नइयन और जमशेदपुर

चेन्नई। चेन्नइयन एफसी आज शाम अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में जमशेदपुर एफसी से खेलेगी। इस मैच के साथ ही मैचवीक 21 की शुरुआत होगी, जिसमें दोनों टीमें एकमात्र बचे प्लेऑफ स्थान यानी छठे स्थान के लिए जीत दर्ज करने की कोशिश करेंगी।

मोहन बागान सुपर जायंट पर 3-2 की जीत के बाद चेन्नइयन एफसी आगामी मुकाबले में उतरेगी। जमशेदपुर एफसी ने अपना पिछला मैच केरला ब्लास्टर्स एफसी से 1-1 से ड्रा खेला था। रेड माइनर्स 20 मैचों में 21 अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर हैं।चेन्नइयन एफसी के भी बराबर अंक (19 मैचों में 21) हैं, लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। फिलहाल, ये दोनों टीमें शीर्ष छह में नहीं हैं, लेकिन आगामी मैच की विजेता टीम बेंगलुरु एफसी को छठे स्थान से हटा सकती है।

चेन्नइयन एफसी के स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल ने बुधवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जमशेदपुर एफसी एक खतरनाक टीम है। मुझे लगता है कि उनके पास वास्तव में कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, और यह कहना उचित होगा कि उन्हें अधिक अंक जीतने चाहिए थे।

जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने मैच से पहले कहा, चेन्नइयन एफसी वास्तव में एक अच्छी टीम है। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मुकाबला होगा और यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने अन्य मैचों से भी सीखें। बता दें कि दोनों टीमों के बीच अब तक 13 मैच खेले गए हैं, जिसमें चेन्नइयन एफसी ने 5 और जमशेदपुर ने 3 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि 5 मैच ड्रा रहे हैं।

वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 7 से 13 अक्टूबर तक

वुहान। दुनिया भर के 10 डब्ल्यूटीए1000 टूर्नामेंटों में से एक, वुहान ओपन का आयोजन 7 से 13 अक्टूबर तक ऑप्टिक्स वैली इंटरनेशनल टेनिस सेंटर में किया जाएगा। 2019 के बाद पहली बार टूर्नामेंट वुहान में लौट रहा है, आयोजकों ने उक्त जानकारी दी कहा।

वैली इंटरनेशनल टेनिस सेंटर में 13,000 से अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता है। ऑक्टागन टेनिस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉर्ज साल्केल्ड ने एक बयान में कहा, वुहान में डब्ल्यूटीए1000 टूर्नामेंट की वापसी की घोषणा करते हुए और एशिया के सबसे जीवंत शहरों में से एक में विशिष्ट टेनिस प्रतियोगिता के रोमांच को फिर से बहाल करते हुए हमें खुशी हो रही है।

साल्केल्ड ने कहा, यह प्रीमियम इवेंट न केवल डब्ल्यूटीए एथलीटों की उल्लेखनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करता है, बल्कि खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए वुहान की स्थायी प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है।

हुबेई की प्रांतीय राजधानी के रूप में, चीन के दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ली ना और वर्तमान शीर्ष खिलाड़ी झेंग किनवेन के गृह प्रांत, वुहान ने पिछले दो दशकों में टेनिस की लोकप्रियता में तेजी से वृद्धि देखी है। डब्ल्यूटीए के अध्यक्ष और सीईओ स्टीव साइमन ने कहा, वुहान ओपन ने 2014 में उद्घाटन समारोह के बाद से कई प्रतिष्ठित चैंपियनों को ताज पहनाया है, जिसमें वीनस विलियम्स, पेट्रा क्वितोवा और मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका शामिल हैं। अब हम 2024 में टूर्नामेंट के इतिहास का एक और अध्याय लिखने के लिए उत्साहित हैं।

डीसी पर 106 रन की जीत के बाद केकेआर के कप्तान अय्यर ने कहा, 'लगातार तीन सबसे खास...'

विशाखापत्तनम। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पर अपनी टीम की जीत के बाद, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 'लगातार तीन' जीत पर खुशी व्यक्त की, जो 'इनमें से सबसे खास' थी।' कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के सभी पहलुओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर श्रेयस ने लिखा, 'उनमें से सबसे खास के साथ लगातार तीन खिलाड़ी, इस सुपर, सुपर टीम पर इससे अधिक गर्व नहीं हो सकता।' अब तक तीन आईपीएल मैचों में, कप्तान ने 28.50 की औसत से 57 रन बनाए हैं, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 39 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। कल के मैच की बात करें तो, सुनील नरेन (39 गेंदों में 85 रन, सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 85 रन), 18 वर्षीय अंगकृष रघुवंशी (27 गेंदों में 54 रन, पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 54 रन) की विस्फोटक पारियों और आंद्रे की शानदार पारी के साथ रसेल (19 गेंदों में 41, चार चौके और तीन छक्कों के साथ) और रिंकू सिंह (आठ गेंदों में 26, एक चौका और तीन छक्कों के साथ) ने दो बार के चैंपियन को 20 ओवरों में 272/7 तक पहुंचाया।

डीसी के लिए एनरिक नॉर्टजे (3/59) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे, लेकिन उन्होंने काफी रन लुटाए। इशांत शर्मा (2/43) भी गेंद से मजबूत थे। खलील अहमद और मिशेल मार्श ने एक-एक विकेट लिया। रन-चेज़ में, डीसी 33/4 पर सिमट गया। कप्तान ऋषभ (25 गेंदों में 55, चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से) और ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों में 54, चार चौकों और चार छक्कों की मदद से) के बीच 93 रन की साझेदारी ने डीसी को एक सम्मान लड़ाई लड़ने और कुछ मनोरंजन प्रदान करने में मदद की। प्रशंसक, लेकिन वे 17.2 ओवर में 166 रन पर आउट हो गए।

चोट के कारण आईपीएल 2024 से बाहर हुए एलएसजी के तेज गेंदबाज शिवम मावी

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं।

फ्रेंचाइजी द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, मावी ने चोट की प्रकृति बताए बिना कहा, मैं (टूर्नामेंट) को बहुत मिस करूंगा। मैं चोट के बाद यहां आया था और सोचा था कि मैं अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा प्रदर्शन करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से, मुझे टीम का साथ छोड़ना होगा क्योंकि मुझे चोट लग गई है। इसके लिए एक क्रिकेटर को मानसिक रूप से मजबूत होना होगा। अगर आपको चोट लगती है, तो आपको यह देखना होगा कि वापसी करने के लिए आपको क्या करना है, किन चीजों का ध्यान रखना है। हमें बहुत अच्छी टीम मिली। मैं टीम का हौसला बढ़ाता रहूंगा और उम्मीद है कि हम जीतेंगे।मावी, जिन्हें इस साल की नीलामी में एलएसजी ने 6.4 करोड़ रुपये में खरीदा था, ने आखिरी बार प्रतिस्पर्धी मैच अगस्त 2023 में खेला था।एलएसजी वर्तमान में तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। मावी ने इनमें से कोई भी मैच नहीं खेला।

एलएसजी ने अभी तक किसी प्रतिस्थापन का नाम नहीं बताया है। मैट हेनरी, शमर जोसेफ, मोहसिन खान, नवीन-उल-हक, मयंक यादव, यश ठाकुर, अरशद खान और युद्धवीर सिंह के रूप में उनके पास अन्य सीम-गेंदबाजी विकल्प हैं।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 05 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

राम आए हैं, कृष्ण भी आएंगे: सीएम योगी

धर्म की नगरी से बड़ा और साफ संदेश दे गए सीएम योगी आदित्यानाथ

वोट की अपील

8 सीएम पद की शपथ लेने के बाद वह 39वीं बार सीएम मथुरा पहुंचे। मालिनी के समर्थन में संबोधित किया

टीम एक्शन इंडिया

मथुरा: उत्तर प्रदेश के मथुरा में बृहस्पतिवार को सीएम योगी आदित्यानाथ पहुंचे। सीएम पद की शपथ लेने के बाद वह 39वीं बार सीएम मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने विपक्ष को निशाने पर रखकर, सरकार की योजनाएं और उपल्बधियां गिनाईं। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि मथुरा-वृंदावन की भूमि 'कल' की भूमि है। भगवान कृष्ण के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने 16 कलाओं के साथ अपना अवतार लिया था। 'कल' का सम्मान करने के लिए इससे अच्छी भूमि और कोई नहीं हो सकती है। इसीलिए, भारत की सिनेमा जगत की प्रतिष्ठित अभिनेत्री हेमा मालिनी को भाजपा ने यहां से तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारा है।

कांग्रेस को भगवान भी बचाएंगे, इसको लेकर संदेह: कहा कि हेमा मालिनी ने भारत की नृत्य संस्कृति, सिने संस्कृति को पूरे जगत में पहचान दिलाई है। कांग्रेसियों को यह बात बुरी लगती है। उनको भगवान भी बचा पाएगा या नहीं उसको लेकर संदेह होता है। दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया आज पूरी होने जा रही है। चुनाव युद्ध स्तर पर आगे बढ़ रहा है। विकास और संस्कृति की चर्चा पूर्व के कार्यक्रम में की। कहा कि चारों ओर एक ही आवाज आ रही है। हर मन में एक ही बात है कि इस बार फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। पहली बार भारत में भारतवासियों ने देखा है कि उनकी समृद्धि राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए सरकार काम कर रही है।

काशी विश्वनाथ में मोदी के राज में कॉरिडोर बना: विश्व स्तरीय इंफ्रा स्ट्रक्चर से लेकर गरीब कल्याण योजनाओं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मोदी ने पिछले 10 साल से काम किया। जबकि, 60 वर्ष राज करने वाले कांग्रेस पार्टी ने कोई विकास कार्य नहीं किया। काशी विश्वनाथ में मोदी के राज में कॉरिडोर बना। कांग्रेस में उसके विषय में कभी सोचा नहीं था। कहा कि जनता ने कांग्रेस और सपा को भी अवसर दिया। बसपा को भी अवसर दिया। मगर, सभी पार्टियों ने जनता को ठगा। ब्रज का विकास भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है। अयोध्या के लिए 500 वर्षों का इंतजार किया, मगर संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटे। मथुरा का मामला भी कोर्ट में है, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। राम आए हैं, कृष्ण भी आएंगे।

'राम मंदिर बनने से हर वर्ग खुश'

`सीएम ने कहा कि अयोध्या में पहले मथुरा-वृंदावन की तरह कुंज गालियां थीं। आज वहां पर फोरलेन और सिक्सलेन के हाईवे हैं। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद वहां हर वर्ग खुश है। वहां समृद्धि आई है। रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। कई गुना लोगों की आमदनी बढ़ गई है। भाजपा ने पहले ही कहा था कि काशी और अयोध्या में जो कार्य करना है, उसको लाइनअप किया है। कहा कि अब लोगों को पूरा फोकस ब्रज भूमि पर करना है। यमुना मैय्या की शुद्धिकरण से लेकर मथुरा-वृंदावन के कुंडो के संरक्षण का काम भाजपा सरकार करेगी। हेमा मालिनी तीसरी बार रिकार्ड मतों से जीत कर संसद में जाएंगी। कहा कि अयोध्या, काशी, मथुरा में सबसे पहले चुनाव मथुरा में हो रहा है। यहीं से संदेश भी जाना चाहिए। मथुरा का संदेश पूरे उत्तर प्रदेश के लिए स्पष्ट होना चाहिए कि काशी का काम हो गया है, अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं, अब मथुरा की बारी है।

'हर संभव कराया जाएंगे विकास कार्य'

प्रधानमंत्री मोदी ने जिस विकसित भारत की संकल्पना को लोगों के सामने रखा है। उसे विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और उसे विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित मथुरा का होना बहुत जरूरी है। सरकार के पास जो संभावना होगी, उसी में विकास कराया जाएगा। कहा कि स्पिरिचुअल टूरिज्म को विकसित किया जाएगा। यमुना शुद्धिकरण के लिए जो कार्य करने होंगे, वह किए जाएंगे। रंगोत्सव, कृष्ण उत्सव के कार्यक्रम कराकर मथुरा की पहचान को आगे बढ़ने का काम भाजपा सरकार ने किया है। नमामि गंगे परियोजना की तर्ज पर यमुना मैय्या को भी शुद्धिकरण से जोड़ने का काम किया जाएगा।

सपा में घमासान पर विराम

मेरठ सीट पर भाजपा के अरुण गोविल को टक्कर देंगी सुनीता वर्मा

टिकट

8 समाजवादी पार्टी ने विधायक अतुल प्रधान का टिकट काटकर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बनाया है

टीम एक्शन इंडिया

मेरठ-हापुड़: सपा में मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर देर रात तक चले घमासान पर गुरुवार को विराम लग गया। इस सीट से अब भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का मुकाबला सुनीता वर्मा से होगा। समाजवादी पार्टी ने विधायक अतुल प्रधान का टिकट काटकर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य बनकर अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। मेरठ इससे पहले मेरठ में बुधवार को अतुल प्रधान ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए कहा था कि मैं हमेशा जनता के बीच रहता हूं। भाजपा ने जिस उम्मीदवार को मेरठ-हापुड़ सीट से उतारा है, इससे ज्यादा मेरठ की जनता का मजाक नहीं हो सकता। भाजपा नेता और उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ता नाराज हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझ पर भरोसा जताया है। वहीं गुरुवार को टिकट कटने पर उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान का निर्णय होगा, उसका सम्मान करूंगा। हस्तिनापुर के पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि पत्नी सुनीता वर्मा पर भरोसा जताया है। लखनऊ से सिंबल लेकर मेरठ लौटे हैं। आज नामांकन कराएंगे और मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। महापौर चुनाव में सुनीता ने भाजपा को हराया था और इस बार लोकसभा चुनाव भी हराएंगे। करीब डेढ़ दशक पहले जिला पंचायत सदस्य बनकर राजनीति में कदम रखने वालीं सुनीता वर्मा नगर निगम के इतिहास में पहली दलित मेयर बनी थीं। प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा से मेयर की सीट छीन ली थी।

2007 में हस्तिनापुर से विधायक बने थे योगेश वर्मा: उनके पति योगेश वर्मा 2007 में बसपा के टिकट पर हस्तिनापुर सीट से विधायक बने थे। 2012 में बसपा से टिकट कटा तो योगेश बगापत में पीस पार्टी से मैदान में कूद पड़े। उन्हें प्रभुदयाल वाल्मीकि से हार का सामना करना पड़ा। 2017 में सुनीता वर्मा मेरठ शहर से महापौर चुनी गईं।

फास्ट न्यूज

जिंदगी के लिए मौत से लड़ता रहा युवक

टीम एक्शन इंडिया

जबलपुर: जबलपुर में नर्मदा नदी में स्थित भेड़ाघाट धुआंधार में एक युवक फिसल गया। तेज बहाव के साथ युवक करीब एक किलोमीटर तक बहता चला गया। इस दौरान उसने एक चट्टान को पकड़ लिया। वह रात भर चट्टान को पकड़े रहा, जिससे उसकी जान बच गई। सुबह पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला। युवक का रेस्क्यू करने वाले प्रधान आरक्षक हरिओम सिंह बेस ने बताया कि रीवा कॉलोनी रामपुर निवासी अरुण यादव (20) बुधवार की शाम गाड़ी लेकर घर से निकला था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला, रात करीब दस बजे परिजनों ने सूचना दी कि उसके लड़के की गाड़ी भेड़ाघाट स्टैंड पर खड़ी है, लेकिन बेटे का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। जानकारी जुटाने पर पता चला कि रात करीब 9 बजे भेड़ाघाट से एक युवक नदी में गिरा है। रात होने के कारण युवक का सुराग नहीं मिला। उसकी तलाश के लिए सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान भेड़ाघाट से एक किलोमीटर स्वर्गद्वारी में एक युवक के चट्टान पकड़कर लटके होने की जानकारी मिली। स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। दोनों तरफ चट्टानें होने के कारण रेस्क्यू टीम मुश्किल से मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित बाहर निकाल कर पिता परम यादव को सौंप दिया।

मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी

जयपुर: लोकसभा आम चुनाव-2024 और बागीदौरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार, प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि 17 अप्रैल को सायं 6 बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति अवधि 19 अप्रैल को सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगी।

पूर्व गृह मंत्री ने अनिल विज ने सुरजेवाला को कहा भेड़िया

विवाद

8 महिला आयोग ने रणदीप सुरेजवाला को थमाया नोटिस, पंचकूला में देना होगा स्पष्टीकरण

टीम एक्शन इंडिया

अंबाला: कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद और अदाकारा हेमामालिनी पर दिया बयान अब सियासी रूप से नया विवाद खड़ा कर रहा है। इस मामले में वीरवार को एक तरफ तो महिला आयोग ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुरजेवाला को नोटिस थमाया है। वहीं हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने रणदीप सिंह सुरजेवाला को भेड़िया तक कह दिया। विज ने कहा कि सुरजेवाला का हेमामालिनी के बारे में ब्यान देना, कोई नई बात नहीं हैं, ये कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया ने भी कंगना रनौत के बारे में भी ऐसी ही टिप्पणी की थी। विज ने पत्रकारों से बात करते हुए यह जवाब दिया। विज ने कहा कि इनके (कांग्रेस) पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने एक पुस्तक दी इनसाइडर लिखी थी, उस पुस्तक में इनका (कांग्रेस) महिलाओं के प्रति क्या विचार व दृष्टिकोण है, के 767 नंबर पेज पर साफ-साफ लिखा हुआ है। पहले इनकी (कांग्रेस) सोच सुधारनी पड़ेगी और इसके लिए कुछ न कुछ करना पड़ेगा, अगर इस प्रकार के भेड़िए इस तरह की बातें करते हैं। इतना ही नहीं विज ने नाराजगी दिखाते हुए कहा कि सुरजेवाला को मैं बता दूं कि क्या इनकी विचारधारा और क्या सोच है इनके पिता की एक वीडियो वायरल हुई थी उसको निकाल कर देख लो, तो इनकी सोच पता चल जाएगा। वहीं दूसरी तरफ एक मामले की जांच करने अंबाला पहुंची महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला को हमने नोटिस दिया है।

संबलपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को 9 विकेट से हराया

पराजित किया

8 चैंपियनशिप में लीग मुकाबले जारी, एलपीयू फगवाडा ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी को 6 विकेट से मात दी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/झुंझुनूं: श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी परिसर में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के लीग मुकाबलों में वीरवार को संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर ने कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को 9 विकेट से मात दे दी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट को 6 विकेट से तथा हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला ने त्रिपुरा यूनिवर्सिटी को 5 विकेट से हराया। आज यहां मुकाबलों की जानकारी देते हुए चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लेकिन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा के गेंदबाजों ने शुरू से ही मैच पर शिकंजा कसते हुए 15.2 ओवर में ही 85 रन पर आउट कर दिया। एलपीयू फगवाडा के कप्तान दिपिन ने 4 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट और अंकित ने 3 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट झटके। राजकोट टीम की ओर से केवल कश्यप 17 रन बना सके। इस लक्ष्य का पीछा करते एलपीयू फगवाडा ने अपने कप्तान की 4 छक्के व 8 चौकों की मदद से शानदार अर्धशतकीय पारी 25 गेंद पर 57 रन की बदौलत 8.2 ओवर में ही मैच जीत लिया।

बागी साथियों को हरीश रावत ने सुनाई खरी-खरी

टीम एक्शन इंडिया

ऋषिकेश: कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले पुराने साथियों पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने फिर से भड़ास निकाली है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर बिना नाम लिए अपने पुराने सहयोगियों को खरी-खरी सुनाई। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट साझा की। उन्होंने लिखा कि बिन कहे रहा न जाए, मीडिया कुरेद-कुरेद कर पूछ रहा है कि आपके कई करीबी हैं जिनको सारी नियामतें उनके गले में हार बनाकर डाल दी, वह भी क्यों साथ छोड़ रहे हैं?

हरीश रावत ने बताया नेताओं के पार्टी छोड़ने का कारण:

हरीश रावत ने लिखा कि सवालों के जवाब पर मैंने कहा हर किसी के नाराजगी के कुछ न कुछ कारण होते हैं। कुछ लोग इसलिए नाराज हैं, वह मेरे कार्यकाल में एक एसडीएम को एडीएम बनाने की सुपारी ले चुके थे। एक पूजनीय इसलिए नाराज हैं, स्वर्गाश्रम ऋषिकेश की कुछ संपत्तियों को मैंने उनके संगठन के नाम पर करने से इनकार कर दिया।

बाबा तरसेम सिंह की हत्या के चार साजिशकर्ता गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

रुद्रपुर (उधमसिंह नगर): नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या वर्चस्व को लेकर को गई थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल दोनों अभियुक्तों की मदद करने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस हत्याकांड के दोनों हत्यारोपित और साजिशकर्ता अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। बाबा तरसेम सिंह की हत्या गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब सहित तराई के अन्य डेरों पर वर्चस्व को लेकर की गई थी। इस हत्या के लिए सबरजीत सिंह और अमर जीत सिंह को 10 लाख रुपये की सुपारी दी गई। प्रथम किश्त के रूप में दोनों हत्यारोपितों को एक लाख साठ हजार रुपये एडवांस दिए गए थे। हत्या की इस साजिश में शाहजहांपुर के दिलबाग सिंह, पीलीभीत के अमनदीप सिंह काला,हरमिंदर सिंह और बलकार सिंह भी शामिल थे। आरोपित अमनदीप सिंह नानकमत्ता गुरुद्वारा का कर्मचारी था और उसकी सूचना के बाद ही अभियुक्त सबरजीत सिंह और अमर जीत सिंह ने डेरा कार सेवा परिसर में बैठे बाबा तरसेम की गोली सरकार हत्या की थी। हत्या के बाद दोनों अभियुक्त शाहजहांपुर पहुंचे थे। उन्होंने दिलबाग से पांच लाख रुपये लिए और फरार हो गए। एसएसपी मंजू नाथ टीसी ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इनपुट के आधार पर एसआईटी की टीम इन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सकी।

'मदरसा बोर्ड को भंग करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी यूपी सरकार'

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश में जो मदरसे मानकों के अनुरूप काम कर रहे हैं वो चलते रहेंगे। हाईकोर्ट ने धार्मिक शिक्षा देने वाले मदरसों के संबंध में निर्णय दिया था। उन्होंने कहा कि इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों और शिक्षकों को आसपास के अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मदरसा बोर्ड के मामले पर यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी और अपना पक्ष रखेगी। बता दें कि बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मदरसा बोर्ड को अवैध बताते हुए इसे भंग करने का आदेश दे दिया था। अब मामले में यूपी सरकार हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेगी। राजभर ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।

वहीं, सपा द्वारा मेरठ व बागपत में बार-बार प्रत्याशी बदलने और रामपुर में नामांकन को लेकर हुए घमासान पर राजभर ने मजाकिया लहजे में कहा कि सपा हमारी मदद कर रही है। भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। राजभर ने कांग्रेस द्वारा अमेठी व रायबरेली में प्रत्याशी घोषित न करने को लेकर कहा कि वो जानते हैं कि यहां से जीत नहीं मिलने वाली है इसलिए अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं कर सके हैं। इन दोनों सीटों पर भी भाजपा ही जीत दर्ज करेगी।

चुनाव आयोग ने नवादा में भेज नए डीएम-एसपी

नवादा: चुनाव आयोग ने प्रशांत कुमार को नवादा का डीएम तथा कार्तिकेय शर्मा को नवादा के नए एसपी के रूप में पदस्थापित किया है, जो अब नवादा में लोकसभा चुनाव कार्यो का संचालन करेंगे । चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रशांत कुमार को नवादा के डीएम के रूप में पदस्थापित किया गया है, जो अब चुनाव कार्यो का संचालन करेंगे ।वहीं उनके साथ कार्तिकेय शर्मा को नवादा का नया एसपी बनाया गया है । कई आरोपों को ध्यान में रखते हुए भारतीय चुनाव आयोग ने नवादा के डीएम आशुतोष कुमार वर्मा तथा एसपी अम्बरीष राहुल को हटा दिया था।

गैस वेंडर को गोली मारी, मौत

बेखौफ अपराधी

8 गोली चलते ही वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई

टीम एक्शन इंडिया

पटना: पटना में बेखौफ अपराधियों ने एक गैस वेंडर की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली चलते ही वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। आननफानन में स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा निवासी रंजीत कुमार (40) के रूप में की गई है। घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलते ही कंकडबाग की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई।

दो अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम: घटना के संबंध में गैस वेंडर के चालक राहुल ने बताया कि गुरुवार को वेंडर रणजीत राम के साथ अपने ठेला पर गैस लादकर अशोक नगर में गैस देने जा रहे थे। तभी बाइक पर सवार दो अपराधी वहां आये और रंजीत पर गोली चला दी। गोली रंजीत के सर में लगी। गोली लगते ही वह वहीं जमीन पर गिर पड़ा। इस बीच मोटरसाइकिल सवार वहां से तेजी से भाग निकला। राहुल ने जब पीछे मुड़कर देखा तो रंजीत बीच सड़क पर गिरकर छटपटा रहा था। राहुल ने बताया कि जब वह रंजीत के नजदीक पहुंचा, तो उसके सर से खून बह रहा था। तभी आसपास के लोग वहां पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कंकड़बाग थाने को दी। सूचना मिलते ही कंकड़बाग थाने की पुलिस और सदर एएसपी स्वीटी शेरावत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी।

सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस: घटना के संबंध में कंकड़बाग थाना प्रभारी का कहना है कि गैस सिलेंडर रंजीत कुमार को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी है।

बिहार में शराब तस्करों से पुलिस की मुठभेड़

टीम एक्शन इंडिया

गोपालगंज: गोपालगंज में यूपी के शराब माफियाओं ने बिहार पुलिस की टीम पर हमला किया है। फिर पुलिस ने भी कार्रवाई की जिसके कारण शराब माफियाओं को जान बचाकर भागनी पड़ी है। हालांकि पथराव में एक सब इंस्पेक्टर और एक चौकीदार जख्मी हो गए हैं। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज में भर्ती कराया गया जहां जांच और एक्सरे में यह पता चला की सब इंस्पेक्टर सरोज कुमार के दाहिने हाथ में एक गोली लगी है। गंभीर रूप से जख्मी सब इंस्पेक्टर को पटना मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना विशम्भरपुर थाना क्षेत्र के सलेहपुर गांव की है।

उत्तर प्रदेश के शराब माफिया शराब लेकर घुस रहे थे बिहार: घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के शराब माफिया शराब लेकर लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए गोपालगंज की तरफ गंडक नदी के रास्ते प्रवेश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही विशंभरपुर थाने की पुलिस ने घेराबंदी कर शराब माफियाओं की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस से घिरा देख यूपी के कुशीनगर जिले के शराब माफियाओं ने ग्रामीणों का सहारा लेकर पुलिस टीम पर पथराव और फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान गोपालगंज पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें सब इंस्पेक्टर सरोज कुमार के दाहिने हाथ में गोली लग गई। गंभीर रूप से जख्मी सब इंस्पेक्टर को पटना मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया है कि गंडक नदी का दुर्गम इलाका है, इसलिए शराब माफिया यूपी की तरफ भाग निकले।

निर्देश

रतनगढ़ में अट्ठारह करोड़ की लागत से पहला चरण शुरू

सड़कों पर अदा नहीं की जाएगी अलविदा और ईद की नमाज

आदेश

8 अलविदा की नमाज और ईद के दिन की नमाज सम्मानजनक तरीके से मस्जिद या ईदगाह के अंदर पढी जाएगी

टीम एक्शन इंडिया

बलिया: पवित्र रमजान माह की अलविदा की नमाज सड़क पर नहीं पढ़ी जाएगी। अलविदा की नमाज और ईद के दिन की नमाज सम्मानजनक तरीके से मस्जिद या ईदगाह के अंदर पढी जाएगी। यह संदेश डीएम रवीन्द्र कुमार ने गुरूवार को जनपदीय शांति समिति की बैठक में दिया। अपनी अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने एक-एक कर सभी शान्ति समिति के सदस्यों से बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनी और पूरी ज़िम्मेदारी के साथ समाधान कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। ज़िलाधिकारी ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है और कल अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद नौ अप्रैल को चैत्र मास नवरात्रि की शुरूआत हो जाएगी। 10 या 11 अप्रैल को ईद का त्यौहार,14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती और 17 अप्रैल को रामनवमी का त्यौहार मनाया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले सभी त्यौहार सकुशल और अच्छे वातावरण में संपन्न हुए हैं। कहा कि सभी जनपदवासी आगामी ईद के त्यौहार सहित अन्य त्यौहारों को भी परम्परागत, पूरे हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। साफ सन्देश दिया कि जिले में कोई नई परंपरा की शुरूआत नहीं होगी। कहा कि कोई ऐसा कार्य न किया जाए, जिससे किसी की भावना को ठेस पहुँचे। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि सड़क पर कोई भी नमाज नहीं पढेगा। उन्होंने अधिकारियों से चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के दृष्टिगत मंदिरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।